राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात·किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 चोट के कारण मेस्सी का सामना नहीं...

कांग्रेस ने मुम्बई की 3 सीटों पर... 12

वर्ष : 11 | अंक : 260 | पटना, शुक्रवार, 02 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 17°C
न्यूनतम तापमान 12°C

**बाजार**

सोना 64,640

चांदी 79,800

सेंसेक्स 71,645

निफ्टी 21,697

## संक्षिप्त खबरें

श्रद्धांजलि



पटना। भूपेंद्र नारायण मंडल की जयंती के अवसर पर पटना के श्री कृष्णा स्मारक भवन परिसर में उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी श्रद्धांजलि।

### झारखंड में ईडी कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई

रांची। झारखंड में जमीन घोटाले मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बुधवार हुई गिरफ्तारी के बाद ईडी की रांची स्थित जोनल कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गिरफ्तारी के बाद श्री सोरेन को ईडी के रांची के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में ही कल रात में रखा गया था। गुरुवार सुबह सीआरपीएफ के जवान दो बसों में सवार होकर ईडी कार्यालय पहुंचे। वहीं झारखंड पुलिस के जवान भी कैंप बनाकर ईडी कार्यालय के सामने जमे हुए हैं। वाटर कैनन, वज्र वाहन भी ईडी कार्यालय के बाहर तैनात किया गया है। कुछ आदिवासी संगठनों की ओर से आज झारखंड बंद की सूचना पर पुलिस ने यहां पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज ईडी कोर्ट में पेश करेगी और पूछताछ के लिए रिमांड की मांग कोर्ट से करेगी।

### 20 लाख रंगदारी की मांग, अपराधियों ने की बमबाजी

पटना सिटी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन का काम कर रहे बिल्डर के स्टाफ को कॉल कर 20 लख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी नहीं दिए जाने पर अपराधियों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर दो बम फेंक कर दहशत फैलाने का काम किया है। इस दौरान वहां काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बचे। इस संबंध में रवि होम्स प्रालि के निदेशक रवींद्र कुमार ने बताया कि अपराधियों ने 30 जनवरी को उनके स्टाफ शंकर के पास कॉल किया और 20 लाख रुपया रंगदारी देने की बात कही। साथ ही कहा कि जाकर बिल्डर को बता दो, वरना अंजाम बुरा होगा। रंगदारी की मांग करने वाले ने अपना नाम स्वरांश बताया है। उसके द्वारा किए गए हर कॉल को मोबाइल में रिकॉर्ड किया गया है। उसने यहां तक कहा कि सरस्वती पूजा पर रंगदारी नहीं देने पर गोलू हत्याकांड का याद सबों को होगा। इस संबंध में बिल्डर के द्वारा लिखित शिकायत बहादुरपुर थाना में दिया गया है। पूरे मामले पर अनुसंधान जारी है।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोस में पेश किया 2024-25 का अंतरिम केंद्रीय बजट

# महिलाओं व किसानों पर मोदी सरकार का विशेष जोर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम केंद्रीय बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में महिलाओं और किसानों के लिए कई ऐलान किए हैं, लेकिन करदाताओं को अभी कोई राहत नहीं दी है। वित्त मंत्री ने परंपरा को निभाते हुए अंतरिम बजट में टैक्स दरों को अपरिवर्तित रखा है। तीन लाख रुपये तक की आय ही टैक्स फ्री है। सीतारमण का यह छठा और मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है। सीतारमण ने अपने 58 मिनट लंबे बजट भाषण में कहा कि राजकोषीय घाटा 5.1 फीसदी रहने का अनुमान है। 44.90 लाख करोड़ रुपये का खर्च है और 30 लाख करोड़ रुपये का राजस्व आने का अनुमान है। अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2024-25 में देश के बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय को 11 फीसदी बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 फीसदी करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में पूंजीगत व्यय तीन गुना होने से आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन पर कई गुना प्रभाव पड़ा है। वित्त मंत्री ने कहा कि जुलाई में पूर्ण बजट में हमारी सरकार विकसित भारत के लक्ष्य का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत करेगी। इससे पहले वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण की शुरूआत में कहा कि हमारी सरकार ने सबका साथ-सबका विकास की धारणा को मजबूत किया है। दस साल में आयकर संग्रह तीन गुना बढ़ गया है। सरकार वित्त वर्ष 2024-25 में दिनांकित प्रतिभूतियां जारी कर बाजार से 14.13 लाख करोड़ रुपये जुटाएगी। माल एवं सेवा कर ने अनुपालन बोझ को कम कर दिया है, जबकि औसत मासिक जीएसटी संग्रह दोगुना होकर 1.66 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि उन्होंने परंपरा को निभाते हुए अंतरिम बजट 2024 के दौरान टैक्स दरों को अपरिवर्तित रखा है। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में आयात शुल्क सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए समान कर दरों को बनाए रखने का प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा कि घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीपों पर बंदरगाह कनेक्टिविटी, पर्यटन बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। सीतारमण ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40 हजार सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को भी कवर किया जाएगा। कृषि क्षेत्र की और वृद्धि के लिए सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में सार्वजनिक और निजी निवेश को और बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद हमने पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत तीन करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ, जबकि दो करोड़ घर अगले पांच साल में और बनाए जाएंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर भारत और दूसरे देशों के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नागरिक प्रथम और न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन दृष्टिकोण के साथ जवाबदेह, जनकेंद्रित और विश्वास आधारित प्रशासन प्रदान किया है। तीन प्रमुख आर्थिक रेलवे कॉरिडोर लागू किए जाएंगे। इसमें पहला ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉरिडोर, दूसरा पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर और तीसरा उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को और सक्षम करने के लिए पीएम गतिशक्ति के तहत परियोजनाओं की पहचान की गई है।






## अतरिम बजट का पूंजीगत व्यय

**नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में वित वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया जिसमें पूंजीगत व्यय इस प्रकार है: कुल बजट --- 4765767 करोड़ रुपए**

| | |
|---|---|
| पेंशन | 239612 करोड़ रुपए |
| रक्षा | 454773 करोड़ रुपए |
| सब्सिडी | 381175 करोड़ रुपए |
| कृषि और सम्बंधित गतिविधियां | 146819 करोड़ रुपए |
| वाणिज्य एवं उद्योग | 45958 करोड़ रुपए |
| पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास विभाग | 5900 करोड़ रुपए |
| शिक्षक | 124638 करोड़ रुपए |
| ऊर्जा | 76320 करोड़ रुपए |
| विदेश मंत्रालय | 22155 करोड़ रुपए |
| वित्त मंत्रालय | 87642 करोड़ रुपए |
| स्वास्थ्य | 90171 करोड़ रुपए |
| गृह मंत्रालय | 139328 करोड़ रुपए |
| ब्याज | 1190440 करोड़ रुपए |
| आईटी एवं दूरसंचार | 115552 करोड़ रुपए |
| नियोजन एवं सांख्यिकी | 6291 करोड़ रुपए |
| ग्रामीण विकास | 265808 करोड़ रुपए |
| विज्ञानिक विभाग | 32169 करोड़ रुपए |
| सामाजिक कल्याण | 56501 करोड़ रुपए |
| कर प्रशासन | 203297 करोड़ रुपए |
| राज्यों को हस्तांतरण | 286787 करोड़ रुपए |
| परिवहन | 544039 करोड़ रुपए |
| केंद्रशासित क्षेत्र | 65541 करोड़ रुपए |
| शहरी विकास | 77524 करोड़ रुपए |
| अन्य | 123136 करोड़ रुपए |

## पूंजीगत व्यय 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ किया गया

### वित्त वर्ष 2023-25 के अंतरिम बजट से जुड़ी मुख्य बातें

**टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट बृहस्पतिवार को पेश किया। अंतरिम बजट से जुड़ी मुख्य बातें : बुनियादी ढांचा के विकास के लिए पूंजीगत व्यय 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये किया गया। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत होगा। प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष करों की मौजूदा दरों को बरकरार रखा गया। पिछले 10 साल के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह तिगुना, रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 2.4 गुना बढ़ी। वित्त वर्ष 2009-10 तक की अवधि से जुड़ी 25 हजार रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांग को वापस लिया जाएगा वित्त वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की 10 हजार रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांग को वापस लिया जाएगा। सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश, स्टार्टअप के लिए कर लाभ 31 मार्च 2025 तक बढ़ाया गया। आईएफएससी इकाईयों की कुछ आय पर कर रियायत को एक साल बढ़ाकर 31 मार्च 2024 से 31 मार्च 2025 किया गया। खुदरा व्यवसायों के अनुमानित कराधान के लिए कारोबार सीमा को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ रुपये किया गया। पेशेवरों के लिए अनुमानित कराधान सीमा को 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 75 लाख रुपये किया गया। वर्तमान घरेलू कंपनियों के लिए कॉरपोरेट आयकर दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत की गई। विनिर्माण क्षेत्र की नई कंपनियों के लिए कॉरपोरेट आयकर कर दर 15 प्रतिशत की गई। वित्त वर्ष 2024-25 में उधारी के अलावा कुल प्राप्तियां तथा कुल व्यय क्रमशः 30.80 लाख करोड़ रुपये और 47.66 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान। कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना। वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिए सकल तथा शुद्ध बाजार उधारी क्रमशः 14.13 लाख करोड़ रुपये और 11.75 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान। 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के साथ एक लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया जाएगा। कोष से दीर्घकालिक वित्त पोषण या पुनर्वित्तपोषण कम या शून्य ब्याज दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। पीएम-आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अगल पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का लक्ष्य लिया जाएगा।

छत पर सौर प्रणाली लगाने से एक करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली प्राप्त करेंगे। आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को भी शामिल किया जाएगा। पीएम गतिशक्ति के तहत तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रमों की पहचान की गई है। 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप बदला जाएगा। वर्ष 2030 तक 100 मीट्रिक टन की कोयला गैसीकरण और तरलीकरण क्षमता स्थापित की जाएगी। राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न पड़ावों से जुड़े सुधार के लिए 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपये के प्रावधान का प्रस्ताव। राज्यों के पूंजीगत व्यय के लिए 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण योजना कुल 1.3 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस वर्ष भी जारी रखी जाएगी।

## 2047 के लक्ष्य में सभी का विकास होगा सुनिश्चत: सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि हमारी सरकार सर्वांगीण, सर्वसमावेशी और सर्वव्यापी विकास की दिशा में काम कर रही है और 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य में किसानों, गरीबों तथा अन्य सभी वर्गों को शामिल कर उनका विकास सुनश्चित करने के लिए काम कर रही है। श्री सीतारमण ने लोकसभा में वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है इसलिए इस लक्ष्य में सभी लोगों के विकास को महत्व दिया गया है और इस योजना में पूरा देश आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। समावेशी विकास और वृद्धि, विकास को लेकर मानवीय दृष्टिकोण अहम भूमिका निभा रहा है और ग्राम स्तर तक नये प्रावधान पहले के दृष्टिकोण से अलग और परिणामकारी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान माहौल में वैश्विक चुनौतियां अधिक चुनौतीपूर्ण हो रही है। इसकी बड़ी वजह यह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है, कई देशों में विकास की दर घट रही है जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था इन सब परिस्थितियों के बीच तेजी से आगे बढ रही है और सभी वर्गों के विकास को सुनिश्चित कर रही है। उनका कहना था कि उनकी सरकार ने देश के सवार्गीण विकास के लिए प्रकृति के अनुकूल काम करते हुए आगे बढ़ने का काम किया है। सरकार ने देश के विकास कार्यक्रमों ने समाज के हर वर्ग को लक्षित करते हुए सबके लिए आवास, हर घर जल, बिजली, रसोई गैस और रिकॉर्ड समय में बैंक खाते खोलकर लोगों को आर्थिक विकास से जोड़ा है।



## अंतरिम बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य : नीतीश

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया अंतरिम बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य बताया है। मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि बजट में उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नए रेलवे इकोनॉमिक कॉरिडोर की शुरूआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। वहीं सरकार द्वारा मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लाने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। इसके तहत किराए के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा। साथ ही उद्योगों के विकास के लिए स्टार्ट अप के टैक्स स्लैब में 1 साल की छूट से औद्योगिक विकास के कार्यों को गति मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढेंगे। मनरेगा के बजट में वृद्धि से ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## हेमंत सोरेन की याचिका पर न्यायालय में सुनवाई आज

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन की धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद धनशोधन के एक मामले में बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी ने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन के आरोपों को लेकर सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद बुधवार को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। सोरेन ने पहले झारखंड के उच्च न्यायालय में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी और आज उन्होंने अपने वकीलों के माध्यम से उच्चतम न्यायालय का रुख किया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ बृहस्पतिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हुई। झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी सोरेन की अपील पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करने वाले थे।

## आम बजट पिछड़े और उत्पीड़ित वर्गों को सशक्त और उत्थान करेगा: नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि आम बजट दलितों, आदिवासियों, किसानों, पिछड़े और उत्पीड़ित वर्गों को सशक्त और उत्थान करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के मोदी सरकार के संकल्प को और गति देगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट से देश में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है जो लोगों को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर ले जाएगा और अगले कुछ दिनों में शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

## बजट में दलित, आदिवासी, पिछड़ों के लिए कुछ भी नहीं: मल्लिकार्जुन

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कहा कि मोदी सरकार का बजट जनता का भाजपा पर लगातार गिरते विश्वास का सबूत है। बजट में बेरोजगारी का हल ढूंढ़ने की कोई भी कोशिश नहीं की गई है। खरगे ने कहा कि हर घर महंगाई है, आम इन्सान की आफत आई है। बजट में ऐसा कुछ नहीं है जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में कोई भी कमी आए। आटा, दाल, दूध, रसोई गैस इन सबका दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने देश को लूटा है। बजट में दलित, आदिवासी, पिछड़ों के लिए कुछ भी नहीं।

### नौकरियां पैदा करने और महंगाई से निपटने के लिए कोई विजन नहीं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं है। मित्र काल बजट में नौकरियां पैदा करने या महंगाई से निपटने के लिए कोई विजन नहीं है। असमानता को दूर करने का कोई इरादा नहीं है।

## ज्ञानवापी : अदालत के आदेश के चंद घंटे बाद खोला गया व्यास जी का तहखाना, हुई पूजा

प्रात : किरण

वाराणसी/एजेंसी। वाराणसी जिला अदालत द्वारा हिंदू समुदाय को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिये जाने के चंद घंटों बाद बुधवार देर रात तहखाने को खोलकर उसमें पूजा की गई। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर तंज करते हुए इसे नियत प्रक्रिया से परे गतिविधि करार दिया है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे



31 साल बाद व्यास जी का तहखाना पूजा-पाठ के लिये खोला गया और उसकी साफ-सफाई करायी गयी। इस सवाल पर कि क्या तहखाने में पूजा शुरू हो गई है। पांडेय ने कहा, जैसा कि न्यायालय का आदेश था, उसका पालन करना भी जरूरी था तो जिला प्रशासन ने बड़ी मुस्तैदी के साथ सारी व्यवस्था कर दी है। मुझे लगता है कि और जो भी कमी रह गई है उसे धीरे-धीरे पूरा कर लिया जाएगा। इस सवाल पर कि आज तहखाने के अंदर क्या हुआ, जिलाधिकारी एस. राजालिंगम ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैंने अदालत का जो आदेश है उसका अनुपालन किया है। कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि साफ सफाई के बाद तहखाने में लक्ष्मी-गणेश की आरती की गयी।

**ऐतिहासिक** | **पीएम ने आम बजट को ऐतिहासिक, समावेशी और नवोन्मेषी करार दिया**

## बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी : मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम आम बजट को ऐतिहासिक, समावेशी और नवोन्मेषी करार दिया और कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। बजट पेश होने के बाद प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश के जरिए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह देश के भविष्य के निर्माण का बजट है जो विकसित भारत के चार स्तंभों क्रमशः युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा, आज का ये बजट समावेशी और नवोन्मेषी बजट है। इस बजट में निरंतरता का विश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए मोदी ने कहा कि इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षा का प्रतिबिंब भी है। उन्होंने कहा, बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। शोध और नवोन्मेष पर एक लाख करोड़ रुपये का फंड बनाने की घोषणा की गई है। बजट में स्टार्टअप्स को मिलने वाली टैक्स छूट के विस्तार का ऐलान भी किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पुंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है। उन्होंने कहा, अर्थशास्त्रियों की भाषा में कहें तो ये एक प्रकार से स्वीट स्पॉट है। इससे भारत में 21वीं सदी के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के साथ ही युवाओं के लिए अनगिनत रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। मोदी ने कहा कि बजट में वंदे भारत स्टैंडर्ड की 40 हजार आधुनिक बोगियां बनाकर, उन्हें सामान्य यात्री ट्रेनों में लगाने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे देश के अलग-अलग रेल रूट पर करोड़ों यात्रियों में आरामदायक यात्रा का अनुभव बढ़ेगा। उन्होंने कहा, इस बजट में गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त करने और उनके लिए आय के नए अवसर बनाने पर भी जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज आयकर से संबंधित जिस नई योजना की घोषणा की गई, उससे मध्यम वर्ग के एक करोड़ लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा, पिछली सरकारों ने सामान्य जन के सिर पर दशकों से ये बहुत बड़ी तलवार लटका कर रखी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार एक बड़ा लक्ष्य तय करती और उसे हासिल करने के बाद उससे भी बड़ा लक्ष्य तय करती है। उन्होंने कहा, गांवों और शहरों में गरीबों के लिए हमने चार करोड़ से अधिक घर बनाए और अब हमने दो करोड़ और घर बनाने का लक्ष्य रखा है। हमने दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, अब इसे बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### टेंपो से टकराकर वृद्ध जख्मी

फतुहा। गुरुवार को नदी थाना क्षेत्र के सम्मसपुर में तेज रफ्तार से चल रही एक टेंपो से टकराकर एक साठ वर्षीय वृद्ध गंभीर रुप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में 112 की टीम उसे सीएचसी में भर्ती कराया। बाद में परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए सीएचसी से बाहर लेकर चले गये। वृद्ध नालंदा जिले के तेलहारा थाना क्षेत्र के धनगामा गांव निवासी कपिल जमादार के रुप में हुई है। बताया जाता है कि वह एक दाह संस्कार में शामिल होने के लिए फतुहा श्मशानघाट आया था तभी वह हादसे का शिकार हो गया।

### पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को भारत रत्न देने की मांग

दानापुर। जनसेवा क्षत्रिय विकास समिति के संस्थापक अध्यक्ष दीवाकर सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को भारत रत्न देने की मांग प्रधानमंत्री से की है। श्री सिंह ने बताया कि देश के नौवें प्रधानमंत्री के साथ चंद्रशेखर बलिया लोक सभा से आठ बार सांसद रहे थे। विद्यार्थी राजनीति जीवन में फायरब्रांड के नाम से जाने जाते थे। उनका सपना था कि अगर गांवो को विकास हो जाये तो भारत का अपने आप विकास हो जायेगा। उन्हे 1995 में आउटस्टैडिंग पार्लियामेंटरियन अवार्ड मिला था। ऐसे व्यक्ति महान समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को भारतरत्न से सम्मानित किये जाने आमजनो को खुशी होगी। दीवाकर सिह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को भारतरत्न देने की मांग की।

### शॉटपुट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया: राहूल दयाल

दानापुर। राष्ट्रीय खेल में परचम लहरा दानापुर का दिव्यांग राहूल दयाल बुधवार को भी दिव्यांग खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। राहूल दयाल बिहार राज्य खेल सम्मान भी प्राप्त कर चुके है। बुधवार को खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पटना जिला दिव्यांग खेल प्रतियोगिता में राहूल ने अपना प्रदर्शन करते हुए शॉटपुट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जिससे राहूल प्रसन्न दिखे। लोगो ने इसके लिए उन्हे बधाई दी। राहूल ने बताया कि जल्द ही इंटरनेशनल रग्बी चैंपियनशिप में ट्रेल होने वाला है जिसके तयारी के लिए उन्हें दिल्ली जाउंगा। इस प्रतियोगिता में पटना जिला के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थानों के 150 से अधिक दिव्यांग बालक, बालिका व खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स की विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया। जिसमें राहूल दयाल को शॉटपुट में जिला खेल पदाधिकारी ओम प्रकाश ने गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पटना जिला का प्रतिनिधित्व करेगे।

### सैदपुर नाला को पाट सड़क निर्माण जल्द हो शुरू

पटना सिटी (प्राकि)। जन संघर्ष मोर्चा सहित अनेक सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से सैदपुर नाला को पाट कर कर सड़क बनाने को संघर्ष और आंदोलन किया। कार्य होने के बाद मुख्यमंत्री एवं तत्कालीन उपमुख्यमंत्री के प्रयास से बिहार विधानसभा में सड़क निर्माण कार्य करने का प्रस्ताव पारित हुआ। करीब 259 करोड़ का बजट भी स्वीकृत इस नाला निर्माण के लिए किया गया। सड़क बनाने के लिए शिल्यान्यास का कार्यक्रम भी हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुडको के द्वारा यह निर्माण कार्य किया जाना है। शिलान्यास के अनेक माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य का शुरु नहीं होने से ऐसा प्रतीत होता है कि निर्माण एजेंसी इस कार्य के प्रति गंभीर नहीं है। विदित हो कि सैदपुर नहरनुमा नाला में गिर कर अनेक लोगों की मौत हो चुकी है। इस नाले को लोग मौत का नाला कहने लगे हैं। जनसंचार समोसा के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक देवरत्न प्रसाद ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं नगर विकास विभाग से मांग कि है कि नाला को पाट कर सड़क निर्माण कराने का कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि नाला में गिर कर हो रहे मौत से लोगों को बचाया जा सके। साथ ही इलाके का भी विकास हो तथा आने-जाने में लोगों को सुविधा मिले।

### महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा को, नई कार्यसमिति गठित

पटना सिटी। महाशिवरात्रि के अवसर पर आठ मार्च को पटना सिटी में भगवान शिव की बारात (शोभायात्रा) निकाली जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा समिति की नई कमेटी का गठन किया गया है। मालसलामी में गुरुवार को समिति के सदस्यों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से फिर से लक्ष्मी नारायण साह अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने नई कार्यसमिति की घोषणा भी की। इसमें महामंत्री जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी एवं शाह कमल कृष्ण, उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्रा, धीरेंद्र सिंह, लल्लू शर्मा, दिलीप चौधरी, मनोज वर्मा, उदय कृष्ण यादव, किशोरी प्रसाद, सुरेश सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष राजेश चंद्रवंशी, मंत्री में हरेंद्र यादव, विनय केसरी, संतोष जायसवाल, अजय कुमार, कौशल शर्मा, मुकेश अग्रहरि, अमूल्य कुमार दिवाकर, जगनारायण केसरी, संयोजक राजेश साह, प्रचार प्रभारी पंकज गुप्ता पूजा, प्रभारी राजेश यादव सहित 151 कार्यसमिति सदस्य बनाए गए।

# रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा सीएमई का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग, एम्स-पटना के स्थापना दिवस के अवसर पर एम्स-पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. (प्रोफेसर) जीके पाल के मार्गदर्शन में एम्स-पटना के सभागार में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा एक सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई का थीम ह्लप्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ परिवर्तन को अपनाना- आगे बढ़ने का रास्मा ह्व कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. प्रीतांजलि सिंह के स्वागत भाषण और गणमान्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. जी. के. रथ, पूर्व प्रमुख डा.बी. आर. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी हॉस्पिटल और हेड एनसीआई झझर (एम्स, दिल्ली), डॉ. बी. सान्याल, महावीर कैंसर संस्थान, डॉ. जे. के. सिंह, एस. एस. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, पटना, डॉ. सी.एम. सिंह, डीन (अकादमिक), एम्स पटना, डॉ. अनुप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, एम्स पटना, डॉ. प्रेम कुमार, (डीन रिसर्च), एम्स पटना। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) प्रीतांजलि सिंह ने रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग का अवलोकन प्रस्तुत किया।

विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग दो उच्च लीनियर एक्सेलरेटर, एक ब्रेकी थेरेपी इकाई, एक सीटी सिम्युलेटर और सक्रिय श्वास नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित है। डॉ. नीलेश मणि (सहायक प्रोफेसर) ने एम्स-पटना के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग का ऑडिट प्रस्तुत किया, जिसमें 2023 में ओपीडी में 25873 मरीजों को परामर्श दिया गया और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में 3058 नए कैंसर रोगी पंजीकृत हैं। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ. हरिकेश बहादुर सिंह (सहायक प्रोफेसर) ने रेडियोथेरेपी में एक्टिव ब्रेडथ को-ऑर्डिनेटर (एबीसी) के अनुप्रयोग के बारे में बताया। डॉ. इंद्रनील मल्लिक (वरिष्ठ सलाहकार) रेडिएशन ऑन्कोलॉजी टीएमसी, कोलकाता ने ऑन्कोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका प्रस्तुत की। डॉ. अजीत कुमार गांधी (अतिरिक्त प्रोफेसर) आरएमएल लखनऊ ने गाइनी ऑन्कोलॉजी में प्रगति और इसके प्रबंधन में ब्रैकीथेरेपी के महत्त्व पर व्याख्यान दिया। स्थापना दिवस भाषण हमारे मुख्य अतिथि डॉ. जी. के. रथ द वारा कैंसर के प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की प्रगति किया गया। उन्होंने भारत में ऑन्कोलॉजी की प्रगति की समस्याओं और रुझानों और नई पीढ़ी के लिनैक की भूमिका के बारे में जानकारी दी। प्रमुख ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. पी. एन. पंडित, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. विनीता त्रिवेदी, डॉ. ऋचा माधवानी, डॉ. सुबाष कुमार, डॉ. स्नेहा झा, डॉ. राजेश क्र. सिंह, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. ऋचा चौहान इस अवसर की शोभा बढ़ा रहे थे। 31 जनवरी 2024 को कैंसर जागरूकता के लिए चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. प्रीतांजलि सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# चोरों ने 7 लाख की संपत्ति पर किया हाथ साफ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के काठ के पुल मथनी तल मुहल्ला में चोरी की घटना हुई। माला पंडित के घर चोरों ने करीब सात लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। पीड़ित धीरज ने बताया कि मकान में ताला बंद कर मां के साथ कोलकाता गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने मेन गेट और मकान का ताला तोड़ कर तीन लाख रुपया और चार लाख के आभूषण, कीमती सामान चोरी कर लिया। बुधवार को जब वापस लौटे, तब चोरी का मामला प्रकाश में आया। पीड़ित की सूचना पर मौके पर मेहंदीगंज थाना पुलिस मामले में छानबीन की। पुलिस सीसीटीवी को भी खंगाला है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# चादरपोशी कर मांगी अमन-चैन की दुआ

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। दाता भंवर शाह रहमतुल्ला अलैह के 306वें उर्स मुबारक महेंद्रू पोस्ट ऑफिस के समीप में स्थित मजारशरीफ पर गुरुवार को हुआ। इसमें जायरीनों ने चादरपोशी कर अमन-चैन की दुआएं मांगी। मजार के खादिम मो इकबाल शाह ने बताया कि सुबह में इदार ए सरिया व दारूल कुरान से आए बच्चों ने कुरानखानी से इसकी शुरूआत की। इसके बाद मिलाद का आयोजन शाम में किया गया। इसमें मौलाना मो मुफ्ती गुलाम सुभानी ने तकरीर की। इस मौके पर मदरसा से आए बच्चों की ओर से फरदीन अजीमाबादी की देखरेख नात की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद चादरपोशी कर अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी गयी। आयोजन में सूफी कव्वाली की प्रस्तुति चांद बारसी की टीम के द्वारा पेश किया गया। उर्स को लेकर मजार पर सुबह से ही जायरीनों व अकीदतमदों की भीड़ दुआ करने व फूल और कपड़े का चादर, इत्र चढ़ाने के लिए पहुंच रही थी।

# भाकपा-माले ने प्रतिवाद मार्च निकाला

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। गुरुवार को भाकपा माले के सैंकड़ों कार्यकताओं ने आंदोलनकारियों पर फर्जी मुकदमा वापस लेने को लेकर सरकार के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला। यह मार्च महारानी चौक, चौराहा होते हुए स्टेशन रोड रेलवे गुमटी तक पहुंचा जहां सभा में तब्दील हो गया। इस संबंध में भाकपा माले प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने कहा कि पालीगंज में ट्रक हादसे में मारे गए परिवार को मुआवजा के लिए आंदोलन कर रहे आंदोलनकारियों पर सरकार द्वारा फर्जी मुकदमा किया गया है। जिसे सरकार को वापस लेना होगा। अगर सरकार आंदोलनकारियों के फर्जी मुकदमा वापस नहीं लेती है तो आंदोलन को और मजबूत करेंगे। पालीगंज के सरकारी भवन को तोड़-फोड़ करने वाले पदाधिकारी को बर्खास्त किया जाए, सरकार आंदोलनकारियों के ऊपर फर्जी मुकदमा डाल करके धड़पकड़ कर रही है ।

# भारत में बढ़ते कैंसर मरीजों की संख्या चिंताजनक विषय: डॉ. वीपी सिंह



- मरीजों को मिलेगी निःशुल्क परामर्श एवं संबंधित जांच की सेवा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सवेरा कैंसर अस्पताल में सात दिनों तक (1 से 7 फरवरी) निःशुल्क परामर्श एवं संबंधित जांच कराया जायेगा। गुरुवार को अस्पताल परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उक्त घोषणाएं की गई। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि भारत में बढ़ते कैंसर मरीजों की संख्या एक चिंताजनक विषय है। कैंसर सेंटर भारत में बहुत ही कम है और मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बिहार में कैंसर अस्पतालों की कमी के कारण बिहार के मरीजो को बिहार से बाहर इलाज के लिए जाना पड़ता था। अब बिहार के मरीजों को अपने इलाज के लिए बाहर जाने की जरुरत नहीं है। यहां एक छत के नीचे कैंसर कि सारी चिकित्सा पद्धति मौजूद है। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पद्मश्री डॉ. आरएन सिंह ने कहा कैंसर का इलाज मुख्यतः तीन प्रक्रिया से होता है सर्जरी, कीमोथेरेपी एवं रेडियोथेरेपी। उक्त अस्पताल में ये तीनों सुविधाओं के साथ प्रमुख जांच भी उपलब्ध है। इस अवसर पर डॉ. आकाश कुमार सिंह, डॉ. विशाल मोहन सिंह, डॉ. अविनाश पांडेय, डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. अमृता राकेश, डॉ. नीता झा, डॉ आरके सक्सेना, डॉ. शमीउल्लाह, डॉ. विवेक पांडेय, डॉ. हिमांशु प्रकाश, डॉ. सरकार, डॉ. इरम, डॉ संजय आदि मौजूद थे।

# छात्रों के बीच वितरण किया गया स्कूल बैंग

प्रात : किरण संवाददाता



पालीगंज/ प्रखंड सह अनुमंडल क्षेत्र के निरखपुर गांव स्थित अनुसूचित प्राथमिक विद्यालय में छात्रों के बीच बैगो का वितरण कर छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। जानकारी के अनुसार सरकार के निदेर्शानुसार प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बैगों का वितरण किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को पालीगंज अनुमंडल सह प्रखंड क्षेत्र के निरखपुर गांव स्थित अनुसूचित प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय की ओर से 26 छात्रों के बीच बैगों का वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक विमल कुमार ने बताया कि वितरण कद दौरान वैसे छात्र व छात्राएं जो विद्यालय में प्रतिदिन उपस्थित रहते है या जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक है उनको प्राथमिकता दी गयी है। ताकि अन्य छात्र व छात्राएं भी प्रेरित होकर प्रतिदिन पढ़ने के लिए विद्यालय पहुंचे। साथ ही उन्होंने बताया कि बैगों के साथ साथ, पानी बोतल, टिफिन बॉक्स व अन्य पाठन सामग्रियां दी गयी है। मौके पर मेरा पतौना पंचायत के मुखिया विजय यादव, पत्रकार वेद प्रकाश, राजदेनी यादव, शिक्षक हरि लाल प्रसाद, स्मिता कुमारी व सलोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# राजद कार्यालय में मनी बीएन मंडल की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान समाजवादी नेता स्व भूपेन्द्र नारायण मंडल की जयंती प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल की अध्यक्षता में मनाई गयी। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल ने कहा कि स्व भूपेन्द्र नारायण मंडल महान समाजवादी नेता तथा आजादी के योद्धा थे।

इन्होंने 1921 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के असहयोग आन्दोलन में छात्रों का नेतृत्व किया। इनका सार्वजनिक जीवन वकालत पेशा से 1930 में आरंभ हुआ। वे 1940 में मधेपुरा के छात्रों द्वारा छुआछूत मिटाओ आन्दोलन में इन्होंने मुख्य भूमिका निभाई। 1957 के आम चुनाव में भूपेन्द्र नारायण मंडल सोशलिस्ट पार्टी के विधायक बनें। वे 1968 तथा 1972 में दो बार राज्यसभा सांसद बनें। वे परतंत्र भारत में दो बार तथा स्वतंत्र भारत में चार बार जेल भी गये। वे गरीब गुरबों की लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक जीवनपर्यन्त लड़ते रहें। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक मनोज कुमार यादव, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, पूर्व विधायक गौतम सागर राणा, उपेन्द्र पासवान, मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, प्रदेश महासचिव मो फैयाज आलम कमाल, बल्ली यादव, निराला यादव, भाई अरूण कुमार, संजय यादव, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता संजय यादव सहित दर्जनों गणमान्य नेताओं ने स्व भूपेन्द्र नारायण मंडल जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लोहा का पुल के पास अपराधियों ने सब्जी विक्रेता को मारी गोली



- एक खोखा बरामद, सीसीटीवी में दो -तीन अपराधी दिख रहा, चेहरा स्पष्ट नहीं
- पिछले साल घायल के बेटे की चाकू गोद की गई थी हत्या, केस उठाने की धमकी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के लोहा के पुल मस्जिद के पास सब्जी विक्रेता अधेड़ की अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। उन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन की, जहां एक खोखा बरामद किया गया है। पुलिस घटना का कारण पुरानी रंजिश का परिणाम बता रही है। कारण कि पिछले साल घायल गोपाल महतो के बेटे टुनटुन महतो की हत्या चाकू से गोदकर कर दी गई थी। रानीपुर कसबा से थोड़ा आगे के रहने वाले करीब 65 साल के गोपाल महतो सब्जी बेचने का काम करते हैं।

उनका कटरा चौघड़ा के पास है। सुबह करीब सात बजे वह पैदल जा रहे थे कि इसी दौरान उन्हें सटा कर नजदीक से गोली मारी गई। गोली उनके कंधे से आर-पार हो गई। हालांकि अपराधियों ने दूसरी गोली भी चलाई, मगर निशाना चूक गया। भीड़-भाड़ वाला इलाका होने के बाद भी अपराधियों ने घटना को अंजाम देने का दुस्साहस किया और लोग मूकदर्शक बनकर दुबके रहे। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी हथियार लहराते भाग निकले। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार का कहना है कि जैसे ही घटना की सूचना मिली, गश्ती दल खजूर बाड़ी की ओर शराब की छापामारी में लगी थी। पुलिस को तुरंत वहां भेजा गया। उन्हें इलाज के लिए एनएमसीएच के इमरजेंसी में ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है, जहां इलाज चल रहा है। घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा भी बरामद किया है। बताया जाता है कि पांच-छह की संख्या में रहे हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। उनमें से एक ने पिस्तौल निकाल कर नजदीक से सटा कर हत्या करने के ख्याल से गोली चला दिया। गोली कंधा से आर-पार हो गया। इसके बाद अपराधी वहां से हथियार लहराते हुए भाग निकले। मौके पर पहुंचे एसआई सृष्टि नीलकंठ ने मामले की छानबीन की और एक खोखा भी वहां से बरामद किया है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिछले वर्ष 2022 में घायल गोपाल महतो के बेटे टुनटुन महतो की भी चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई थी। संभावना जताई जा रही है कि उस कांड का मुकदमा खुल गया था और इसी माह फरवरी में तारीख भी था। उक्त घटना में नामजद के द्वारा टुनटुन महतो को उक्त मामले में समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था, मगर वह इसके लिए तैयार नहीं थे। हाल में ही ऐसे में उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल की स्थिति ठीक है, मगर चिकित्सकों ने अधिक बोलने से मना कर रखा है। ऐसे में उनका बयान महत्वपूर्ण है। पुलिस ने सीसीटीवी को भी खंगाला है। इसमें दो-तीन अपराधी भागते हुए दिख रहा है, मगर उन सबों का चेहरा स्पष्ट नहीं है। फिर भी पुलिस का मानना है कि अपराधों का हुलिया, रंग व कद-काठी के आधार पर परिजन की मदद से पहचान की जा सकेगी। कारण कि अपराधी चेहरे को ढंक रखा था। अब पुलिस को घायल के बयान का इंतजार है।

# मुसल्लहपुर कृषि उत्पादन बाजार समिति का प्रधान सचिव ने किया निरीक्षण

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता



मुसल्लहपुर बाजार समिति को विकसित करने की योजना पर चल रहे कार्य की प्रगति को देखने गुरुवार को कृषि विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार अग्रवाल पहुंचे। यहां कराए जा रहे कार्य की प्रगति को उन्होंने देखा। निरीक्षण के दौरान निदेशक आलोक रंजन घोष, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, एसडीओ गुंजन सिंह के अलावा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अभियंता आदि भी थे। एसडीओ ने बताया कि मॉडर्न बाजार समिति में फल, सब्जी और मछली मंडी के दुकानदारों के लिए आधुनिक दुकान बना कर उपलब्ध कराने के लिए जो कार्य चल रहा है, उसकी की प्रगति को देखा गया है। निरीक्षण के दौरान पटना फ्रूट वेजिटेबल एसोसिएशन के अध्यक्ष शशिकांत प्रसाद पप्पू ने प्रधान सचिव को मंडी में आने वाले फल, सब्जी और मछली के भंडारण के लिए अत्याधुनिक सीए स्टोर का निर्माण कराने, फलों को पकाने के लिए चैंबर बनाने के साथ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए कहा। इसमें जिन लाइसेंसी दुकानदारों का निधन हो गया है, उसके आश्रित को दुकान का आवंटन करने, कारोबार की अनुज्ञप्ति प्राप्त मगर तिरपाल में कारोबार कर रहे लोगों को आवंटन में प्राथमिकता, कारोबारी की पहचान एवं सूचीबद्ध कर परिसर में शैंडी शॉप की दुकान के आवंटन में प्राथमिकता के साथ ही परिसर से अतिक्रमण को हटाने, यार्ड में आने वाले वाहनों को नो एंट्री से मुक्त करने आदि से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया।

# पार्षद व समाजसेवी ने किया कंबल का वितरण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुलतानगंज थाना क्षेत्र के वार्ड 51 में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा के सौजन्य से वार्ड पार्षद ज्योति रंजन दास उर्फ बैजू लाल दास के हाथों कंबल का वितरण किया गया। पुराना अंबेडकर कॉलोनी, न्यू अंबेडकर कॉलोनी एवं अन्य मोहल्ले के गरीब, असहाय, दिव्यांग एवं अल्पसंख्यक जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर बैजू लाल दास ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा गरीबों, दलितों, पिछड़ों एवं अति पिछड़े के मसीहा हैं। इन्होंने इसके पूर्व में भी भीषण ठंड में झुग्गी-झोपड़ी एवं सड़क के किनारे रैन बसेरा में रहने वाले लोगों के बीच कंबल कंबल प्रदान करने का कार्य किया था। इनकी समाज सेवा एवं समर्पण की भावना से आम गरीब तबके के हर वर्ग के लोग इनसे खासा प्रभावित रहते हैं। इस अवसर पर सुयश कुमार ज्योति, मो चांद, पप्पू, छोटन, पूनम देवी, देवानन्द मेहता, संजय यादव, दिलीप यादव, गणेश कुमार आदि सक्रिय रहे। दूसरी ओर मारवाड़ी सेवा समिति की सिटी शाखा के द्वारा ठंड को देखते हुए पटना सिटी के विभिन्न स्थानों पर मोबाइल कंबल वितरण किया गया। इस दौरान नून की चौराहा, मेहंदीगंज के पास, गुलजारबाग, गायघाट के साथ कंगन घाट पर असहायों के बीच सैकड़ों कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा, सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, शिव प्रसाद मोदी, अंकित दारुका, सन्नी साह, राजकुमार गोयनका व मनोज खेतान सक्रिय थे।

# कैंसर अवेयरनेस कॉन्क्लेव 3 फरवरी को ऊर्जा ऑडिटोरियम

- स्वास्थ के क्षेत्र में पहली बार कैंसर अवेयरनेस कॉन्क्लेव का आयोजनः मंजू सिंहा
- आरोग्य मैत्री परियोजना का होगा लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। पिछले 14 वर्षों में स्वास्थ के क्षेत्र में खासकर महिला स्वास्थ के क्षेत्र में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्था गुलमोहर मैत्री द्वारा कई योजना चला कर महिलाओं के साथ-साथ पूरे समाज को जागरूक करने के साथ सुरक्षित भी किया है। वर्ष 2024 में संस्था की बहुप्रतीक्षित परियोजना आरोग्य मैत्री का शुभारंभ कैंसर पीडीत महिलाओं के लिए एक वरदान साबित होगी । परियोजना का शुभारंभ अतिथि अशोक चौधरी , श्रेयसी सिंह एवं सेलिब्रिटी गेस्ट महिमा चौधरी की मौजूदगी में 3 फरवरी को राजधानी पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में की जाएगी। उक्त कार्यक्रम के साथ कैंसर से प्रभावित रही बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी टॉक शो के माध्यम से अपनी आपबीती राजधानी वासियों को सुनाएगी। यहां यह बता दे की महिमा चौधरी 2 वर्ष पूर्व कैंसर की चपेट में आ गई थी जिसे आत्मविश्वास और पारिवारिक संबल से खुद को बचा पायी । उक्त बातें गुलमोहर मैत्री संस्था की सचिव मंजू सिंहा ने कैंसर अवेयरनेस कांक्लेव पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया।

मौके पर संस्था मानद निदेशक पद्मा श्री विमल जैन ने कहा कि मैं पिछले पाँच वर्षो से संस्था में बतौर सदस्य के रूप में कई योजनाओं को देखा। बालिकाओं को दिया जाने वाला एचपीवी वैक्सीनेशन जिसे एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह का लक्ष्य रखा गया है। जिसे बिहार के विभिन्न जिलों में शुरूआत कर महिला जाति को सुरक्षित करने का काम किया जा रहा है। जिससे महिलाओं को सर्विकल कैंसर की खतरों से बचाया जा सकता है। आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत कैंसर अवेयरनेस कांक्लेव केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं करेगा बल्कि कैंसर विशेषज्ञ द्वारा स्कूली बच्चों, शिक्षक और शिक्षण संस्थान , समाजसेवी, स्वास्थ कर्मियों और कैंसर पीड़ितों के माध्यम से समाज में संदेश प्रसारित कर एक सुरक्षा घेरा प्रदान करने की कोशिश है। संस्था द्वारा विगत वर्षों में की गई गतिविधियों को एवं महिला कैंसर सुरक्षा को लेकर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। बॉलीवुड के जाने माने गायक द्वारा म्यूजिकल चैरिटी कार्यक्रम के माध्यम से एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए फंड एकत्रित की जाएगी ।

# आप सब सहयोग, अंधा प्यार व बिहार के विकास में योगदान दें : सम्राट

प्रात : किरण संवाददाता




पटना सिटी। कुशवाहा समाज का बेटा योद्धा होता है। जब सत्ता में आए हैं, तो जनता के लिए काम करना होगा। अभी तीन-चार चुनाव आचार संहिता में चला जाएगा इसके बाद में से तेजी से काम शुरू करना होगा अगले साल नवंबर में बिहार विधानसभा का चुनाव संभावित है वर्तमान में सरकार 15 16 माह की है ऐसे में आप सबों का सहयोग स्नेह अध्याय प्यार बिहार के विकास में योगदान चाहिए इस समाज को मुख्य धारा में लाना है यह बात बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के द्वारा मच रोड स्थित एक सामुदायिक भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान गुरुवार की शाम कहीं। अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश मेहता ने किया। मंचासीन लोगों में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर मेहता, महासचिव नीरज कुशवाहा, महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अमन सिंह कुशवाहा आदि थे। अपने संबोधन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि हम सबों को संघर्ष करना होगा। कुशवाहा का बेटा योद्धा होता है। जब सत्ता में आए हैं, तो जनता का काम भी करना होगा। देश में यह पहला मौका है कि तीन राज्य में आपके समाज का भाजपा ने डिप्टी सीएम बनाया है। इसमें वे खुद बिहार के हैं, जबकि राजस्थान और यूपी में भी कुशवाहा समाज का बेटा डिप्टी सीएम है। बिहार भाजपा के वे प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनके अलावा हरियाणा में भी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष इसी समाज के हैं। पहले कोई हमारी तरफ देखता ही नहीं था। इसके लिए वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हैं। अपने समाज को बढ़ाने के लिए दूसरों से सीख लेनी होगी। सत्ता का आना और जाना लगा रहता है। लड़ाई और वजूद को कायम रखना है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार,02 फरवरी, 2024



# केन्द्र का अंतरिम बजट : सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने बताया दिशाहीन

## बजट से बिहार का समग्र विकास होगा

### बजट विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करेगा : सम्राट



पटना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में गांव के विकास पर जोर दिया गया है। यह बजट विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल ट्रांसफॉर्मेशन के रहे और भारतीय इकोनॉमी काफी तेज गति से आगे बढ़ी है। हाल के दिनों में भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी बदलाव देखने को मिला है। पीएम मोदी ने जब 2014 में सत्ता संभाली थी, तब कई चुनौतियां थीं। जनता के हित में कई कार्यक्रम और योजनाए बनाई गईं, ताकि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले और लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार का समावेशी विकास पर फोकस है और सभी श्रेणियों और जनता के लिए सभी का विकास की बात की गई है। 2047 तक हम भारत को विकसित देश बनायेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में मोदी सरकार को सफलता मिली है। सरकार का समावेशी विकास पर फोकस है और गरीब, महिला, युवा, किसान के सशक्तीकरण पर जोर है। 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया गया है और पीएम स्वनिधि योजना के तहत 78 लाख वेंडर्स को मदद की गई है। 34 लाख करोड़ रुपये जनधन के जरिए सीधे पैसा ट्रांसफर किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 11.8 करोड़ किसानों को सरकारी मदद दी गई है। केंद्र सरकार ने 300 यूनिवर्सिटी की स्थापना की है और एक तिहाई महिलाओं को आरक्षण मुहैया कराया है। उन्होंने कहा कि जनधन खातों में पैसा डालने से 2.7 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है और सरकार का आर्थिक प्रबंधन इस उच्च स्तर का है जिससे देश को नई दिशा और नई उम्मीद मिली है। कहा कि सरकार का 3 करोड़ घरों को बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। आगे 5 सालों में और 2 करोड़ घर बनाने का लक्ष्य है। विकास कार्यक्रमों में सभी के लिए आवास, हर घर जल, सभी के लिए बिजली, सभी के लिए रसोई गैस और रिकॉर्ड समय में सभी के लिए बकें खाते का लाभ दिया गया है। इसके साथ ही वित्तीय सेवाओं के जरिए प्रत्यके घर और व्यक्ति को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने पर फोकस किया गया है।

## अंतरिम बजट खाली लिफाफे में चुनावी भाषण : गगन



पटना। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज संसद में पेश अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट के नाम पर खाली लिफाफे में डपोरशंखी वादे के साथ केवल चुनावी भाषण दिया है। इसमें कुछ है हीं नहीं। साथ हीं बिहार में जिस प्रकार एनडीए गठबंधन की सरकार बनी है तो उम्मीद थी कि उसकी झलक इस अंतरिम बजट में दिखाई देगी पर कुछ देने की बात छोड़िए पुरे बजट में बिहार की कहीं चर्चा हीं नहीं हुई। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी पिछले कुछ दिनों से किसान, गरीब, महिला और युवा की लगातार चर्चा कर रहे थे। उनके लिए इस बजट में कुछ है हीं नहीं। मध्यम वर्ग के लोगों को उम्मीद थी कि इनकम टैक्स स्लैब में कुछ राहत दी जाएगी उन्हें भी निराश होना पड़ा। हर साल के बजट की तरह ख्वाब दिखाने की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस बार 2047 में विकसित भारत का ख्वाब दिखाया गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों से लाए जा रहे जनविरोधी बजट का हीं दुष्परिणाम है कि यूपीए सरकार के समय भारतीयों की आय जहां 258 प्रतिशत थी वह एनडीए के शासनकाल में घट कर 150 प्रतिशत हो गई है। देश के चंद औधोगिक घरानों की सम्पत्ति में जहां बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है वहीं आम भारतीयों की सम्पत्ति उतरोतर कम होती जा रही है।

## कुव्यवस्था को गहराने वाला बजट : अखिलेश



पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब सत्ताधारी वर्ग में विजन के ऊपर कुर्सी की चिन्ता हावी हो जाती है तो इस तरह का बजट देखने को मिलता है। अंतरिम बजट में वही हुआ जिसकी उम्मीद थी कि यह 2024 के चुनाव की तैयारी होगी। हमेशा के मुताबिक इस बजट में गरीब, बेरोजगार नौजवान और मध्यम वर्ग के लिए कुछ भी हाथ नहीं लगा। भाजपा सरकार की जैसी अबतक की आदत रही है उसी को आगे बढ़ाते हुए मोदी जी के चुनिन्दा उद्योगपतियों में रेबड़ियाँ बांटने की भरपूर कोशिश की गई है। पूरा बजट पूरी तरह निराशाजनक और भविष्य की चिन्ता से बेखबर बजट रहा। उन्होंने कहा कि इससे केवल भाजपा शासन में मौजूद आर्थिक कुव्यवस्था को गहरायेगा।

## रोजगार को बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट : नित्यानंद



पटना। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की और प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है और इस दिशा में यह बजट ऐतिहासिक है। इतना ही नहीं यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला बजट है। नित्यानंद राय ने कहा कि आम बजट गांव,गरीब,किसान, युवा और महिलाओं की उन्नति वाला बजट है। जिसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर देश को 2047 तकविकसित भारत बनाने का जो संकल्प आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का है उसको साकार करने में यह बजट हितकारी साबित होगा। केंद्रीय गृहराज्य मंत्री ने आगे कहा कि इस बजट में गांव के गरीब महिलाओं का खास तौर पर ध्यान रखा गया है। मोदी जी की सरकार ने बजट में प्रावधान किया है कि अगले 5 सालों में दो करोड़ और आवास गरीबों के लिए बनाये जाएंगे जबकि 3 करोड़ पक्का आवास पहले ही तैयार हो चुके हैं और गरीबों को दे दिए गए हैं। नित्यानंद राय ने कहा कि पिछले 10 सालों में जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गरीब कल्याण के दिशा में काम किया है वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐतिहासिक है क्योंकि पिछले 10 साल में 25 करोड लोगों को प्रधानमंत्री की वजह से गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है।

## प्रधानमंत्री का जीवाईएएन वाला बजट : ऋतुराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम आम बजट की सराहना करते हुए इसे प्रधानमंत्री के जीवाईएएन वाला बजट बताया है। जिसे विपक्ष और खासतौर पर कांग्रेस को इससे सीख लेने वाला बजट बताया है। श्री सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार ने जिस तरह युवायो , महिलाओं ,गरीबों और अन्नदाताओ पर बजट में जोड़ दिया है यह प्रतीत है विश्व शक्ति की ओर भारत के बढ़ते मजबूत कदम का। भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में सकारात्मक पहल है इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृव वाली केंद्र सरकार को बहुत बहुत बधाई। श्री सिन्हा ने कहा कि भारत की एक तिहाई जनसंख्या ने अभी तक मुद्रा लोन लेकर रोजगार सृजन के साथ रोजगार दाता बनने का काम किया है जो युवाओं के अमृत काल या स्वर्णिम युग की शुरूआत है। 3 करोड़ लोगो को घर , जल,बिजली एवम गैस प्रदान करके केंद्र सरकार के मूलमंत्र गरीब कल्याण -राष्ट्र कल्याण करने का काम किया है। सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयास को ध्यान में रखकर राज्यो के विकास हेतु 75 हजार करोड़ का ऋण के प्रावधान से सर्वगीन विकास को पूरा किया गया है। बजट जय जवान ,जय किसान,जय विज्ञान और जय अनुसंधान के मंत्र को आधार में रखकर पेश किया गया है।

## किसान, छात्र, नौजवान व मजदूरों की अनदेखी : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश अंतरिम बजट को जनविरोधी करार दिया है ।यह भाजपा की विदाई बजट है। न ही आमलोगों को इनकम टैक्स में राहत दी गई है और केंद्र सरकार ने कोई बड़ी घोषणा की गई है। हालांकि कि पूंजीपतियों की छूट की घोषणा जरूर की गई। बजट में किसान, छात्र,नौजवान,मजदूर,नौकरी पेशा वाले सहित सभी तबकों की अनदेखी की गई है। बजट में युवाओं को रोजगार देने की कोई बातें नहीं की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की राशि बढ़ाने की घोषणा नहीं की गई है। महंगाई कम करने का कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। भाकपा राज्य सचिव ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वित्त मंत्री का अंतरिम बजट भाषण सूक्ष्म-वास्तविकता से अलग था और चुनाव से पहले अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश करने पर केंद्रित था। कॉरपोरेट टैक्स में कटौती कर बीजेपी ने लगातार कॉरपोरेट के प्रति वफादारी दिखाई है। कर्ज रिकार्ड स्तर पर है और आम लोग महंगाई से त्रस्त हैं। बजट पूरी तरह निराशाजनक है ।उन्होंने कहा कि कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा। क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है।

## नौजवान व किसान विरोधी है अंतरिम बजट : एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने आम बजट को जन विरोधी, किसान - नौजवान विरोधी और विकास से कोसों दूर रहने वाला बजट बताया है। कहा कि जिस बजट में आम जनता और विकास की बातें नहीं हो, उस बजट को व्यर्थ की कवायद ही माना जाएगा। आगे कहा कि केंद्र की सरकार को 10 साल होने को है, लेकिन आज भी देश का नौजवान नौकरी और रोजगार के लिए सड़कों पर मारे-मारे फिर रहा है, इनके रोजगार के लिए दस सालों में जुमलेबाजी के अलावा कुछ नहीं किया गया। बजट में रोजगार और छात्रों के हितों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। एजाज ने कहा कि 2022 तक किसानों को दुगुना लाभ देने की बात करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए कोई काम नहीं किया है। सबसे अफसोस की बात यह है कि केंद्र सरकार ने टैक्स स्लैब और बिहार के हितों के लिए भी कोई बातें इस बजट में सामने नहीं लाई गई ,यह बजट पूरी तरह से बिहार विरोधी आमजनों को ठगी का शिकार बनाने वाली तथा गरीबों को और गरीब बनाने वाला बजट है । इन्होंने आगे कहा कि भाजपा की विदाई वाली बजट को आम जनता याद करते हुए केंद्र सरकार को सबक सिखाएगी ,क्योंकि सरकार ने कभी भी आम जनता के हितों का ख्याल नहीं किया और न ही महंगाई कम करने की दिशा में कोई काम किया है।

## दूरदर्शी, निरंतरता और विश्वास का बजट : मयूख

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख प्रवक्ता एवं बिहार विधान परिषद् सदस्य डॉ संजय मयूख ने अंतरिम बजट का स्वागत किया है। कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार का अंतरिम बजट विकासोन्मुख, दूरदर्शी, निरंतरता और विश्वास का बजट है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में पेश किया गया आज का अंतरिम बजट 2024-25 विकसित भारत की भव्य इमारत के चार स्तंभों- गरीब, युवा शक्ति, अन्नदाता और नारी शक्ति के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। यह बजट रामराज्य की परिकल्पना को चरितार्थ करता हुआ बजट है। गरीब, किसान, मातृशक्ति और युवाओं के कल्याण, उत्थान और सम्मान के प्रति समर्पित इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूँ। इस अंतरिम बजट में अगले पांच सालों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लगभग 2 करोड़ घर बनाने का निर्णय लिया गया है जिससे हर बेघर को घर मिलेगा। अगले पांच सालों में 3 करोड़ से अधिक लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लेकर श्री नरेन्द्र मोदी सरकार चली है। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को वैश्विक बनाने के लिए सरकार का निर्णय स्वागतयोग है क्योंकि यह आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य साकार करने में सहायक साबित होगा। धार्मिक पर्यटन, प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने का सरकार का लक्ष्य अमृत काल में पर्यटन विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह बजट विकास और विरासत को समृद्ध करने वाला बजट है। यह बजट पिछले 10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के गुणात्मक और मात्रात्मक परिवर्तन का एक उत्कृष्ट सारांश है। इस बजट का सार यह है कि हम सबका साथ, सबके प्रयास से एक ऐसा विकसित भारत बनाना चाहते हैं, जो सबकी चिंता करे और जिसे अपनी संस्कृति और परंपराओं पर गर्व हो।

## कांग्रेस शासित राज्यों में जातिगत गणना क्यों नहीं : राजीव रंजन



पटना। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गाँधी द्वारा जातिगत गणना पर दिए बयान को हास्यास्पद बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि देश का बच्चा-बच्चा जानता है कि जातिगत गणना नीतीश कुमार की नीतियों का परिणाम है, जिसमें राजद-कांग्रेस की कोई भूमिका रही ही नहीं. फिर भी राहुल का इसका झूठा श्रेय लेने का प्रयास करना यह दिखाता है कि वह अब पूर्ण रूप से राजनीतिक शेखचिल्ली बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में अपने इसी तरह के कारनामों से राहुल पहले ही कांग्रेस की चूलें हिला चुके हैं और अब इस तरह के बयानों से यह साफ हो गया है कि राहुल गाँधी को कांग्रेस की बची-खुची इज्जत भी बर्दाश्त नहीं हो रही है। उनके रवैए से यह स्पष्ट है कि वह कांग्रेस की नाव डूबा कर ही दम लेंगे। सवाल पूछते हुए जदयू प्रवक्ता ने यह कहा कि राहुल गाँधी को बताना चाहिए कि यदि उन्हें पिछड़े-अतिपिछड़ों से इतना ही प्रेम है तो उन्होंने इंडी गठबंधन के घटक दलों द्वारा शासित राज्यों में जातिगत गणना करवाने की नीतीश कुमार की मांग का समर्थन क्यों नहीं किया था? वह बताएं कि अभी भी वह कांग्रेस शासित राज्यों में जातिगत गणना करवाने की घोषणा क्यों नहीं करवा रहें? क्या उन्हें वहां के पिछड़े-अतिपिछड़ों से हमदर्दी नहीं है?उन्होंने कहा कि हकीकत में जातिगत गणना पर झूठा बयान देकर राहुल गाँधी ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि उनके रवैए में कभी भी सुधार नहीं हो सकता। राहुल ने यह तय कर दिया है कि कांग्रेस मुक्त भारत का आगाज बिहार से ही होगा।

## वर्गों को समान रूप से मिलेंगे विकास के अवसर : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश आम बजट की सराहना की है। श्री पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं, करदाताओं और मध्यम वर्ग को बजट में बड़ी राहत दी है। जिस प्रकार से संतुलन बिठाकर इस बजट को संसद के पटल पर रखा गया। इसके लिए केंद्र सरकार समेत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री को बधाई देता हूं। सरकार किराए के मकानों या झुग्गी-झोपड़ी या चाल और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग को अपने स्वयं के मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने की योजना शुरू करेगी, जो सराहनीय है। बजट में रूफटॉप सौर ऊर्जा योजना का भी ऐलान किया गया है। इसके तहत एक करोड़ घरों को 300 यूनिट की मुफ्त बिजली हर महीने सौर ऊर्जा के जरिए मिल पाएगी। महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए 83 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी नौ करोड़ महिलाओं में से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

## केन्द्र का अंतरिम बजट धोखा व झूठ का पुलिंदा:किसान महासभा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने संसद में पेश मोदी सरकार के अंतरिम बजट को झूठ का पुलिंदा, किसानों, मजदूरों, देशवासियों से धोखा और चालाकी भरा बताया है। उन्होंने कहा है कि देश की आर्थिक स्थिति पर मोदी सरकार देशवासियों को धोखे में रखे है। देश पर बढ़ते कर्ज के बोझ को कम करने की कोई दिशा बजट में नहीं है। मोदी राज में 2014 के 55 लाख करोड़ की जगह आज 1अरब 73 लाख करोड़ के करीब देश पर कर्ज चढ़ गया है। यह स्थित आने वाले चंद वर्षों में देश को आर्थिक दिवालिया की दिशा में धकेल देगी, जब देश की जीडीपी व कर्ज बराबरी पर आ जाएगा। सरकार झूठा दावा कर रही है कि इस बीच 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हुए हैं। जबकि सच्चाई यह है कि मोदी राज में देश गरीबी और भुखमरी के आंकड़ों के काफी निचले पायदान पर पहुंच गया है। अंतिरिम बजट में फसल कटाई के बाद निजी व विदेशी निवेश के लिए कृषि क्षेत्र के दरवाजे खोलने की बात है। यह किसान आंदोलन के दबाव में वापस लिए गए कृषि बिलों की खुलेआम पुनर्वापसी है। यानी कृषि मंडी, अनाज भंडारण और उसके खुदरा व्यापार में कारपोरेट और बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रवेश कराया जाएगा। किसानों की फसलों के लिए एमएसपी, किसानों मजदूरों की कर्ज मुक्ति, प्राकृतिक आपदा के बाद किसानों को न मिल रहे मुआवजे, कृषि में बढ़ती लागत सामग्री की कीमतों को कम करने जैसे किसानों की मुख्य मांगों पर इस अंतिरिम बजट में कोई राहत नहीं दी गई है। आसमान छूती महंगाई से भी कोई राहत की उम्मीद बजट में नहीं है। कुल मिलाकर यह अंतिरिम बजट झूठ का पुलिंदा, धोखा और कारपोरेट लूट को बढ़ाने वाला है।

### आत्मनिर्भर भारत के सपने को नया पंख मिलेगा : चिराग

पटना। लोजपा रामबिलास सुप्रीमो चिराग पासवान ने संसद में पेश हुए अंतरिम बजट को लेकर ट्विट कर विकसित भारत के परिकल्पना को साकार करने वाला बजट बताया है। श्री चिराग ने एक्स पोस्ट पर लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में आज वित मंत्री सीतारमण के द्वारा पेश किए गए 2024-25 का अंतरिम बजट विकसित भारत के परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी साथ ही आत्मनिर्भर भारत के सपने को नया पंख मिलेगा। मुझे खुशी है कि यह चुनावी साल का लोकलुभावन बजट नहीं है। इसमें युवा, गरीब, महिला, किसान, मध्यमवर्ग सहित समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। उन्हें और कैसे सशक्त किया जाए, इसकी चर्चा की गई है। यह बजट भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर करेगा। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को धन्यवाद देता हूँ कि इस बजट के माध्यम से आपने देश के सामने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को रखा है।

## अंतरिम बजट को अमृत तुल्य एवं लोक कल्याणकारी : डॉ प्रेम कुमार

पटना। कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए मोदी सरकार के अंतरिम बजट को अमृत तुल्य एवं लोक कल्याणकारी बताया है। डॉ कुमार ने बजट की मुख्य बातों को रेखांकित करते हुए कहा की बजट में महिलाओं, किसानों, युवाओं, एवं गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ करदाताओं, मध्यमवर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए कई बड़े ऐलान किए गए हैं। पहली बार बजट में मध्यम वर्ग के लिए भी अपने स्वयं के मकान खरीदने या बनाने के लिए सहायता का प्रावधान करने की बात कही गई। किराए के मकानों या झुग्गी-झोपड़ी या चाल और अनधिकृत कॉलोनीओ में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों के लिए विशेष योजना बनाकर सहायता प्रदान की जाएगी। पीएम आवास योजना-ग्रामीण योजना के तहत सरकार ने तीन करोड़ आवास बनाने का एलान किया है। इनमें से दो करोड़ आवास अगले पांच वर्षों में बनाए जाएंगे।

### बजट विकसित भारत के संकल्प का दर्पण : तारकिशोर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा के यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प का दर्पण है। इस बजट में सभी वर्गों के लिए प्रावधान किए गए हैं। यह देश के मध्यम वर्ग, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में सम्मान और समृद्धि लाने का बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में लखपति दीदियां, ब्याज मुक्त कर्ज की व्यवस्था, मुद्रा योजना, ब्लू इकोनामी, स्किल इंडिया जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान हैं। सभी वर्गों के लिए बजट में समुचित प्रबंध किए गए हैं। आम जनमानस के लिए यह बजट काफी अच्छा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सपनों का भारत बनाने में केंद्रीय बजट महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

## मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



पटना। समाज कल्याण विभाग के अधीन मानसिक रूप से स्वस्थ हो चुकी परिवार से बिछड़ी महिलाओं के लिए संचालित महिला पुनर्वास गृह में उनकी देखरेख करने वाले कर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से गुरूवार को राजीव नगर स्थित महिला पुनर्वास गृह में कपूरी ठाकुर ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पटना की सहायक निदेशक स्नेहा ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कपूरी ठाकुर ग्रामीण विकास संस्थान के सचिव सह प्रमंडलीय मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के सदस्य सुबोध कुमार सुमन ने कहा कि संस्थान समर्पित भाव से महिला पुनर्वास गृह में लाभार्थियों की देखरेख कर रहा है तथा अपनी सेवाओं में उत्कृष्टता लाने के उद्देष्य से यहां कार्यरत कर्मियों को समय-समय पर प्रशिक्षित किया जाता रहता है तथा आज मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता को आयोजित यह कार्यक्रम इसी कड़ी में एक कदम है। कार्यशाला में आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट मुम्बई के राज्य कोर्डिनेटर सुनील कुमार के नेतृत्व में संस्था के मनोविज्ञानी छेदी कुमार चौधरी ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण कार्य का संचालन किया। कार्यशाला को मानसिक आरोग्यशाला कोइलवर के मनोचिकित्सक डॉ. गुंजेश कुमार, आईएलओ के गेट-अहेड ट्रेनर आलोक रंजन श्रीवास्तव व महिला पुनर्वास गृह की अधीक्षिका कुमारी सुमन ने भी संबोधित किया तथा लाभार्थियों की देखभाल की दिशा में आने वाली विभिन्न चुनौतीयों एवं उनके निराकरण पर प्रकाश डाला। महिला पुनर्वास गृह की निदेशक रमा कुमारी भी मौजूद रही। मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# बिहार संग्रहालय में दो पुनरावलोकन प्रदर्शनियों का हुआ शुभारंभ

## बिहार संग्रहालय के महानिदेशक ने दोनों प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



पटना। बिहार संग्रहालय में गुरूवार को दो पुनरावलोकन प्रदर्शनियों का शुभारंभ हुआ। पहली पुनरावलोकन प्रदर्शनी सुप्रसिद्ध मूर्ति शिल्पी रत्नाबली कांत की है, जिनकी कलाकृतियों की पहचान देश के बाहर भी है। दूसरी फोटो प्रदर्शनी गणेश खेतड़ीवाल की है, जो पेशे से व्यवसायी होने के साथ एक अनूठे फोटोग्राफर भी हैं। दोनों प्रदर्शनी का उद्घाटन बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद दोनों कलाकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाशित कैटलॉग का लोकार्पण भी हुआ। इस अवसर पर अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि रत्नाबली कांत एक नर्तक, कोरियोग्राफर, चित्रकार और मूर्तिकार हैं। उन्होंने बड़े साहस के साथ अपने युग की परंपराओं से आगे बढ़कर समकालीन भारतीय कला में एक नए कलात्मक आंदोलन की राह तैयार की है। उन्होंने भारत में प्रदर्शनात्मक दृश्य कला, इंस्टॉलेशन परफॉर्मेंस की शुरूआत और विकास में अपना अनमोल योगदान दिया है। श्री अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि गणेश खेतड़ीवाल ऐसे शख्स हैं, जो पेशे से व्यवसायी हैं, धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में भी इनकी सक्रियता रहती है। साथ ही एक बेहतरीन फोटोग्राफर भी हैं। खेतड़ीवाल प्रकृति से अगाध प्रेम करते हैं। यह उनकी नदियों, पर्वतों और पर्वतीय स्थलों की तस्वीरों को देखकर स्पष्ट होता है। फोटो प्रदर्शनी में शहर, गाँव के अलावा देश-विदेश के कई शहर एवं गाँव शामिल है। उन्हीं फोटोग्राफ्स को यहाँ प्रदर्शित किया गया है। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए गणेश खेतरीवाल ने कहा कि वे समय-समय पर देश-दुनिया की सैर करते रहे हैं। उस दौरान जब उनकी पारखी आँखें समसामयिक, धार्मिक, नगरीय, प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक सौंदर्य को देखती है, तो उसे कैमरे में कैद करने को इनका मन अधीर हो जाता है। उस दौरान खींचे गए सैकड़ों फोटोग्राफ्स का एक समृद्ध संकलन इनके पास है। सुप्रसिद्ध मूर्ति शिल्पी रत्नाबली कांत ने कहा कि मेरी इस पुनरावलोकन प्रदर्शनी में मेरे गौरवशाली जीवन और समृद्ध करियर के पिछले तीन दशकों को शामिल किया गया है। यह उनके कार्यों की एक विविध श्रृंखला प्रदर्शित करेगी, जिसमें पेंटिंग, मूर्तियाँ और रिकॉर्ड किए गए प्रदर्शन शामिल होंगे, जो साबित करेंगे कि उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति कितनी खास है। उद्घाटन समारोह के बाद अंजनी कुमार सिंह और अन्य अतिथियों ने बिहार संग्रहालय के अस्थायी दीर्घा में लगी रत्नाबली कांत की प्रदर्शनी और उसके बाद बहुउद्देशीय दीर्घा में प्रदर्शित गणेश खेतड़ीवाल की फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में बड़ी संख्या में शहर के कला प्रेमी और व्यवसायी उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत में उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का स्वागत करते हुए बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक, अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि बिहार संग्रहालय समय-समय पर देश के नामचीन कलाकारों के सम्मान में उनकी पुनरावलोकन प्रदर्शनियों का आयोजन करता रहा है। अबतक सुख्यात मूर्तिकार हिम्मत शाह से लेकर ब्रह्ममदेव राम पंडित तक लगभग 18 कलाकारों की प्रदर्शनी आयोजित हो चुकी है।


भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

बिहार सरकार अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं.–100 वर्ष 2023–24

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–08.02.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार है:– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू./ 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू./10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियाँ | मात्रा | ईकाई | उद्धृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| A | S/R to PH work G.O Flat No -X/2 at New Punaichak, Patna for the year 2023-24 | | | |
| B | S/R to PH work G.O Flat No-Q/5 at New Punaichak, Patna for the year 2023-24 | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.016434 ( BCD ) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

## संक्षिप्त खबरें

### केन्द्र का अन्तरिम बजट किसान-मजदूर विरोधी : भाकपा

मुजफ्फरपुर । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट खोदा पहाड़ निकली चुहिया साबित हुई है। बजट में एक तरफ जहां कॉरपोरेट घराने के हितों का विशेष ख्याल रखा गया है वहीं बजट से महंगाई में बेशुमार इजाफा होगा। बजट में किसानों का घोर उपेक्षा किया गया है। किसान बजट में अपने फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की घोषणा का अपेक्षा कर रहे थे लेकिन उन्हें घोर निराशा मिला है। गरीबों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के आबंटन में कटौती कर इनकी अनदेखी की गई है। अंतरिम बजट से युवाओं में हताशा है। बजट में बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई विशेष प्रावधान का नितांत अभाव है। कूल मिलाकर अंतरिम बजट गरीब-मजदूर-किसान-युवा विरोधी तथा कॉरपोरेटपक्षी है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अंतरिम बजट को महज आंकड़ों की बाजीगरी दिखाकर लोक लुभावन बनाने का प्रयास किया गया है।

### बदला मौसम का मिजाज , धिकतम तापमान हुआ 24डिग्री

मुजफ्फरपुर। पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदल गया है।दिन भर धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार आज का अधिकतम तापमान 24डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 1.3डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं आज का न्यूनतम तापमान 8.2डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.5डिग्री कम बताया गया है। सुबह मे सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत और दोपहर बाद 60प्रतिशत रही। पुरवा हवा की गति 7.2किमी प्रति घंटा रही।

### चार लाख की अंग्रेजी शराब जब्त, धंधेबाज गिरफ्तार

बोचहा। थाना की पुलिस ने गुरुवार को करणपुर दक्षिणी पंचायत स्थित एक घर में छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड के लगभग चार लाख रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब जब्त किया। साथ ही, धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान परमानंद पासवान के रूप में हुई है। जबकि फरार आरोपी उमाशंकर पासवान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि करणपुर दक्षिणी टोले ककरा चक में अंग्रेजी शराब का अवैध धंधा काफी जोर-शोर से चल रहा है। पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई तो ककरा चक ग्राम निवासी कपिल देव पासवान के पुत्र उमाशंकर पासवान,परमानंद पासवान के घर से विभिन्न ब्रांड की 446 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपये है। वही उमाशंकर पुलिस को देख फरार हो गया जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। साथ ही पकड़े गए आरोपी को शुक्रवार को जेल भेज दिया जाएगा।

### लूट-पाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़,3 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने लूटपाट और छिनतई मामले में 3अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।इन गिरफ्तार अभियुक्तों को कई आपराधिक मामले में पुलिस को तलाश थी। एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। बताया गया है कि वाहन चेंकिग के क्रम में काजी मोहम्मदपुर थाना की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधकर्मी . राहुल कुमार पिता राजु सहनी मुहल्ला-जगदम्बा नगर, थाना-अहियापुर, . शशंक राज उर्फ जॉन्सन, पिता लक्ष्मण भगत, मुहल्ला-कृष्णाटोली, एवं आयुष राज, पिता भैरो त्रिपाठी, मुहल्ला चांदनी चौक, राहुल नगर, दोनों थाना ब्रह्मपुरा, को रंगेहाथ लूट की मोबाईल एवं अवैध मादक पदार्थ स्मैक-9. 150 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। इन गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से अहियापुर थाना कांड सं0 59/24 में छिनतई की मोबाईल बरामद किया गया है।पुलिस का कहना है।

### अंतरिम बजट सराहनीय : अजीत

मुजफ्फरपुर । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन द्वारा संसद मे पेश किए गए अंतरिम बजट का भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने स्वागत करते हुए इस बजट को देश हित में बताया है। उन्होंने कहा है कि यह अंतरिम बजट विकसित भारत के नवनिर्माण में हम भूमिका निभाएगा। उन्होंने इस बजट को युवा भारत की युवा आकांक्षाओं को सिद्ध करने हेतु संकल्पित, सकारात्मक और उत्साहवर्धक बताते हुए प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री कुमार ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री जी के बिजन से प्रेरित बजट भारत के तीव्र आर्थिक परिवर्तन की झलक देता है ।

# खेग्रामस ने केंद्र सरकार के खिलाफ निकला प्रतिवाद मार्च

● जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा आरोप पत्र




मुजफ्फरपुर। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा ( खेग्रामस) के बैनर तले देश में दलितों, आदिवासियों, पिछड़े समुदायों, अत्यंत पिछड़े समुदायों , वंचितों और मजदूरों की गंभीर हालात के समाधान के लिए मोदी सरकार के खिलाफ खेग्रामस मुजफ्फरपुर के जिला सचिव रामनन्दन पासवान के नेतृत्व में भाकपा-माले जिला कार्यालय स्थित हरिसभा चौक से प्रतिवाद मार्च निकाला गया। यह मार्च हरिसभा चौक, कल्याणी, मोतीझील और सदर अस्पताल रोड होते हुए जिला समाहरणालय पहुचा। यहां खेग्रामस की एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति द्वारा भारत सरकार को आरोप पत्र भेजा। इस मौके पर खेग्रामस बिहार के राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी ने कहा कि हम जिला अधिकारी के माध्यम से देश की महामहिम महोदया को देश में दलितों, आदिवासियों, पिछड़े समुदायों, अत्यंत पिछड़े समुदायों , वंचितों और मजदूरों की गंभीर हालत से अवगत कराना चाहते हैं।भूख, गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त देश में दलितों और गरीबों के लिए आवास का मुद्दा बेहद चिंता का विषय है।. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी को पक्का मकान देने का वादा छलावा साबित हुआ है।. बुलडोजर राज ने असंख्य दलितों, आदिवासियों, झुग्गीवासियों और मजदूरों को बेघर कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि स्वयंभू विश्वगुरु घोषित देश के नागरिक भूख और कुपोषण से पीड़ित हैं।. गरीबों की थाली से दाल गायब है। आवश्यक वस्तुओं तक का अभाव है। आधी से अधिक आबादी स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक कैलोरी युक्त भोजन से वंचित है। बच्चों और महिलाओं की जीवन चिंताजनक हैं और हमारा देश अब भूख सूचकांक में 111वें स्थान पर पहुंच गया है।बुजुर्गों और विकलांगों को सम्मानजनक पेंशन देने से सरकार का इनकार आपराधिक संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। घटती आय, बढ़ती बिजली दर और रसोई गैस की कीमतें दलितों और गरीबों को फिर से अंधेरे युग में धकेल रही हैं, और आम गृहिणियां एक बार फिर धुएं वाले चूल्हे का उपयोग करने के लिए मजबूर हैं।अभूतपूर्व रोजगार संकट के दौर में मोदी सरकार ने मनरेगा को खत्म करने का काम किया है।मनरेगा मजदूरी को अवैध रूप से इस हद तक कम कर दिया गया है कि कोई भी काम करने को तैयार नहीं है। मनरेगा मजदूरों को रोजगार से वंचित कर अडानी और अंबानी की तिजोरी भरी जा रही है।. कानून के मुताबिक, केंद्र सरकार की न्यूनतम मजदूरी को मनरेगा श्रमिकों के लिए आधार मजदूरी के रूप में निर्धारित किया जाना चाहिए। श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में परिवर्तित कर श्रमिकों को मालिकों का गुलाम बना दिया गया है और न्यूनतम मजदूरी कानून की अवहेलना की गई है। सरकार के एजेंडे में कृषि मजदूरों सहित व्यापक श्रमिक वर्ग के लिए बुनियादी बदलाव की नीतियों का अभाव है। कोविड-19 महामारी की त्रासदी भरी घटनाओं के बावजूद सरकार प्रवासी मजदूरों के प्रति असंवेदनशील बनी हुई है. केंद्र सरकार प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं में मरने वाले मजदूरों के परिवारों को कोई भी वित्तीय सहायता देने से इनकार कर रही है.खेग्रामस मुजफ्फरपुर के जिला सचिव रामनन्दन पासवान ने कहा कि शिक्षा के निजीकरण और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने वाली दस्तावेज नई शिक्षा नीति ने दलितों और वंचितों के शिक्षा प्राप्त करने के सपने को चकनाचूर कर दिया है।स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के व्यापक निजीकरण ने आयुष्मान भारत योजना की सफलता पर संशय पैदा कर दिया है।

उन्होने कहा कि देश के लाखों दलित, गरीब और मजदूर मोदी सरकार को कॉर्पोरेट समर्थक और मजदूर विरोधी घोषित करते हैं. इस आरोप पत्र के आलोक में हम केंद्र सरकार पर अविश्वास जाहिर करते हुए 2024 के आम चुनावों में मोदी सरकार को सत्ता से हटाने का आह्वान करते हैं. इस मौके पर खेग्रामस बिहार के राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी, खेग्रामस मुजफ्फरपुर के जिला सचिव रामनन्दन पासवान, माले जिला कमिटी सदस्य व एक्टू जिला सचिव मनोज यादव,जिला कमेटी सदस्य वीरेंद्र पासवान,भाकपा माले बोचहॉ प्रखंड सचिव रामबालक साहनी,मुसहरी भाकपा माले प्रखंड सचिव विमलेश मिश्रा,ऐपवा राज्य उपाध्यक्ष रानी प्रसाद,अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा जिला कमेटी सदस्य मोहम्मद नूर आलम,रामचंद्र शाह,वीरेंद्र पासवान,प्रमिला देवी,रामनाथ शाह,नरेश राय,अनिल मिश्रा,राम नरेश चौधरी,दिनेश रजक,मोहम्मद इसहाक,रामभु राम,दीपा देवी,मरनी देवी,पार्वती देवी,लालदेव राम,नागेश्वर शर्मा, रामगुलाम राम,गणेश राय आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

# सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने बस से दो तस्कर को धर दबोचा

## गुप्त सूचना के आधार कर्रवाई किया गया

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



गुप्त सूचना के आधार करवाई किया गया सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल बाह्य सीमा चौकी सीमा चौकी पिपरौन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुये निरीक्षक सुनील दत्त समवाय प्रभारी पिपरौन की अगुवाई में की गयी कार्यवाही विशेष वाहन चैकिंग के दौरान भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 285 से लगभग 1 कि० मी० भारतीय क्षेत्र की तरफ दरभंगा से पिपरौली जटही जा रही एक यात्री बस में दो व्यक्ति ब्रिजकिशोर पांडे उम्र-56 निवासी सोठगांव थाना हरलाखी एवं ललित कुमार झा उम्र-43 निवासी हरसुवर थाना हरलाखी को 595 बोतल कोडिन कफ सीरप के साथ जब्त कर गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए सामान यात्री बस और गिरफ्तार व्यक्तियो को अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना हरलाखी के सपुर्द कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा ।गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है। भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

# भारतीय खाद्य निगम के द्वारा गेहूं एफसीआई को बेचने को लेकर किसानों के साथ बैठक आयोजित

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



जयनगर भारतीय खाद्य निगम के द्वारा किसानों को गेहूं एफसीआई को बेचने को लेकर एक कार्यशाला को संबोधित करते प्रबधक शिल्पी ओझा ने कहा की किसानों को अब अपना अनाज इधर-उधर नहीं बेचना पड़ेगा सरकार के द्वारा 2275 प्रति क्विंटल गेहूं का मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों का जो भी गेहूं खरीद केन्द्र पर आएगा, उसे पूरा खरीदा जाएगा। खरीद के मानकों का भी सरलीकरण किया गया है, ताकि किसान आसानी से गेहूं बेच सकें।उन्होंने किसानों से अपील की है कि बाजार भावों पर ध्यान रखे और बाजार भाव एमएसपी से कम है तो एफसीआई को ही अपना गेहूं बेचे। एफसीआई पारदर्शिता, दक्षता और उत्तरदायित्व के साथ किसानों और लाभार्थियों में विश्वास का सृजन करना भी है।एफसीआई अब आधुनिक युग के संचालन में प्रवेश कर चुका है, डिजिटलीकरण को अपना रहा है, खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर रहा है, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और उपकरणों की स्थापना कर रहा है, खाद्यान्न खरीद को सुव्यवस्थित कर रहा है, बेहतर भंडारण के लिए स्टील साइलो का निर्माण कर रहा है, सीसीटीवी कैमरे लगा रहा है। इससे बेहतर निगरानी होगी, बुनियादी ढांचे में सुधार होगा। किसानों के खाद्यान्न की अधिप्राप्ति मूल्य सुनिश्चित कराना और इसके साथ-साथ समाज के कमजोर वर्ग को किफायती मूल्यों पर खाद्यान्न की उपलब्धता भी सुनिश्चित करना है। इस प्रकार प्रभावशाली बाजार हस्तक्षेप से मूल्य नियंत्रित रहते हैं जिससे देश की समग्र खाद्य सुरक्षा में अभिवृद्धि, होती है। भारतीय खाद्य निगम किसानों के हितों को सुरक्षित रखने के हमेशा तैयार रहती है। मौके पर किसान तपेश्वर साह,अनिल पासवान,सुधीर यादव,अनीता यादव,विक्की साह शाहिद अन्य किसान उपस्थित थे।

### यह बजट पूंजीपतियों का बजट, इसमें बिहार के लिए कुछ भी नहीं : श्याम रजक

समस्तीपुर। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि महंगाई के इस दौर में आम बजट से मध्यमवर्गीय परिवार को राहत की बड़ी उम्मीद थी पर यह बजट आम आदमियों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया। बढ़ती महंगाई को थामने में सरकार का यह बजट पूरी तरह से नाकामयाब रहा। खाने-पीने के चीजों पर एक भी दीर्घकालीन नीति नहीं दिखी और न ही लोगों का दर्द देख पाए। यह बजट पूंजीपतियों का बजट के रूप में रहा। इस बजट में बिहार के लिए भी कुछ नहीं है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग लम्बे वक्त से हो रही है। उम्मीद थी कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस पर कुछ कहेंगी, लेकिन दुर्भाग्य से उन्होंने इसे पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का किसान विरोधी और गरीब विरोधी चेहरा सामने आ गया है।

# दाखिल खारिज के लंबित मामले का निष्पादन तीन दिनों के अंदर करें: जिलाधिकारी



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। नए जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने पदभार ग्रहण के दूसरे ही दिन मुशहरी,सकरा और मुरौल प्रखंडो तथा अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अंचल कार्यालय में लंबित दाखिल खारिज मामले को अविलंब तीन दिनों के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया इसके अतिरिक्त फेज 2अभियान बसेरा के तहत भूमिहीन परिवारों के बीच बासगित पर्चा तथा आवश्यकता अनुसार जमीन क्रय कर वितरित करने का भी निदेश दिया ।इससे पूर्व उन्होंने संभावित परिवारों को चिन्हित करने का भी निर्देश दिया। बैकलॉग मामले में नोटिस निर्गत कर नियमानुसार कार्यवाई करने का निर्देश दिया गया । प्रखंड में मुख्यमंत्री आवास योजना पर विशेष निर्देश देते हुए कहा कि आवास योजना की स्वीकृति उपरांत लाभुकों को राशि आवंटित करते हुए आवास निर्माण करना सुनिश्चित करे ।रोकड़ पंजी को भी अद्यतन करने का निर्देश सभी अंचल और प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों को दिया गया मुरौल में खाद्य निगम द्वारा आपूर्ति की गई चावल की गुणवत्ता और वजन में अपेक्षित सुधार करने का निर्देश दिया गया सहायक गोदाम प्रभारी राज्य खाद्य निगम की अनुपस्थिति पर 1दिन का वेतन स्थगन करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# 2 लाख रुपए का इनामी सुपारी किलर कुख्यात अपराधी मो. चांद को बेंगलुरु से एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

● कोरोना काल के दौरान रोसड़ा आइसोलेशन सेंटर से हो गया था फरार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार एसटीएफ को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। समस्तीपुर जिला का कुख्यात सुपारी किलर व टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल 02 लाख रुपये के इनामी मो. चाँद को बिहार एसटीएफ ने बेंगलुरु में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया है। उक्त अपराधी के विरुद्ध हत्या, डकैती एवं आर्म्स एक्ट के कई काण्ड दर्ज हैं। समस्तीपुर पुलिस को भी उसकी तलाश लंबे अर्से से थी। कुछ दिनों पहले ही बिहार पुलिस के द्वारा उसपर 2 लाख रुपये के ईनाम की भी घोषणा की गई थी। समस्तीपुर के बंगाली टोला का रहने वाला मो. चांद कई हत्या एवं आर्म्स एक्ट मामले में फरार चल रहा था। नगर थाना क्षेत्र के थानेश्वर पुल के नीचे एक अधिवक्ता की भी गोली मारकर हत्या मामले में वह आरोपित था। इसके अलावा सोनवर्षा चौक पर मनमोहन झा हत्या के अलावा आधा दर्जन से अधिक अन्य मामलों में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। वर्ष 2021 के मई महीने में समस्तीपुर शहर के मथुरापुर घाट के समीप से पुलिस ने सुपारी किलर मो. चांद को दबोचा था। गिरफ्तारी के समय तालाशी के क्रम में पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस व एक मोबाइल बरामद की थी। बाद उसकी पहचान सुपारी किलर मो. चांद के रूप में की गई थी। कोरोना लहर में उसे रोसड़ा अनुमंडलीय अस्पताल में बने कोरेंटाइन सेंटर में रखा गया था जहां से वह पुलिस को चकमा देकर 5-6 दिनों में ही फरार हो गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने काफी राहत का सांस लिया है। मो. चांद के विरुद्ध मुफस्सिल थाना में हत्या, अपहरण व आर्म्स एक्ट से संबंधित करीब आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वहीं वह पूर्व में भी कई कांडों में जेल जा चुका है।

# इंटर परीक्षा के पहले ही दिन जीकेपीडी कॉलेज कर्पूरीग्राम के केंद्राधीक्षक को डीईओ ने हटाया

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार बोर्ड इंटर की वार्षिक परीक्षा आज एक फरवरी से शुरू हो गई है। यह परीक्षा 12 फरवरी तक होगी। इस दौरान सदाचार मुख्य परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन एक्टिव मोड पर है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निरीक्षण के क्रम में जीकेपीडी कॉलेज कपुरीग्राम परीक्षा केंद्र की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण वहां के केंद्राधीक्षक संजीव कुमार जो रामाज्ञा उच्च विद्यालय चैता के प्रभारी प्रधानाध्यापक है उनको केंद्राधीक्षक के कार्य से मुक्त कर दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय के अनुसार उनके स्थान पर उच्च विद्यालय चैत के ही शिक्षक सूरज कुमार को केंद्राधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इसको लेकर आदेश भी जारी कर दिया है। उन्होंने उच्च विद्यालय चैता के ही शिक्षक सूरज कुमार को निर्देश दिया है कि अविलंब केंद्र पर पहुंचकर अपना योगदान करें और सफलतापूर्वक परीक्षा का आयोजन करना सुनिश्चित करें। वहीं पूर्व केंद्राधीक्षक संजीव कुमार को उन्होंने निर्देश दिया है की परीक्षा संबंधी सभी सामग्री नए केंद्राधीक्षक सूरज कुमार को उपलब्ध करा दें। बता दें कि परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिले और सभी अनुमंडलों में भी अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए संबंधित अनुमंडल दंडाधिकारियों द्वारा धारा-144 अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 200 मीटर एवं शहरी क्षेत्रों में 100 मीटर की परिधि में भीड़ लगाना वर्जित किया गया है।

# सीएचसी सभागार में आशा फैसिलिटेटर व आशा कार्यकर्ताओं की बैठक अयोजित

मधुबनी

खजौली सीएचसी के सभागार में गुरुवार को सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण के अध्यक्षता में आशा फैसिलिटेटर एव आशा कार्यकताओं की बैठक बुलाई गयी. इस बैठक के दौरान उपस्थित आशा फैसिलिटेटर एव आशा कार्यकताओं को कहा कि जो भी आशा कार्यकताओं द्वारा सर्वे रजिस्टर अघतन नही किया गया है वैसे आशा दो दिन के अंदर पूर्ण करने की आदेश दिया गया.यदि अधतन नही होने पर आशा एव आशा फेसिलेटर के प्रोत्साहन राशि पर रोक लगाते हुए अनुशासनिक करवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि 5 से 11 फरवरी तक मिशन परिवार विकास अभियान के तहत दांम्पत्ति संम्पर्क पखवारा में घर घर जाकर दांम्पत्ति से ग्रीभेट करके उनका सूची बनाकर 12 से 24 फरवरी तक सूची के अनुसार अस्थाई साधन एव स्थाई साधन उपलब्ध करवा सुनिश्चित करेगी.वही यूनिसेफ के बीएमसी कालीचरण झा ने उपस्थित आशा एव आशा फैसिलिटेटर को कहा कि एमडीआर एव सीडीआर कार्यक्रम के अंतर्गत पोषक क्षेत्र में किसी माता एव बच्चों की मृत्यु हो गयी है तो उसकी सूचना 24 घंटे के अंदर सीएचसी को देना सुनिश्चित करें. इस मौके पर हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट,बीसीएम शंम्भू कुमार, डब्लूएचओ रविंद्र ठाकुर,यूनिसेफ के बीसीएम कालीचरण झा,आशा फैसिलिटेटर मिलन कुमारी, शिला कुमारी, आशा कार्यकर्ता सुनीता कुमारी,अंजलि कुमारी,जागेश्वरी देवी,चंद्रकला देवी, सरिता कुमारी सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद थे.

# विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन गया किया



मधुबनी। खजौली प्रखंड़ सभागार में प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा के अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.इस विदाई सह सम्मान समारोह का मंच संचालन बीडीओ लवली द्वारा किया गया.इस दौरान सेवा निवृत्त जन सेविका क्रांति कुमारी को बीडीओ लवली कुमारी, प्रमुख कुमारी उषा, शिक्षक सतीश कुमार, प्रखंड़ नाजिर भास्कर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से पाग, दोपता, पुष्पमाला, अंग वस्त्र सहित अन्य समान देकर भावभिवनी रूप से विदाई की.इस दौरान प्रखंड़ प्रमुख कुमारी उषा ने कहा कि जो व्यक्ति सरकारी नौकरी में आता है उस व्यक्ति एक निश्चित समय में ही सेवा निवृत होना तय है.उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्त जन सेविका क्रांति कुमारी प्रखंड़ में साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में उनकी आम जनता एव जनप्रतिनिधि के साथ साहरणीय रहा है.वही बीडीओ लवली कुमारी ने कहा कि प्रखंड कर्मी पंचायत सेविका जी मृदु भाषीय है.उनके कुशल कार्य से प्रखंड़ स्तर के कोई भी पंचायत की विकास कार्य मे उनकी पूर्ण सहयोग रही. उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्त पंचायत जन क्रांति कुमारी जी का सेवा निवृत्त होने से प्रखंड़ कार्यालय में एक अनुभवी व्यक्ति को खो दिया है.वही सेवा निवृत्त क्रांति कुमारी की बेहत्तर कार्य शौली पर अनेको वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया . इस मौके पर प्रधान सहायक रमेश कुमार, प्रखंड़ नाजिर भास्कर कुमार, लेखा पाल पूजा कुमारी,कार्यपालक सहायक रुचि कुमारी, अम्न कुमार, अमित कुमार, जेई चंद्र नारायण, प्रखंड़ पंचायत सचिव शिव लाल साह, शशि सिंह,राम चंद्र, राम लखन पाठक,धर्मनाथ ठाकुर,चंदन कुमार , अरुण कुमार सिंह,रेवती चौधरी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे.

### परीक्षा के दौरान छात्र बेहोश

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय वासुदेवपुर में इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले पाली में ही गुरुवार को सिर में चक्कर होने के कारण एक छात्र बेहोश होकर गिर गया। छात्र की स्थिति को देखते हुए केंद्राधीक्षक जयप्रकाश ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ राम लखन पंडित ने प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया है। छात्र उजियारपुर थाना क्षेत्र का बताया गया है।

# जिला प्रशासन के एक्शन के वावजूद दरभंगा में नही थम रहा है भूमाफियाओं का मनोबल

दरभंगा कार्यालय बिहार के दरभंगा जिला में रातों रात तालाब की चोरी का मामला थमा नही था कि एक और तालाब गायब होने की खबर ने प्रशासन की नींद उड़ा कर रख दी है। ताजा मामला दरभंगा शहर के मिर्गियास चक स्थित मन पोखर है। जो सरकारी खाते में कैसरे हिन्द के नाम से दर्ज है। कानून के हिसाब से इसे ना तो कोई बेच सकता है और ना ही इसे कोई खरीद सकता है। उसके बावजूद भूमाफिया ने सरकारी तंत्र की मिलीभगत से 65 एकड़ में फैले तालाब को भरकर बेच रहे है। जब इस बात की शिकायत लेकर तालाब बचाओ अभियान के सदस्यों ने जिलाधिकारी से की, तो अपराधियों ने घर मे घुसकर जान से मारने की कोशिश की। लेकिन किस्मत अच्छा रहा कि उन्हें किसी प्रकार का नुकसान नही हुआ।



दरअसल, मन पोखर के नाम से चर्चित यह जलाशय पूर्व में बागमती नदी का फूटा हुआ एक धारा था। जिसे स्थानीय लोग तीन नाम मन पोखर, धोबिया पोखर तथा कोयला मन पोखर के नाम से जानते है। यह मन पोखर महेशपट्टी से शुरू होकर दुमदुमा होते हुए गिदरगंज तक जाता है। 65 एकड़ में फैला यह तालाब सरकारी दस्तावेजों में कैसर ए हिन्द के नाम से अंकित है। पूर्व के समय मे इस जगह के आसपास के लोग गर्मी के समय मे इस पोखर की ठंडी हवा के साथ कंचन पानी हिलोर का मजा लेते थे। लेकिन सरकारी तंत्र के उपेक्षा के कारण धीरे-धीरे इस तालाब का पानी गंदा होने लगा। जिसका फायदा उठाते हुए भूमाफिया ने इसे भर कर सरकारी तंत्र की मदद से बेचना शुरू कर दिया। आज मन पोखर के कई हिस्से में कंक्रीट के बड़े- बड़े मकान खड़े होने लगे है। वही तालाब बचाओ अभियान के सदस्य मो तासीम ने बताया कि 8 जनवरी को भूमाफिया के द्वारा मन पोखर को भरकर बेचने की शिकायत जिलाधिकारी से मुलाकात कर की। शिकायत के ठीक 48 घंटे बाद उनपर बदमाशो के द्वारा जानलेवा हमला हुआ। जिसमें वे अपनी बुद्धि विवेक से बच गए। वही तासीम ने शंका जताया कि कहीं भूमाफिया उनकी हत्या ना करा दे। जिसके लेकर उन्होंने दरभंगा के वरीय अधिकारियों से मुलाकात कर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। वही उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार सदर और बहादुरपुर अंचल कार्यालय में शिकायत की। क्योकि यह पोखर दोनों अंचल में आता है। लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात साबित हुआ। वही तासीम ने अपने आवेदन में कुछ लोगों का नाम अंकित करते हुए कहा है कि नामजद लोगों में प्रभावशाली व्यक्ति है। जिनका प्रशासन के अंदर अच्छा पेठ है। जिसका परिणाम है कि तालाब को चोरी छिपे बेचकर उसपर भवन का निर्माण कार्य करवाया जा

# नवनियुक्त कुलपति प्रो एलएन पांडेय ने पदभार सम्भाला

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा कार्यालय। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने गुरुवार पूर्वाह्न अपना पदभार संभाल लिया। मौके पर सभी पदाधिकारियों, प्रध्यापकों समेत अन्य कर्मियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सभी के प्रयास से संस्कृत को लोकभाषा बनानी है। आम बोलचाल में इसे प्रचलित भी करनी है। इसी क्रम में उन्होंने यह भी जोड़ा कि कार्यालयीय दैनिक कार्यों में अब आपस मे हमसभी संस्कृत में ही बातचीत करेंगे। इससे धीरे धीरे सभी मे सहजता आ जायेगी और एक नई शुरूआत होगी। कुलपति प्रो0 पांडे ने कहा कि अमूमन अशुद्ध बोलने के भय से ही हमलोग संस्कृत कम बोलना चाहते हैं । इससे शास्त्र व संस्कृति दोनों का क्षय होता है। इसलिए बेहतर होगा धीरे -धीरे ही सही, संस्कृत में बोल-चाल को बढ़ावा दें। तभी शास्त्र बचेगा और पांडित्य भी। प्रयास से सभी सम्भव है। इसलिए संस्कृत को व्यवहार में लाएं और संस्कृत भाषी अपने आप मे गौरव भाव रखें। उन्होंने कहा कि नौ माह में तो नई सृष्टि हो जाती है। ऐसे में प्रयास करने से सभी को संस्कृत भाषा का ज्ञान क्यों नहीं हो सकता है? उन्होंने संस्कृत की प्रतिष्ठा व विश्वविद्यालय की गरिमा को बढ़ाने की सभी से अपील भी की।इसके लिए सम्मिलित व संगठित होकर तन्मयता से कार्य करने का बीज मंत्र भी उन्होंने सुझाया। उन्होंने अयोध्या, काशी, तिरुपति व उज्जैन की चर्चा करते हुए यह भी कहा कि ऐसे कई उदाहरण है जहां धार्मिक व सांस्कृतिक विकास से सशक्त आर्थिक व शैक्षणिक उन्नति हुई है। इसी क्रम में कुलपति प्रो0 पांडेय ने कहा कि काशी व मिथिला की वैदुष्य परम्परा में काफी साम्यताएं हैं।हम सौभाग्यशाली हैं कि काशी से आकर मिथिला की पवित्र धरती पर कार्य करने का मौका मिला है। अपनी मौलिक शिक्षा तिरुपति में पूर्ण करने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वहां का संस्कार व वहां की संस्कृति आज भी हमपर हावी है और उसका असर यहां के कार्यों पर भी अवश्य रहेगा। सभी के साथ न्याय होने का भी उन्होंने भरोसा दिया। नई शिक्षा नीति एवं भारतीय ज्ञान व्यवस्था की विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय की मांग है कि सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को बहुविषयक होना है। इसलिए हमसभी को इस ओर भी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण बनाने की जरूरत है। कुलपति प्रो0 पांडेय ने अपनी सेवा के शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा कि जब कभी अत्यधिक कार्यभार का अवसर आता था तो वे अक्सर अपने सीनियर को यही कहते थे कि आप कम देते देते थक जाएंगे लेकिन वे काम करते करते नहीं थकेंगे। कुलपति ने कहा कि यह भावना हमने आज भी जिंदा रखी है। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के पीआरओ निशिकांत ने बताया कि संस्कृत व संस्कृति के प्रति कुलपति पूरे तौर पर समर्पित दिखे। विश्वविद्यालय को नई पहचान दिलाने के लिए उन्होंने सभी से सम्मिलित रूप से सम्यक सहयोग की अपेक्षा की। बता दें कि विश्वविद्यालय कैम्पस आने से पूर्व उन्होंने मां श्यामा से आशीर्वाद प्राप्त कर परिसर स्थित महाराजाधिराज डॉ0 सर कामेश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद लगातार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कुलपति कार्यालयीय कक्ष में पदभार ग्रहण की औपचारिकता निभाई गयी। निवर्तमान कुलपति प्रो0 शाशिनाथ झा ने खुद उन्हें कुलपति की कुर्सी पर बैठाया और भविष्य में सभी तरह के सहयोग का आश्वासन भी दिया।

# बदमाशों ने चाय-नाश्ता की दुकान चलाने वाले कारोबारियों को धारदार हथियार गोदा, एक की मौत

समस्तीपुर जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक चाय नाश्ता की दुकान चलाने वाले दो कारोबारी के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें एक की मौत हो गई। वहीं दूसरा अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। मृतक की पहचान पिपरा घाट निवासी स्वर्गीय रामकिशोर मुखिया के पुत्र अमरजीत मुखिया के रूप में की गई है। बताया गया कि बुधवार की देर रात अपने चाय नाश्ते की दुकान को बंद कर दोनों एक साथ जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात अपराधियों के द्वारा उनके ऊपर हमला कर दिया गया। मृतक की पहचान पिपरा घाट निवासी स्वर्गीय रामकिशोर मुखिया के पुत्र अमरजीत मुखिया के रूप में की गई है। वहीं इस घटना में जख्मी हुए दूसरे शख्स की पहचान शुलो मुखिया के पुत्र सज्जन मुखिया के रूप में की गई है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, शुक्रवार,02 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### 121वीं जयंती पर याद किये गए भूपेंद्र बाबू

मुरलीगंज संवाददाता

केपी कॉलेज परिसर में गुरुवार को महाविद्यालय परिवार द्वारा सामाजिक समरसता के पैरोकार भूपेंद्र नारायण मंडल की जयंती मनाई गई। शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान वक्ताओ ने भूपेंद्र नारायण मंडल के जीवन पर प्रकाश डाले। कहा कि महान समाज सुधारक भूपेंद्र बाबू जैसे महापुरुष विरले ही होते है। जो समाज के उत्थान और अधिकार के लिए खुद को समर्पित कर दे। मौके पर प्राचार्य डॉ जवाहर पासवान ने कहा कि दुनिया में अनगिनत महापुरुष है जिसे लोग आज अपने सराखों पर रख घुम रहे हैं। इतिहास गवाह है दुनिया में किसी भी व्यक्ति का किया हुआ कर्म आज तक बेकार नहीं गया है। जिस समय भूपेंद्र बाबू इस सुदूर इलाके के लिए कर्म कर रहे थे। उन्हें ये अंदाज और पता भी नही था कि आने वाले समय में मधेपुरा हीं नही संपूर्ण देश हमें इस रूप में समाज स्वीकार करेंगे। और मधेपुरा में मेरे नाम से विश्वविद्यालय भी होगा। मौके पर डॉ महेंद्र मंडल, प्रधान सहायक नीरज कुमार निराला, लेखापाल देवाशीष देव, सुशांत कुमार सिंह, अली अहमद मंसूरी सहित महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

### केंद्र सरकार की बजट में आम लोगों की जीवन में कठिनाई बढ़ी : किशोर कुमार

सहरसा। पूर्व विधायक किशोर कुमार ने आज केंद्र सरकार द्वारा जारी आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार के 10 साल पूरे होने को हैं और इन 10 सालों में हर बार का बजट सरकार की नजर में ऐतिहासिक रहा है लेकिन इससे आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास अर्थव्यवस्था सुधारने की कोई ठोस योजना दिखाई नहीं देती। बजट में सरकार ने उद्योगपतियों का टैक्स 22 फीसदी कम कर दिया है, मिडिल क्लास को कोई राहत नही दी है। भारत के मीडिल क्लास को सबसे ज्यादा नौकरियां क्ळ सेक्टर से मिलती है क्ळ सेक्टर में इस वक़्त नौकरियां पिछले 20 सालों के सबसे निचले लेवल पर है। भारत के एक्सपोर्ट में क्ळ सबसे बड़ा हिस्सा हैमनुफैक्करिंग, जो खत्म हो ही चुका है। किशोर कुमार ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के किसानों, नौजवानों, महिलाओं और मिडिल क्लास सहित किसी को कुछ भी नहीं दिया। बेरोजगारी के हाहाकार में देश के आधे युवा तो रोजगार की उम्मीद भी छोड़ चुके हैं। देश की कार्यशक्ति में महिलाओं की भागीदारी लगातार घटती जा रही है। किसानों की आमदनी लगातार कम होती जा रही है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से बजट देख और सुन रहा हूं। हर साल का बजट मीडिया के हिसाब से ऐतिहासिक होता है मगर 2014 के बाद से देश में ऐसा कुछ बदला तो नहीं, लोगों की लाइफ़ और भी डिफिकल्ट होती चली जा रही है लेकिन बस बजट ऐतिहासिक होता है।

# देश में सबसे ज्यादा प्रदूषित है सहरसा की हवा...सावधान !

प्रणव कुमार, प्रात: किरण, संवाददाता



- सहरसा देश का एकमात्र शहर (एक्यूआई) 421 पर गंभीर श्रेणी में
- श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बन सकता है
- मौसम पर भी बड़ा प्रभाव देखने मिल सकता है

सहरसा। बिहार में वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें सबसे अधिक अदक421 पर सहरसा में है। पटना का अदक343 पर बहुत खराब बना हुआ है, मुरादपुर में 428 पर उच्चतम एक्यूआई दर्ज किया गया है। बिहार के अन्य शहरों में भी हवा की गुणवत्ता बहुत खराब है, 312 से 399 के बीच है। बिहार में वायु प्रदूषण की स्थिति मंगलवार को देश में सबसे खराब रही। सहरसा देश का एकमात्र शहर था जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 421 पर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया था। राज्य के 10 अन्य शहरों में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दैनिक बुलेटिन के अनुसार, पटना का अदक343 पर बहुत खराब रहा। पटना के छह निगरानी स्टेशनों में से, मुरादपुर में सबसे अधिक अदक428 दर्ज किया गया, इसके बाद समनपुरा (420), उ्रूप्त कार्यालय में दर्ज किया गया। खगौल (401), राजबंसी नगर (361), पटना सिटी (341) और तारामंडल (107)। बहुत खराब हवा वाले अन्य शहर थे भागलपुर (399), राजगीर (360), छपरा (356), किशनगंज (356), औरंगाबाद (348), समस्तीपुर (342), पूर्णिया (338), आरा (336) और बिहारशरीफ (312). 0 से 100 तक अदकको अच्छा, 100 से 200 को मध्यम, 200 से 300 को खराब, 300 से 400 को बहुत खराब और 400 से 500 या उससे ऊपर को गंभीर माना जाता है।

**बढ़ते पॉल्यूशन से होने वाली बीमारी एवं प्रभावः-**

बहुत खराब अदकलंबे समय तक रहने पर श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बन सकता है, जबकि गंभीर हवा स्वस्थ लोगों पर भी श्वसन प्रभाव डाल सकती है, और फेफड़े/हृदय रोग वाले लोगों पर गंभीर स्वास्थ्य प्रभाव डाल सकती है।

**मौसम वैज्ञानिकों के द्वारा दी गई जानकारीः-**

इस बीच, मौसम वैज्ञानिकों ने 31 जनवरी और 1 फरवरी को सुबह के समय राज्य में घने से बहुत घने कोहरे की भविष्यवाणी की है। अगले कुछ दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में ठंडे दिन या बहुत ठंडे दिन की स्थिति बनी रहेगी। 2 फरवरी से न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट शुरू हो सकती है। अधिकतम तापमान 16 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जाएगा। त्वरित उत्तराधिकार में दो पश्चिमी विक्षोभ मंगलवार और 3 फरवरी को उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। इस प्रणाली के प्रभाव के तहत, 1 फरवरी को बिहार में अलग-अलग स्थानों (दक्षिण-पश्चिम बिहार को छोड़कर) में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है और थोड़ी देर के लिए बारिश होगी। 2 फरवरी को उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व बिहार में बारिश होने की संभवनाएं।

# बीईओ के सेवानिवृत्त होने पर किया गया विदाई समारोह

### बीईओ रामगुलाम गुप्ता के कार्यालय पर विस्तार से किया चर्चा



मुरलीगंज संवाददाता

प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार की शाम बीईओ रामगुलाम गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षकों ने विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह कक उद्घाटन बीईओ रामगुलाम गुप्ता, कुमारखंड बीईओ कुमार गुणानंद सिंह, घैलाढ़ बीईओ रमेशचंद्र रमन, डीडीओ योगेश्वर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान शिक्षकों ने सेवानिवृत्त हुए बीईओ रामगुलाम गुप्ता को सहित अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूनम शर्मा ने की। मौके पर बीईओ रामगुलाम गुप्ता ने अपने बीते हुए कार्यकाल के बारे में विस्तार से बताया। वही अन्य वक्ताओ ने कहा कि रामगुलाम बाबू शिक्षकों से संबंध स्थापित कर शैक्षणिक कार्यों के प्रति सदेव संकल्पित रहा है। जिसके लिए वे सदा याद किये जाएंगे। सरल स्वभाव और मृदुभाषी रहे रामगुलाम बाबू से शिक्षको को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मौके पर बीपीआरओ राजकुमार, सीडीपीओ आशीष नंदन, सेनि शिक्षक चुरानंद सिंह, पप्पू कुमार, अंजय कुमार, ब्रजेश कुमार, भवेश कुमार सहित दर्जनों शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# फइलेरिया से अपहिज होने से बचे, जरूर खायें फाइलेरिया रोधी दवा



प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों में 10 से 27 फरवरी तक चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान दो वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चे, गर्भवती माताओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी को आशा कार्यकत्ताओं, स्वास्थ्य कर्मियों एवं स्वयं सेवकों द्वारा डीईसी एवं अल्बेण्डाजोज की निश्चित खुराक खिलाई जायेगी। लाइलाज बीमारी फाइलेरिया से बचाव जरूरी है। फइलेरिया रोग से ग्रसित होकर कोई भी व्यक्ति जीवन भर के लिए अपाहिज हो सकता है। आंकड़ों की मानें तो विश्व में विकलांगता में फइलेरिया दूसरा सबसे बड़ा कारण।

**17 दिनों तक चलेगा अभियान-**

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सहरसा बस्ती में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम संचालित होने से पूर्व पोषक क्षेत्र की सभी आशा कार्यकत्ताओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें 17 दिन चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान संचालित गतिविधियों की जानकारी दी गई एवं दवा के निश्चित खुराक से अवगत भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण को संबोधित कर रहे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. आरके सिंह ने बताया जीवन भर के लिए अपाहिज कर देने वाले इस बीमारी से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग कृत संकल्पित है। इसलिए सरकार द्वारा वर्ष में दो बार सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को दवा सेवन कराया जाता है। उन्होंने बताया स्वस्थ्य व्यक्ति भी इस दवा का सेवन अवश्य करायें। दवा सेवन से उनके शरीर में पल रहे माइक्रो फाइलेरिया परजीवी नष्ट हो जायेंगे, जिसका पता उन्हें नहीं है। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसका पता बहुत बाद में चलता है, तब तक यह कई अन्य लोगों को भी अपने चपेट में ले सकता है।

**पहले तीन दिन कैम्प लागाकर खिलायी जाएगी दवा**

आशा कार्यकत्ताओं को प्रशिक्षण देने आये पीरामल स्वास्थ्य प्रतिनिधियों द्वारा आशा कार्यकत्ताओं को बताया गया कि इस बार यह अभियान 10 फरवरी से आरंभ होकर 27 फरवरी तक चलेगा। जिसके पहले तीन दिनों तक कैम्प लगाकर सामुहिक रूप से लोगों को दवा सेवन कराया जाएगा। यह कैम्प स्थानीय विद्यालयों, कॉलेजों, कार्यालयों के समीप आयोजित किये जायेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को एकसाथ दवा सेवन कराया जा सके। इसके लिए सभी प्रकार तैयारियाँ हो रही हैं। इसके बाद 6 दिनों तक घर-घर जाकर लोगों को दवा सेवन कराया जाना है। किसी को खाने के लिए दवा वितरित नहीं किया जाना है। जो भी लक्षित लाभर्थी हैं उन्हें अपने सामने दवा सेवन कराया जाना है। जो लोग छूट जाएंगे। उन्हें 7वें दिन उनके घर पर जाकर दवा सेवन कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

# भूपेंद्र बाबू के प्रतिमा पर संयुक्त छात्र संगठन ने माल्यार्पण कर अर्पित किया श्रद्धासुमन

मधेपुरा । प्रात: किरण संवाददाता



समाजवाद और सामाजिक न्याय के पुरोधा भूपेंद्र नारायण मंडल के जयंती पर गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित भूपेंद्र बाबू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संयुक्त छात्र संगठन ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। एनएसयूआई, एआईएसएफ और आइसा के दर्जनों नेताओ और कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की समाजवाद के प्रतीक एवं स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक भूपेंद्र नारायण मंडल का नाम पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। राज परिवार में जन्मे भूपेंद्र बाबू अपना पूरा जीवन फकीर बनकर गुजारा। उन्हें समाज के गरीब, कमजोड़, शोषित और वंचित वर्ग के दर्द, पीड़ा, शोषण हमेशा विचलित करती रही। उन्होंने हमेशा कमजोड़ वर्गों की आवाज सड़क से सदन तक उठाने का काम किया। जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की आज के राजनेताओं को भूपेंद्र बाबू को आत्मसात करने की जरूरत है। उनके विचारों को आत्मसात कर ही समाज और देश का भला संभव है।जब तक समाज में भूपेंद्र बाबू के विचार प्रवाहित नही होंगे तक तक समतामूलक समाज की स्थापना अभाव नहीं है। वही एआईएसएफ जिलाध्यक्ष वसीमुद्दीन उर्फ नन्हे ने कहा की भूपेंद्र बाबू दबे, कुछले और गरीबों के मसीहा था। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के लिए न्योछावर कर दिया। उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वही आइसा जिला सचिव पावेल कुमार ने कहा की भूपेंद्र बाबू के सपने का समाज बनाने के लिय हम सभी प्रतिबद्ध है। उनके विचारों को समाज में स्थापित करके ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा माना जायेगा। उन्होंने कहा की भूपेंद्र बाबू ने समाजवाद को अपने जीवन में असल में उतारा है वो हमारे प्रेरणाश्रोत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला महासचिव नवीन कुमार, जिला सचिव सोनू कुमार, प्रखंड संयोजक आशीष कुमार, निरंजन कुमार, ललन कुमार, लालबहादुर कुमार, एआईएसएफ के प्रभात रंजन, आइसा जिलाध्यक्ष सनी कुमार समेत आदि उपस्थित थे।

# गड़बड़ी पाये जाने पर आंगनबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

सहरसा। प्रखंड क्षेत्र विभिन्न पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर वितरण का बुधवार को बीडीओ रचना भारती ने निरीक्षण किया । तथा टीएचआर वितरण में गड़बड़ी का शिकायत पर बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के धबौली दक्षिणी, धबौली पूर्वी एवं पस्तपार पंचायत के कई आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करते आंगनबाड़ी सेविका से जानकारी लेते सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिया। बीडीओ रचना भारतीय ने बतायी कि धबौली दक्षिणी के केन्द्र संख्या 130 पर संबंधित वार्ड सदस्य द्वारा नियमित केन्द्र संचालन नहीं होने की शिकायत का जांच किया है। तथा आंगनबाड़ी सेविका को नियमित केन्द्र संचालन करने सहित सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधा लाभार्थियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। तथा निर्देश का अनुपालन नहीं होने पर विधिसंगत कार्रवाई करने की चेतावनी दिया है। वहीं सेविका द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र को अपना भवन नहीं रहने के कारण केन्द्र संचालन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बीडीओ ने धबौली पूर्वी का आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 76, पस्तपार पंचायत का केन्द्र संख्या 61 एवं 62 पर वितरण हो रहें टीएचआर का निरीक्षण के दौरान लाभुकों को चावल, दाल, सोयाबीन दिया जा रहा था। लेकिन तेल, मशाल और नमक नहीं दिया जा रहा था। जिस पर उन्होंने कहा नियमतः तेल मशाला एवं नमक भी दिये जाने का निर्देश दिया है। बीडीओ ने संबंधित सभी सेविकाओं को विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में नियमित केन्द्र संचालित रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा शिकायत मिलने पर जांचोपरांत गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कमला राणा साइंस कॉलेज में भूपेंद्र नारायण मंडल की मनाई गई जयंती



पुरैनी,मधेपुरा

पुरैनी के सपरदह स्थित कमला राणा साइंस कॉलेज प्रशांत नगर में गुरुवार को भव्य तरीके से मनाई गई भूपेंद्र नारायण मंडल की मनाई गई जयंती। इस दौरान सर्वप्रथम महाविद्यालय के सदस्यों व छात्र छात्राओं ने भूपेंद्र नारायण मंडल के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या अनुप्रिया राज ने कहा कि भूपेन्द्र नारायण बाबू कोई साधारण नाम नहीं बल्कि वह इस क्षेत्र के लिए एक शैक्षणिक प्रकाश फैलाने वाले दधिचि थे, भूपेंद्र बाबू के नाम से स्थापित मधेपुरा विश्वविद्यालय इस सुदूर ग्रामीण देहाती क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के लिए एक वरदान ही है। भूपेंद्र नारायण मंडल की जयंती पर संस्थापक प्रशांत कुमार ने कहा कि भूपेंद्र बाबू का जीवन चरित्र अनुकरणीय है उनको सच्ची श्रद्धांजलि सही मायने में तभी होगी जब हम उनके बताएं शिक्षा संदेशों को जन-जन तक पहुंचाए और लोगों के बीच यह जागरूकता फैलाएं की बच्चों को सबसे पहले शिक्षा से जोड़ना है क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षा ही सफलता का सबसे मुख्य अस्त्र है।

# देश में सबसे अधिक नौकरी देने वाली भारतीय रेलवे को बेचने में लगी मोदी सरकारः कुंदन

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा। शहर के कचहरी हॉल्ट पर रेलवे में खाली पड़े सभी पदों पर बहाली निकालने की मांग को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा(आरवाईए) के देशव्यापी आह्वान पर कार्यकत्ताओं ने प्रतिवाद दिवस आयोजित कर विरोध-प्रदर्शन किया. कार्यकत्ताओं ने आरवाईए राष्ट्रीय पार्षद सह माले नेता कुंदन यादव के नेतृत्व में जुलूस के शक्ल में कचहरी हॉल्ट पहुँचे और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। मौके पर संबोधित करते हुए आरवाईए राष्ट्रीय पार्षद सह माले नेता नेता कुंदन यादव ने कहा की प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली मोदी सरकार ने देश मे सबसे अधिक नौकरी देने वाली भारतीय रेलवे को बेचने में लगी है लगातार रेलवे में रिक्त पदों को खत्म कर देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम रही है जो बेहद शर्मनाक है और उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार से नौकरी की मांग करने वाले नौजवानों पर मुकदमा कर उसे जेल में डाल कर डराने-धमकाने का काम कर रही है देश के नौजवान मोदी सरकार से डरने वाला नही है रोजगार के मुद्दे पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

मौके पर रेलवे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र रामप्रवेश कुमार ने कहा कि कहा की केन्द्र की मोदी सरकार ने रेलवे में लाखों पद खाली होने के बाद भी मात्र 5692 पदों पर बहाली निकाली है जो नौजवानों के साथ सरासर अन्याय है और उन्होंने कहा कि एएलपी/टेक्नीशियन के पदों की तैयारी करने वाले लाखो नौजवानों के लिए रिक्त सीट होने के बाबजूद कोई भर्ती नहीं दी गई, जिससे छात्रों को सरकार के प्रति काफी आक्रोश है। मौके पर आरवाईए नेता सागर कुमार, मुकेश कुमार, रमेश कुमार शर्मा, शंकर कुमार, दिलखुश कुमार, सूरज कुमार, दीपक कुमार, सती कुमारी, राजकुमार राम, प्रवेश कुमार, दीपक कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# भूपेन्द्र बाबू जैसे संत राजनीतिज्ञ को याद करना हम सब का परम कर्तव्य :डॉ.मधेपुरी

मधेपुरा । प्रात: किरण संवाददाता

जिला मुख्यालय स्थित भूपेन्द्र चौक पर एनएच106 की अप्रत्याशित ऊंचाई बढाये जाने के बाद नए कलेवर में बने मनीषी भूपेन्द्र नारायण मंडल की प्रतिमा मंडप पर समाजसेवी-साहित्यकार डॉ.भूपेन्द्र नारायण यादव मधेपुरी की अध्यक्षता में 1 फरवरी को उनकी 121वीं जयंती भव्य समारोह के रूप में मनाई गई। मौके पर दो सरकारी एवं तीन गैर सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में बैनर और बैंड बाजा के साथ भूपेन्द्र बाबू अमर रहे के नारे लगते रहे। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर सर्वप्रथम माल्यार्पण करते हुए अध्यक्ष डॉ.मधेपुरी ने कहा कि भूपेन्द्र नारायण मंडल सरीखे संत राजनीतिज्ञ को सदैव याद करना हम सबका परम कर्तव्य है। डॉ.राम मनोहर लोहिया की तरह भूपेन्द्र बाबू भी समाजवादी विचारधारा के अग्रणी महानायक रहे हैं। वे दोनों समस्त समाजवादियों के प्रेरणा स्रोत रहे हैं और आगे भी रहेंगे। डॉ.मधेपुरी ने उन्हें सुलझे सोच का नेक इंसान बताया और कहा कि वे जीवन भर विषमता मिटाने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के जरिए छुआछूत की दीवार को गिराने में लगे रहे। मौके पर साहित्यकार प्रो.सिद्धेश्वर कश्यप एवं पूर्व प्रधानाध्यापक डॉ.सुरेश भूषण ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन एक खुली किताब की तरह है। बीएनएमयू के पूर्व जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार ने कहा कि वे भारतीय संसद में सदैव गरीब गुरबों के हित के लिए लड़ते रहे। डॉ.रामचंद्र यादव, डॉ आलोक कुमार एवं पूर्व उपाध्यक्ष रामकृष्ण यादव तथा शिक्षक नेता परमेश्वरी प्रसाद यादव ने कहा कि भूपेन्द्र बाबू एक ऐसे इंसान थे जिन्हें ना तो हार में कभी गम हुआ और ना जीत में खुशी। ज्ञानदीप निकेतन के निदेशक चिरामणि यादव, अधिवक्ता सीताराम पंडित एवं बीएनएमयू की शोधार्थी जयश्री ने कहा कि भूपेन्द्र बाबू वैसौं की मदद करते थे जिन पर किसी की नजर नहीं पड़ती थी। इसके अलावे संजीव लोचन, सतीश चंद्र, संत कुमार, अमरेश कुमार, भारत भूषण, मुन्ना जी, महेंद्र साह, रामकुमार, पप्पू कुमार, संजय मुखिया, समाजसेवीका विनीता भारती, सीपीएम नेता मानव, शिक्षक गणेश कुमार आदि भूपेन्द्र विचारधारा के सभी समर्थकों ने पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि दी। अंत में समाजसेवी शौकत अली ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

# बिहार की तरक्की तेज गति से होगीः जदयू विधान पार्षद संजय सिंह



प्रात: किरण, संवाददाता

पतरघट/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के पस्तपार गांव में पूर्व जिप सदस्य इंद्र भूषण सिंह इंदु के आवास पर महाराणा प्रताप फाउंडेशन के संस्थापक सह जदयू विधान पार्षद संजय सिंह की उपस्थिति में बुधवार देर शाम को एक बैठक हुई। बैठक में विधान पार्षद संजय सिंह ने कहा कि 28 जनवरी को महाराणा प्रताप की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम पटना में होना था। लेकिन उस दिन उससे भी बड़ा कार्यक्रम हो गया। सरकार में नीतीश कुमार एनडीए के साथ आए। इससे बिहार की तरक्की तेज गति से होगी। इंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विधान पार्षद संजय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा हर जगह लगाने के साथ ही चार सूत्री मामलों पर फाउंडेशन काम करेगी। इसके लिए हर जगह सदस्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंद्र भूषण सिंह उनके पुराने साथी के साथ ही बड़े भाई के समान हैं। उन्होंने कहा कि समरस समाज की स्थापना के लिए वे गांव गांव घूम रहे हैं। सभी को एक प्लेट फार्म पर लाकर नया समाज बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों के उत्थान में फाउंडेशन मील का पत्थर साबित होगा। संजय सिंह ने पस्तपार के सुबोध नारायण सिंह के आवास पर पहुंच उनके निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि अभिभावक के रूप में सुबोध बाबू का सानिध्य मिला है। इससे पहले विधान पार्षद का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर जेडीयू के प्रदेश महासचिव सह एसपीएम लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सत्यजीत यादव, पूर्व विधायक शंकर सिंह, मुखिया बंटी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सिया राम यादव, अजय आनंद, चंद्र किशोर यादव, अखिलेंद्र नारायण सिंह, बिनोद निराला, विनीत परमार, डा दीपक कुमार, महाकांत यादव, चिरंजीव परमार, पैक्स अध्यक्ष उत्तम सिंह, आलोक कुमार, सुभाष सिंह, बाबू साहब, मुरारी महापात्रा, विशुनदेव यादव, रामाधीन महतो, श्यामसुंदर राम सहित बड़ी संख्या में इलाके के गणमान्य मौजूद थे।

# भूपेंद्र नारायण मंडल जन्मोत्सव का आयोजन

मधेपुरा । प्रात: किरण संवाददाता



**भूपेन्द्र नारायण मंडल अपने आपमें एक संस्था थे : कुलपति**

महामना भूपेंद्र नारायण मंडल अपने आपमें एक संस्था थे। उनके विचारों एवं कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने कही। वे गुरुवार को भूपेंद्र नारायण मंडल जन्मोत्सव समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक परिसर अवस्थित दीक्षा स्थल पर किया गया। कुलपति ने कहा कि मधेपुरा समाजवाद एवं सामाजिक न्याय का की धरती है। उनका यह सौभाग्य है कि उन्हें इस महान धरती पर महामना भूपेंद्र नारायण मंडल के नाम पर विश्वविद्यालय की सेवा का अवसर मिला है। इसके लिए वे महामहिम राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आभारी हैं। कुलपति ने कहा कि वे सभी कार्य नियम-परिनियम के अनुरूप समयबद्ध रूप में करने की हरसंभव कोशिश करेंगे। इसमें सभी पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों विभागाध्यक्षों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। सबों को मिलकर इस विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाना है और सरकार एवं समाज की अपेक्षाओं को पूरा करना है।कुलपति ने कहा कि भूपेंद्र बाबू ने सामंती जमींदार परिवार में जन्म लिया था। इसके बावजूद उन्होंने समाजवाद एवं सामाजिक न्याय के लिए काम किया। वे हमेशा सदन से लेकर सड़क तक आम लोगों की आवाज को बुलंद करते रहे। कुलपति ने कहा कि भूपेंद्र बाबू सभी लोगों के साथ समानता का व्यवहार करते थे और विरोधी विचारों का भी सम्मान करते थे। वे जाति नहीं, बल्कि जमात की राजनीति करते थे। डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि हम सबों को मिलकर भूपेंद्र बाबू के विचारों एवं कार्यों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। डॉ. भूपेन्द्र नारायण यादव मधेपुरी ने कहा कि भूपेन्द्र बाबू मनसा, वाचा एवं कर्मना समाजवादी थे। वे अपने विरोधियों का भी सम्मान करते थे। पूर्व प्रधानाचार्य सह पूर्व सिंडिकेट सदस्य डॉ. परमानंद यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाना ही भूपेन्द्र बाबू के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलपति ने महामना भूपेंद्र नारायण मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका ने अपनी स्वरचित कविता ह्यबीएनएमयू जय हो, जय होह्न प्रस्तुत किया। पार्वती विज्ञान महाविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष रीता कुमारी के नेतृत्व में कुलगीत, स्वागत गान एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति हुई, जिसमें सुनीत साना, संतोष राजा, पूजा कुमारी, सुगंधा कुमारी, सुष्मिता कुमारी, अंजली कुमारी, नितेश कुमार शामिल थे। इस अवसर पर मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. आर. के. मल्लिक, वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजूम, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. प्रज्ञा प्रसाद, डॉ. अमोल राय, डॉ. रामभजन मंडल, डॉ. उषा सिन्हा, प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार, कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव, सीनेटर डॉ. रंजन यादव, शोधार्थी डॉ. माधव कुमार, सौरभ कुमार चौहान, सारंग तनय, सोनू कुमार, राहुल पासवान आदि उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार का अंतरिम बजट अत्यंत निंदनीयः जवाहर निराला

प्रात: किरण, संवाददाता

बिहारीगंज- सिमरी बख्तियारपुर कारुस्थान रेल परियोजना संघर्ष मोर्चा के संयोजक जवाहर निराला, ने कहा कि केंद्र सरकार का अंतरिम बजट अत्यंत निंदनीय है। 50 वर्षों से कोसी क्षेत्र का एकमात्र आस लगाए बैठे यहां की जनता बिहारीगंज सिमरी बख्तियारपुर रेल लाइन बिछाने को लेकर प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, सांसद सभी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि जल्द से जल्द इस रेल परियोजना को मूर्त रूप दिया जाए। लेकिन अंतरिम बजट में राशि आवंटन की चर्चा नहीं करना बहुत ही घोर निंदनीय है। देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है। लोकतंत्र का मतलब सबका बराबर की भागीदारी मानी जाती है। सर्व विदित है कि बिहारीगंज- सिमरी बख्तियारपुर रेल परियोजना 50 वर्षों से करोड़ो लोग रेल का आस लगाए बैठे हैं। लगभग 5 दशक से बिहारीगंज से सिमरी बख्तियारपुर के बीच के लोगों का रेल के आस लगाए बैठे हैं। सिमरी बख्तियारपुर बिहारीगंज पांच दशक पूर्व रेल लाइन बिछाने को लेकर सर्वे भी कराया गया था सर्वे के बख्तियारपुर सोनबरसा राज बनवा इटहरी समेत दर्जनों गांव के लोगों को आस जागी लेकिन समय बीतने के साथ में रेल लाइन बिछाने का सपना साकार नहीं हो पाया। अभी भी लोगों का इंतजार है कि कोई रहनुमा सरकार में आएंगे तो सिमरीबख्तियारपुर - बिहारीगंज रेल लाइन बिछाने का कार्य संभव हो जाएगा । अंग्रेजी शासन काल का रेलवे स्टेशन बिहारीगंज-सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल समेत सौर बाजार प्रखंड क्षेत्र सोनबरसा राज का चंडी अस्थान गाजीपत्ता का एक मार्ग रेलवे स्टेशन है जिसका जुड़ाव खगड़िया मानसी राजधानी पटना दिल्ली समेत और शहर तक लोग प्रतिदिन यात्रा करने के लिए सिमरी बख्तियारपुर पहुंचते हैं।

प्रधानमंत्री हमेशा बोलते हैं सबका साथ सबका विकास, यह कैसा सबका साथ सबका विकास जबकि रेल मंत्रालय द्वारा वर्ष 1974 में सिमरी बख्तियारपुर बिहारीगंज तक रेल सर्वेक्षण कराया था उसे योजना को ठंडा बस्ते में डाल दिया गया । जो भी रेल मंत्री बने उन्होंने फाइल पर तो चर्चा की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया । 2004-5 में पूर्व रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव ने सिमरी बख्तियारपुर -बिहारीगंज रेल लाइन बिछाने की घोषणा की । लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। विगत 50 वर्षों में यहां की जनता ने रेल की चाहत में लोकसभा क्षेत्र से तीन लोक सभा क्षेत्र खगड़िया मधेपुरा पूर्णिया एनडीए के उम्मीदवार को जिताकर भेजते रहे हैं।कोसी प्रमंडल में बिहारीगंज रेलवे स्टेशन से नई रेल लाइन बिछाए जाने को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अंग्रेजी शासनकाल का सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन बिहारीगंज के उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र का एकमात्र ऐसा रेलवे स्टेशन है जिसका जुड़ाव सीमावर्ती पूर्णिया, खगड़िया, भागलपुर, सहरसा जिले के सुदुरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में रहने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों यात्री यात्रा करते हैं। जब 1996 मे रामविलास पासवान, रेल मंत्री बने थे तो उन्होंने भी उक्त रेलखंड का सर्वे कराए थे। सर्वे के बाद भी स्थिति जस की तस बनी रही। रेलवे संघर्ष समिति के सदस्यों ने आंदोलन भी किया था। 21 अक्टूबर पत्रांक 01 /2023-24 रेल मंत्री, भारत सरकार को दिया। लेकिन मामला वहीं ढाक के तीन पात वाला रहा।

**मुख मांग**

1. बिहारीगंज सिमरी बख्तियारपुर कारू आस्थान तक फिर से नए सिरे से सर्वे करा कर परियोजना को तुरंत चालू की जाए।
2. प्राथमिकता सूची में जोड़ते हुए, पंचवर्षीय योजनाओं में इस परियोजना को जोड़ा जाए ।

## संक्षिप्त खबरें

### सबके सहयोग से शांति व्यवस्था रखूंगा कायम : टिंकू कुमार

इसुआपुर। इसुआपुर के नए थाना अध्यक्ष के रूप में टिंकू कुमार ने योगदान किया। अपने योगदान के पश्चात उन्होंने कहा कि प्रखंड के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं व आम लोगों के सहयोग से थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने का प्रयास करूंगा। अपराध नियंत्रण मेरी पहली प्राथमिकता होगी। वहीं निवर्तमान थानाध्यक्ष मिहिर कुमार का स्थानांतरण सिवान जिले में हो गया है। साथ ही अपर थानाध्यक्ष निधि कुमार का भी स्थानांतरण कोपा थाना में हो गया है। उनकी जगह कुंदन कुमार ने योगदान किया है। नए अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना अध्यक्ष के साथ मिलकर तथा आम लोगों के सहयोग से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करुंगा।

### बजट सबके हित वाला एक शानदार बजट: रणजीत कु. सिंह

छपरा कार्यालय।संसद में भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया अंतरिम बजट की सहाराणा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि बजट में देश के चारों स्तंभों का युवा महिला किसान एवं गरीबों का ख्याल रखा गया है यह बजट मजबूत भविष्य की गारंटी वाली बजट है। भाजपा के जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि यह बजट भारत के भविष्य एवं युवाओं को रोजगार देने वाला बजट है यह विकसित भारत बनाने वाला बजट है इस बजट में विश्वास का समावेश है समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है निश्चित तौर पर भारत आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने वाला बजट है।

# बजट विकसित भारत के चार स्तंभों- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा : डॉ. सी एन गुप्ता

● बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मोदी सरकार के बेहतरीन बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा की आज का अंतरिम बजट समावेशी होने के साथ-साथ नवोन्वेषी भी है. इस बजट में निरंतरता का विश्वास है. उन्होंने कहा, ह्यये बजट विकसित भारत के चार स्तंभों- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का ये बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है. इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है. मैं वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। पिछले 10 सालों में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सीढ़ी दर सीढ़ी आगे बढ़ रहे हैं चाहे वह युवा हों, या महिलाएं हों, या किसान, हर एक के लिए काम हुआ है और वह इस बजट में परिलक्षित हो रहा है। इस बजट में विकसित भारत के लिए स्थापित किए गए सभी चार स्तंभों- किसान, युवा, गरीब और महिलाएं शामिल थे। पीएम आवास योजना के तहत 2 करोड़ और मकान स्वीकृत करना, ह्यलखपति दीदीह्ण स्वयं सहायता समूहों के लिए 3 करोड़ की संख्या तय करना, ऐसी कई योजनाएं बताती हैं कि एक तरफ जहां कल्याणकारी योजनाएं हैं, वहीं दूसरी तरफ बुनियादी ढांचे के विकास जैसी व्यय योजनाएं भी हैं।

## भाजपा नेता एवं मेयर ने किया शुभारम्भ व उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा । सारण के भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी के माध्यम से छपरा नगर निगम में आयुषमान कार्ड का रजिस्ट्रेशन, विश्वकर्मा योजना का रजिस्ट्रेशन एवं गैस पाइप लाइन का रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ मासुमेश्वर नाथ मंदिर मासुमगंज का उदघाटन भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कु सिंह द्वारा एवं राजेंद्र कॉलेज पोखरा वरिष्ठ नागरिक कैम्पस में छपरा के मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूजा करके शुरू किया गया, इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत सिंहः ने कहा कि सारण लोकसभा के सभी 06 विधानसभा में सांसद राजीव प्रताप रूडी के सौजन्य से प्रत्येक गांव में इस कैम्प को निशुल्क लगाया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण योजना को रूडी जी द्वारा चलाया जा रहा है। यह सराहनीय कार्य है। लोगो को योजना का लाभ लेने की जरूरत है। इस उदघाटन में मुख्य रूप से जिला महामंत्री धर्मेंद्र साह, शत्रुघ्न भगत, मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान, भाजपा नेता चंदन सोनी,वार्ड पार्षद संतोष कुमार, बबलु साह, नेहा देवी ,नन्हे बाबा, नागेंद्र कुमार, सन्नी प्रकाश रवि रंजन सिंह आदि शामिल हुए। दूसरे कैम्प का राजेन्द्र कॉलेज का उद्घाटन छपरा के मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने फीता काटकर किया। मेयर लक्ष्मी नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जनहित योजना का रजिस्ट्रेशन सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा पूरे नगर निगम में रजिस्ट्रेशन का काम शुरू किया गया है हम सांसद रूडी जी को बधाई देते है कि यह योजना गरीबो के उत्थान के लिये है । जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने विश्वकर्मा योजना का विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अनिल सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद बबिता सिंह, हरेराम शाह, हरेन्द्र कुमार,सकदेव राय,चंद्रदीप कुमार,समाजसेवी विकेश विहारी,सुनील मुंशी, संदीप कुमार,नारायण पांडे,मनोज कु सिंह दोनो कैंप में 245 आयुष्मान कार्ड का रजिस्ट्रेशन किया गया 376 लोगो को विश्वकर्मा योजना का रजिस्ट्रेशन एवं 590 लोगो को गैस पाइप लाइन का रजिस्ट्रेशन किया गया।

## रेलवे भर्ती के लिए आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में आइसा का दो दिवसीय प्रतिवाद मार्च

● छपरा नगर पालिका चौक पर आइसा कार्यकर्ताओं ने किया केंद्र सरकार के खिलाफ प्रतिरोध दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा सदर : बुधवार को प्रतिवाद दिवस को लेकर आइसा नेताओं ने कहा कि देशभर में रेलवे के बहाली को लेकर छात्र युवा आंदोलनरत है। 2018 के बाद रेलवे की कोई बहाली नहीं आई है और रेलवे में टोटल खाली पदों की संख्या लगभग 3 लाख है जिसमें से ए एल पी के सीटों की संख्या लगभग 17000 है लेकिन 6 सालों के बाद मात्र 5600 सीटों पर केंद्र सरकार बहाली लेकर आई है। जिसके विरोध में छात्र सड़क पर उतर आए हैं । छात्रों का कहना है कि 6 साल के लंबे इंतजार के बाद भी इतनी कम बहाली हम युवाओं के साथ नाइंसाफी है। दिन-ब-दिन बढ़ती हुई महंगाई के साथ छात्र युवा जो इस दौर में बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं उनकी परेशानियों को नजर अंदाज किया जा रहा है ।अगर थोड़े बहुत सीटों पर बहाली आती भी है तो वह तब आती है जब चुनाव होने वाले होते हैं। रेलवे के इन कम बहाली को लेकर छात्र आंदोलनरत हैं और छात्र संगठन आइसा छात्रों के हित में दो दिवसीय प्रतिवाद दिवस मना कर छात्रों के आवाज को और बुलंद कर रही है। संघर्ष के इस दौर में छात्र संगठन आइसा हमेशा छात्र हित में आवाज उठाती आई है और आज भी छात्रों के साथ उनकी आवाज को बुलंद कर रही है।

## विदाई सह सम्मान समारोह सम्पन्न



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण एकेडमी 2 विद्यालय छपरा के प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमे विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार सिंह को सेवानिवृति उपरांत भावभीनी विदाई दी गई साथ ही में विद्यालय के प्राचार्य के रूप में आमोद कुमार सिंह पदभार ग्रहण किए। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉ. सी एन गुप्ता, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक श्री विनय कुमार , सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी श्री आनंद पुस्कर , छपरा की लोकप्रिय समाजसेवी एवम पूर्व मेयर श्रीमती राखी गुप्ता, शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई व समाजसेवी वरुण प्रकाश , सारण माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, सारण माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव विद्या सागर विद्यार्थी एवम अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आनंद पुष्कर ने शिक्षकों की वर्तमान समस्याओं पर प्रकाश डाला । विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र एवम प्रतिष्ठित समाजसेवी वरुण प्रकाश ने विद्यालय में शिक्षकों की भूमिका एवम बच्चो में संस्कार निर्माण पर अपना मंतव्य व्यक्त किए । उन्होंने विद्यालय को शिक्षा व संस्कार निर्माण का मंदिर बताया। राखी गुप्ता ने कहा कि प्राचार्य के पद पर हमारे अभिभावक आमोद कुमार सिंह को आसीन होते देख मन अत्यंत ही हर्षित है। आप में आत्मीय भाव एवम मानवीय संवेदना का शानदार समावेशन है। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सहजता एवम सरलता आपमें मौजूद है।ऐसे व्यक्तित्व शैक्षणिक संस्थानों के लिए अपरिहार्य होते हैं। आशा है सारण एकेडमी नित नई ऊंचाई को प्राप्त करेगा ।

## यह अमृतकाल का आम बजट है : रामदयाल शर्मा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के सामने आम बजट प्रस्तुत किया है। भाजपा प्रदेश प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ रामदयाल शर्मा ने आम बजट की सराहना करने हुए कहा यह अमृतकाल का बजट है। भाजपा युवा नेता श्याम बिहारी अग्रवाल ने बजट की सराहना करते हुए कहा आज का यह अंतरिम बजट 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए चल रहे प्रयासों को ईंगित करता है। अन्य सरकारों की तरह चुनावी वर्ष में लोगो को बरगलाने के लिए लोक लुभावन नहीं है। शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी रामदयाल शर्मा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट सरकार द्वारा चल रही योजनाओं के प्रति कंफीडेंस को बताता है। राम मंदिर बनने से रोजगार का अवसर बढ़ा है सरकार जनता के प्रति उतरदायी है। लोगों का विश्वास सरकार पर बढ़ा है। नैनो डी. ए पी का इस्तेमाल कृषि में होगा। दुग्ध उत्पादक किसानों को बढ़ावा दिया जायेगा। जिससे डेयरी क्षेत्र का विकास होगा। महिलाओं का दाखिला उच्च शिक्षा में बढ़ा है। यह बजट किसान, युवा और महिलाओं के विकास पर केन्द्रित है। 7नये आई. आई. टी. और 7 नये आई.आई. एम खोले गये। महिलाओं की उद्यमशीलता 11% बढ़ी है। लघु उद्योग को बढ़ावा मिला है सौर उर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। 390विश्वविद्यालय स्थापित हुए। रोजगार के अवसर बढ़े है। विकास सर्व समावेशी और सर्वे स्पर्शी है। यह बजट सरकार के कंफीडेंस को दशार्ता है।

# प्रमंडलीय आयुक्त को दिया मांग पत्र

● मो. सुल्तान हुसैन इदरीसी ने दिए गए शिकायत पत्र में कहा है कि छपरा नगर निगम द्वारा खुले में मांस मछली बेचे जाने पर रोक से संबंधित सूचना प्रसारित कराई गई है

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। याय फाइटिंग फॉर द पीपुल के संस्थापक महासचिव सह महासचिव, इंडियन ह्यूमन राइट ओर्गनैजेशन बिहार के मो सुल्तान हुसैन इदरिसी ने सारण प्रमंडलीय आयुक्त को आवेदन पत्र देकर छपरा नगर निगम द्वारा बिना किसी व्यवस्था के मछली मीट बेचने वालो को हटाए जाने संबंधित आदेश पे रोक लगाने की मांग की है मो सुल्तान हुसैन इदरीसी ने दिए गए शिकायत पत्र के कहा है कि छपरा नगर निगम द्वारा खुले में मांस मछली बेचे जाने पर रोक से संबंधित सूचना प्रसारित कराई गई है। इसके बाद गरीब फुटपाथ दुकानदार जो पैसे नही होने के वजह से दुकान लेने में असमर्थ है और फुटपाथ पे बेचने वाले हैं सूचना प्रसारित होने के बाद दुकानदारों के अंदर डर और भय का माहौल उत्पन्न हो चुका है और बेरोजगारी भुखमरी की चिंता सताए जाने लगी है। पत्र में दशार्या गया है कि. छपरा नगर निगम के सरकारी बाजार में मीट मछली शेड था जहां पे मिट मछली बेचने के लिए निर्धारित स्थल था जंहा पे मीट मछली बेचने वाले बेचते थे और अपनी जीविका चलाते थें। कुछ सालो पहले उक्त जगह पे विधायक मद से बिना एनओसी का सुलभ शौचालय बना दिया गया जिससे मिट मछली शेड का नामोनिशान मिट गया। अब छपरा में कहीं भी मछली मिट बेचने के लिए निर्धारित स्थल नहीं है ।स्थल चयन और व्यवस्था करने का दायित्व नगर निगम का है बिना अपने दायित्व का निर्वाहन किए बिना नगर निगम नियम द्वारा नियम लागू करना जनहित के खिलाफ है और मौलिक अधिकारों का हनन है अतः श्रीमान से अनुरोध है की मीट मछली बेचने वाले गरीब परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न ना हो इसलिए पहले इंतजाम कर लागु होने से सम्बन्धित कार्यवाई होने दिया जा जिस चयनित स्थल पर दुकानदार जाकर अपने दुकानदारी कर जीविका चला सके छपरा नगर निगम के का ये दायित्व बनता है कि अपने निगम क्षेत्र में किसी भी नियम को लागू करने से पूर्व आम जनता को होने वाले परेशानी पर विचार करते हुए उसका निराकरण करें तब लागू करें परंतु बिना किसी व्यवस्था बिना किसी इंतजाम के नियम लागू करने हेतु दिए गए आदेश से नगर निगम की तानाशाही रवैया प्रदर्शित हो रही है जो की एक आम नागरिक के मौलिक अधिकारों से बढ़कर नहीं है। उन्होंने रोक लगाने हेतु उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है जिससे गरीब जनता के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न ना हो सके।

# मोदी की गारंटी की एक और झलक है अंतरिम बजट: राजीव प्रताप रुडी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। यह मोदी की गारंटी का बजट है। यह अंतरिम बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण और वर्ष 2027 तक भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है क्योंकि मोदी है तो मुमकीन है। आज संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा अपना छठा व मोदी सरकार 2.0 का अंतरिम बजट पेश किये जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण सांसद श्री राजीव प्रताप रुडी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आगे कहा कि जब हमारी आजादी को 100 साल पूरे होंगे तब के 2047 के भारत को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है यह बजट, मोदी सरकार का अंतरिम बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री रुडी ने कहा कि यह बजट पिछले 10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के गुणात्मक और मात्रात्मक परिवर्तन का एक उत्कृष्ट सारांश है ह्ण इस उत्कृष्ट यात्रा के माध्यम से देश का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का और गहरी सोच वाले बजट भाषण के लिए वित्त मंत्री निर्मली सीतारमण का हृदय से आभार ह्ण संसद श्री रुडी ने कहा कि आमतौर पर चुनावी वर्ष में पेश किये जाने वाले अंतरिम बजट लोकलुभावन वायदों से भरे होते है। इस गैर विकासवादी परंपरा को खारिज करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरी तरह विकासवादी अंतरिम बजट प्रस्तुत किया गया। श्री रुडी ने कहा कि यह अंतरिम बजट माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के एक आत्मविश्वासी, मजबूत और आत्मनिर्भर ह्यह्यविकसित भारतह्णह्ण के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण के साथ, यह बजट भारत के तीव्र आर्थिक परिवर्तन की दिशा तय करता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रुडी ने कहा कि देश के सभी तबकों की प्रगति का आईना है यह बजट। बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। इस बजट में बुनियादी ढांचे, निर्माण, विनिर्माण, आवास और प्रौद्योगिकी विकास पर जोर दिया गया है। यह बजट पूरी तरह से प्रधानमंत्री जी के ह्यह्यपंचामृत लक्ष्योंह्णह्ण के अनुरूप है और यह अगले पांच वर्षों में भारत के अभूतपूर्व विकास का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इस बजट ने वित्त वर्ष 24 से पूंजीगत व्यय परिव्यय को 11.1ः बढ़ाकर वित्त वर्ष 25 के लिए 11.11 लाख करोड़ कर दिया है। यह व्यापक पूंजीगत व्यय 2027 तक भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं : धर्मेंद्र सिंह चौहान

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। सारण जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने अंतरिम बजट की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि सबका विकास, सबका विश्वास और सबके लिए प्रयास के साथ आने वाले दिनों में जब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं ऐसे में यह बजट उसके लिए एक प्रारंभिक प्रयास है। यह बजट पिछले 10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के गुणात्मक और मात्रात्मक परिवर्तन का एक उत्कृष्ट सारांश है। यह एक ऐतिहासिक बजट है जो पूर्ण रूप से परिलक्षित करता है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित, आत्मनिर्भर,विश्व गुरु बनने के लक्ष्य के प्रति गति के साथ आगे बढ़ चुका है।

## रक्सौल नाई संगठन की बैठक संपन्न



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। बृहस्पतिवार को शहर के वार्ड नं.1 के कुड़िया चौक स्थित आवासीय परिसर में रक्सौल नाई संघ की बैठक हुई, जिसमें नगर परिषद परिक्षेत्र में संचालित सभी सैलूनों के सैकड़ों नाईयों ने अपनी-अपनी प्रतिष्ठान बंद कर इस महत्त्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। बैठक संघ के अध्यक्ष रघुनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रघुनाथ ठाकुर ने कहा कि चूंकि रक्सौल नाई संघ के गठन का तीन वर्ष पूर्ण हो चुका है तथा सांगठनिक ढॉचा को और अधिक सुदृढ़ करने तथा जो भी नाई समाज के लोग संगठन से नहीं जुड़े हैं उन्हें संघ में लाने के लिए आज यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी है तथा संघ के हितार्थ नये आगामी सत्र में कार्यक्रम करने पर भी चर्चा की गयी है। संघ के सचिव उमेश ठाकुर ने बीते तीन सालों में संघ के बैनर तले आयोजित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया तथा यह भी कहा कि आने वाले सत्र में भी नाई समाज के हितार्थ कई कार्यक्रम संपादित करने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। बैठक में कई प्रस्ताव पारित हुए, जिसमें यह तय हुआ कि प्रत्येक माह के अंतिम बृहस्पतिवार को नप परिक्षेत्र के सभी सैलून बंद रहेंगे तथा उक्त दिवस पर संघ की बैठक आहूत की जाएगी तथा सांगठनिक ढॉचा को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आगामी विकासात्मक कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में केन्द्र सरकार की विश्वकर्मा योजना के तहत नाई समाज कैसे लाभ मिले इस पर भी विशेष चर्चा हुई। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ सदस्य इंद्रजीत ठाकुर, सचिव उमेश ठाकुर, महबूब आलम एवं शिवमंगल ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उपाध्यक्ष महबूब आलम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समापन किया गया। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ सदस्य इंद्रजीत ठाकुर, वशिष्ठ ठाकुर, कबीर आलम, म.नसरुद्दीन, मोजिबुर्र रहमान, फहीम आलम, सुबोध ठाकुर, हरिकांत ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, दरश ठाकुर, मनोज ठाकुर, लालबहादुर ठाकुर, कमलेश ठाकुर, जयराम ठाकुर, रामबालक ठाकुर, श्रीराम ठाकुर, शिवमंगल ठाकुर, चंदन ठाकुर,आल , पंकज ठाकुर समेत संघ के कई सदस्य उपस्थित रहे ।

## घरेलू विवाद में हुई मारपीट, पति-पत्नी घायल

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। थाना क्षेत्र के केरवां गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गए हैं। घायलों में की सुख किशुनदेव राय तथा उनकी पत्नी उमरावती देवी शामिल हैं। दोनों का प्राथमिक उपचार सीएचसी इसुआपुर में किया गया। वहीं गंभीर रूप से जख्मी उमरावती देवी को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया है।

## अगलगी से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मिल रही है आग से बचाव के कई उपाय

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी सदर छपरा सुनील कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर छपरा के विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आगजनी को लेकर जागरुक किए जाने वाले जत्था को किया रवाना जो शहर के विभिन्य जगहों पे नुक्कड़ नाटक के जरिये लोगो को बताएंगे कि जब आग लगे तो क्या करे, खेत खलियान से लेकर रसोई तक आग लगने की घटना को लेकर आज शहर में एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई जिसमें लोगो को गैस सिलिंडर में आग लगाकर उसे बुझाया भी गया जिसका डेमो किया गया जो अग्निशमन दल के कर्मियों के द्वारा संचालित किया गया बता दें कि अक्सर आग लगी की घटना को लेकर सही जानकारी नहीं होने के कारण काफी मात्रा में नुकसान भी हो जाता है वह चाहे खेत खलिहान या घर या रसोई या शार्ट सर्किट कहीं से भी आग लगे उसे समय लोगों को धैर्य पूर्वक कैसे क्या करना चाहिए इसके बारे में ऐसे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बखूबी बताया गया है सबसे बड़ी बात इस नुक्कड़ नाटक में नाटक के माध्यम से लोगों तक यह मैसेज पहुंचने का भरपूर प्रयास किया गया है कि खासकर रसोई घर में खाना बना रही उन महिलाओं को बताया गया कि खाना बनाते समय अत्यधिक रूप से मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें और खेत खलियानों में फसल काटने के बाद जो कचरा रह जाते हैं जिन्हें किसानों के द्वारा पराली को जलाया जाता है वह भी गलत है इस नाटक के माध्यम से इसे बड़ी अच्छे ढंग से बताया गया कि पराली जलाएं नहीं खेत में फैला कर उसे खेतों में ही रहने दे जो सड़ गल कर खाद का रूप ले लेगा वही इस अग्निशमन दल में सुनील कुमार कृष्ण देव पंडित विकास कुमार एवं अग्नि चालक जयप्रकाश प्रसाद हरिश्चंद्र कुमार के द्वारा रेस्क्यू के माध्यम से भी आग से बचाव के बारे में बताया गया एवं लोगों के बीच में सैकड़ो पर्ची भी बांटे गए जिसमें आगजनी से कैसे सुरक्षित बचें इसके बारे में जानकारी दीजिए दी गई है।

## आयोग के आदेश का इंश्योरेन्स कम्पनी और जीवन बीमा ने किया पालन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं सदस्य मनमोहन कुमार एवं श्रीमती मंजू सिंह ने परिवाद संख्या 12/21 में चोला मंडलम जेनरल इंश्योरेंस कंपनी को वादी योगेंद्र मांझी के पिकअप वाहन संख्या बीआर04 जीए 4857 का मुआवजा राशि देने का आदेश पूर्व में किया था। इंश्योरेंस कंपनी ने चार लाख 32 हजार 793 रुपए का चेक मसरख थाना के कुंदरिया निवासी योगेंद्र मांझी को आयोग के समक्ष दे दिया। बताते चले कि वादी का पिकअप वाहन पर गेहूं का बोझा लाद कर कर ले जा रहा था रास्ते में 11000 के बिधूत तार में बोझा टकरा जाने के कारण बोझा और उसका पिकअप वाहन पूर्ति जल गया था। जिसके बाद वह मुआवजा कोलेकर इंश्योरेंस कंपनी का चक्कर लगा रहा था परन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। उसके बाद उसने आयोग में आवेदन दिया था । वाद संख्या 104/ 23 जिसे छपरा नगर थाना के उत्तर दहियावां निवासी प्रोफेसर डीडी सिंह ने भारतीय जीवन बीमा निगम के खिलाफ 15 नवंबर 2023 को दाखिल किया था जिसमें उन्होंने बतलाया था कि वह 92 वर्ष के व्यक्ति हैं । पूर्व में एक जीवन बीमा का पेंशन पॉलिसी लिए थे। उन्हें 349 रुपया पेंशन मिलता था। परंतु इंश्योरेंस कंपनी ने 1 नवम्बर 2022 से देना बंद कर दिया था। आवेदक ने जीवन बीमा कंपनी मे शिकायत दर्ज कराई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई ।तब उसने आयोग का दरवाजा खटखटाया और आयोग के नोटिस प्राप्ति के बाद से ही जीवन बीमा द्वारा उन्हें पेंशन चालू कर दिया गया ।

## जिला जनसंपर्क विभाग के कर्मी हुए सेवानिवृत



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला जनसंपर्क कार्यालय के निम्न वर्गीय सूचना लिपिक चंदेश्वर प्रसाद के सेवानिवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान श्री प्रसाद के कार्यो,आदर्शों,संवेदनशीलता एवं मेहनत की जमकर कर्मियों ने तारीफ करते हुए कहा कि आज हम सभी को इनसे प्रेरणा एवं सीख लेने की आवश्यकता है ।कई कर्मियों ने इनके साथ कार्य करने का अनुभव को शेयर करते हुए चर्चा किया कि ये कभी भी कार्य के बोझ से दबे नहीं रहे ।हमेशा हंसते हुए कार्यो का निष्पादन कर देते थे ।यही इनकी विशेष उपलब्धि रही है। वहीं कुछेक कर्मियों ने कहा कि श्री प्रसाद की कार्य शैली एवं कार्य दक्षता गजब थी। समारोह को संबोधित करने वालो में अमित कुमार द्विवेदी,बिपिन कुमार,दीपक कुमार मिश्रा, मो.नमिउल्लाह,प्रमोद कुमार,मो.फैयाज आलम,रणवीर कुमार अरुण कुमार आदि कर्मी प्रमुख रूप से शामिल थे। इसके बाद सेवानिवृत कर्मी को माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपने अभिनंदन एवं सम्मान के प्रत्योत्तर में सेवा निर्वित कर्मी चंदेश्वर प्रसाद ने सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सभी से सेवाभावना एवं दायित्व निर्वहन सीखा है ।सभी का सहयोग मेरे लिए एक पूंजी थी जिसके सहारे करीब34 वर्षों की सेवा को सरल एवं सहज तरीके से पार लगा लिया।

## सांसद ने अंतरिम बजट को पेश करने पर वित्त मंत्री को दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर : महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने लोकसभा में 2024 के अंतिम बजट को प्रस्तुत करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एवं भागवत कराड को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह अंतरिम बजट प्रधानमंत्री मोदी के सपनों का भारत जो सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास एवं सब का विश्वास के मूल मंत्र से आजादी के अमृत काल में भारत के युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान एवं गरीब को केंद्र में रखकर टिकाऊ विकास के साथ एक आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिए है ।उन्होंने बताया कि हमारी समृद्धि युवाओं को पर्याप्त रूप से साधन संपन्न करने और सशक्त बनाने पर निर्भर करती है। इसके लिए स्किल इंडिया मिशन के तहत 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है 54 लाख युवाओं का कौशल उन्नयन किया गया है और 3000 नई आईटीआई स्थापित की गई है उच्चतर शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में नए संस्थानों के अंतर्गत सात आईआईटी, 16 आईआईआईटी ,7 आईआईएम 15 एम्स, 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। गरीबों के संबंध में सिग्रीवाल ने बताया कि आज 10 वर्षों में मोदी सरकार के गरीब कल्याण के विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन का ही परिणाम है कि देश के 25 करोड लोगों को गरीबी से बाहर लाया जा सकता है। आगे भी गरीबी को दूर करने के लिए अंतरिम बजट में विशेष ध्यान दिया गया है।

## जदयू जिला अध्यक्ष ने मढ़ौरा प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों का किया दौरा



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने मढ़ौरा प्रखण्ड के रामपुर, मिजार्पुर, मढ़ौरा नगर, हसनपुरा, नवतन मुबारकपुर पंचायत का दौरा कर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाएं को जनता को बताया जिला जदयू अध्यक्ष ने कहा की बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा सभी समाज का ध्यान में रख कर विकाश की योजना बनाई गई है इस सरकार से सभी समाज को लाभ पहुंचा है आने वाले लोकसभा चुनाव में सारण जिला में आने वाले दिनों लोकसभा सीट राजग गठबन्धन के उम्मीदवार की जीत होगी नीतीश कुमार के सासन काल में सभी समाज के लोग अमन चैन से रह रहे है प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह, नगर अध्यक्ष संजय सिंह, किशोर सिंह, चांदनी सिंह दिवाकर चौबे,आफताब आलम , रसीद अल्ताफ,सोनू ठाकुर सम्मलित थे

## संक्षिप्त खबरें

### शिविर में की गई लोगों की स्वास्थ्य जांच

करपी,अरवल। प्रखंड के विभिन्न स्वास्थ्य उपक्रमों पर जिला से आए हुए सदर अस्पताल के डॉक्टरों के द्वार स्वास्थ्य जांच की गई !इसी परिपेक्ष में केयाल उपस्वास्थ्य केंद्र पर सदर अस्पताल अरवल से आए हुए डॉक्टर अपर्णा के द्वारा लगभग सैकड़ो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विशेष जानकारी दी गई !उपस्थित लोगों को उन्होंने बताया कि आप अपने जीवन शैली में नशापन करना एकदम वर्जित कर दें !साथ ही एक रुटीन के तहत अपने जीवन को जीने का प्रयास करें! स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ो ग्रामीणों का दांत की जांच की गई और उन्हें उचित सलाह डॉक्टर अपर्णा के द्वारा दिया गया !इसके अलावा ब्लड प्रेशर शुगर इत्यादि रोगों को भी जांच की गई !इस कार्यक्रम में आशा दीदी स्वास्थ्य उप केंद्र के एएनएम सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन कदाचार मुक्त के आरोप में दो परीक्षार्थी निष्कासित



अरवल।जिले में इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2024 का सफल संचालन किया गया। जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 01 फरवरी 2024 से प्रारंभ होकर 12 फरवरी 2024 को समाप्त होगी। परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली 9:30 पूर्वाहन से 12:45 अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 2:00 अपराहन से 5:15 बजे अपराहन तक निर्धारित समय तक संपन्न हुआ। प्रथम पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 8009 के विरूद्ध 7883 उपस्थित रहे जिसमें 126 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 746 के विरूद्ध 718 उपस्थित रहे एवं 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान परीक्षा केन्द्र पायस मिशन विद्यालय अरवल से प्रथम पाली में दो परीक्षार्थियों का कदाचार मुक्त के आरोप में निष्कासित किया गया।

### डॉ. मनीष पंकज मिश्रा द्वारा किया गया थानाअध्यक्ष के विदाई समारोह आयोजित

गया।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने सिविल लाइंस थाना के प्रभारी पंकज कुमार एवं कोतवाली थाना प्रभारी बबन बैठा के विदाई समारोह में अंगवस्त्र बुके देकर सम्मानित करते हुए कहा कि दोनो ने अपने अपने क्षेत्र में काफी सराहनीय कार्य किया है मैं ईश्वर से इनके उज्वल भविष्य की कामना करता हूं कि जहां जाए इसी तरह जानता से जुड़े हुए समस्या का समाधान करते रहें हैं।

### इंटरमीडिएट परीक्षा के कारण जनता दरबार स्थगित

गया।प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरवार, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा आयोजित रहने के कारण जिले के सभी वरीय अधिकारियों को इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त रखा गया है, जिसे लेकर कल शुक्रवा को जिला पदाधिकारी का जनता दरबार को स्थगित रखा गया है।सभी को सूचित किया जाता है कि आगामी शुक्रवार अर्थात 02 फरवरी को जनता दरवार में न आवे।

### सेवानिवृत्त हुए अजय कुमार

औरंगाबाद।प्रधान डाकघर औरंगाबाद के पोस्टमास्टर अजय कुमार के विदाई सह-सम्मान समारोह में उमड़ी भीड़ औरंगाबाद प्रमंडल ही नही बाहर के जिलों से भी अजय कुमार के मानने वालों ने प्रोग्राम में शिरकत किया। सभा में सुनील कुमार डाक अधीक्षक के अध्यक्षता में आयोजित हुई। डाक अधीक्षक ने इस मौके पर डाक टिकट माई स्टाम्प जारी कराया अजय कुमार के नाम का जिसे देखकर लोग काफी खुश हुए। मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार, मंच संचालन सैयद शफकत इजहार ने किया साथ में अवनीश कुमार बी,पी,एम सहयोगी रहे। प्रोग्राम में शामिल रहे पोस्टमास्टर बैजनाथ प्रसाद पूर्व पोस्टमास्टर लखन प्रसाद लक्ष्मण प्रसाद अमरेश कुमार सिंह अरुण कुमार सिंह शिव शंकर प्रसाद, बिबाह सिंह, श्रीकांत शर्मा, सभी लोगो ने अजय कुमार के बारे अपनी बाते और पूरे कार्यशैली जमकर सराहना किया।

# गया जिला पदाधिकारी ने इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र के निरिक्षण पर दिए निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



गया। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 को स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता राजस्व अंजनी कुमार द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया है।

प्रभारी जिला पदाधिकारी ने रेंडमली कई परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड से मिलान किया एवं जांच किया गया है। सभी केंद्राधीक्षक, वीक्षक, मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य सभी लोगों को आईकार्ड पहन कर ड्यूटी करने की हिदायत दी है। निरीक्षण के दौरान कई परीक्षा केंद्रों के कमरे में पर्याप्त रोशनी नहीं रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए केंद्राधीक्षक को अविलम्ब अतिरिक्त बल्ब एवं ट्यूब लाइट लगवाने का सख्त निर्देश दिए हैं।सर्वप्रथम गया कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया है। उपस्थित वीक्षकों से परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग के बारे में जानकारी प्राप्त किया है। मानविकी भवन के सभी कमरों, कॉमर्स भवन के सभी कमरों, साइंस भवन के कमरों में लगातार निरीक्षण किया गया है। इसके उपरांत उन्होंने जगजीवन कॉलेज परीक्षा केंद्र के कई परीक्षा कमरों का निरीक्षण किया है। रैंडम कई परीक्षार्थियों का का एडमिट कार्ड से मिलान कर उनसे नाम पता इत्यादि की जानकारी भी लिया गया है। इस निरीक्षण के दौरान सभी वीक्षक को निर्देश दिया कि ओएमआर शीट बच्चों का अच्छे तरीके से मिलान करें। सभी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को फ्रीस्किंग में कोई कोताही नहीं बरते है। वहा पर उपस्थित सभी मजिस्ट्रेट एवं वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रथम पाली को ध्यान में रखते हुए हर हाल में सभी अधिकारी सुबह 8:00 बजे अपने-अपने परीक्षा केदो पर उपस्थित रहेंगे। इसके बाद गया कॉलेज के बाहरी परिसर में रख कर विधि व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया है। इसपर निर्देश दिया कि माइक के माध्यम से बाहर खड़े सभी परीक्षार्थियों को लगातार जरूरी सूचना अनाउंसमेंट करवाते रहें। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि इस परीक्षा की पवित्रता को बनाए एवं कदाचार को बिल्कुल समाप्त करने हेतु जिला प्रशासन जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल कर रही है।सभी दंडाधिकारियो, केंद्राधीक्षकों, वीक्षकों को निर्देश दिया कि अगर किसी भी परीक्षा केंद्र पर कदाचार करते हुए छात्र,छात्राएं पाए गए तो संबंधित दंडाधिकारियो, केंद्राधीक्षकों, वीक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जगजीवन कॉलेज परीक्षा केंद्र निरीक्षण के दौरान उन्होंने उड़न दस्ता दल दंडाधिकारी एवं परीक्षा केंद्र के वरीय जोनल दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि बाहरी परिसर को भी अच्छे से निरीक्षण करते रहे हैं। बेवजह गेट पर जमावड़ा ना रहे इसे सुनिश्चित करवाये।

## डॉ. धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने सीएम नीतीश ने मिलकर दी बधाई



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने बृहस्पतिवार को 1, अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री के अधिकारिक निवास में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्हें नई सरकार गठन पर हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य एवं विकास के कई मुद्दों पर मुख्यमंत्री से सघन चर्चा की। इस मौके पर डॉ०.धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर तमाम अति पिछड़ा समाज के तरफ से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बिहार के विकास को दोगुना रफ्तार देगा। डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि अतिपिछड़ी जातियों के आरक्षण को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशन करने वाले हमारे नेता नीतीश कुमार को अतिपिछड़ा समाज हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का लक्ष्य बिहार को विकास के मामले में नंबर वन राज्य बनाना है। आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार के सभी 40 सीटों पर बिहार की एनडीए सरकार जीत दर्ज करेगी। जिसमें अतिपिछड़ा समाज की अहम भूमिका होगी।

## विकसित भारत को मजबूत आधार देने वाला बजट : रामानुज

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय एवं कृष्ण बल्लभ प्रसाद बबुआजी ने आज केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा 2024 के संघीय बजट को संसद में रखे जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि देश को मजबूती प्रदान करने वाला एवं विकसित भारत को तेज गति प्रदान करने वाला बजट है। जिसमे देश के हर क्षेत्र और वर्ग के उत्थान का पूरा पूरा ध्यान रखा गया है। इस बजट लोक लुभावन के बजाय राष्ट्र उत्थान का बजट कहना ज्यादा श्रेयकर होगा। चुनावी वर्ष में इतने मजबूत इरादे के साथ बिना किसी तुष्टिकरण के जगह सबके विकास को इस बजट में स्थान दिया गया है। महिलाओं के विशेष उत्थान के साथ साथ किसानों, युवाओं, छात्रों, मजदूरों किसानों, मछुवारों के लिए पूरा खयाल इस बजट में है। दो करोड़ गरीबों के लिए घर, महिलाओं के उत्थान के लिए विशेष रूप से सात लाख तक के आए को करमुक्त बनाकर मध्यम वर्ग को मजबूती प्रदान करना, रेलवे सड़क, बिजली और सौर उर्जा, इथेनॉल को बढ़ावा देना तीन हजार नए आईटीआई से युवाओं को स्किल्ड बनाना,नैनो यूरिया के बाद नैनो डीएपी लाकर खाद की कालाबाजारी से किसानों बचाना किसानों के सहायता के लिए बजट बढ़ना आशा कार्यकताओं को बीमा कवरेज देना गरीबों को तीन सौ यूनिट फ्री बिजली सहित देश के सीमावर्ती राज्यों के आधारभूत संरचना को मजबूती देना और सबसे बड़ी बात बेतहाशा बढ़ती बेलगाम जनसंख्या को नियंत्रित करने की घोषणा करने की घोषणा और देश में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के ढांचे को और मजबूत करना। दोनो पूर्व अध्यक्षों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एवं वित्तमंत्री जी के कुशल प्रबंधन में भारत तेज गति से बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है। आज इसी का परिणाम है कि भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थशक्ति बन चुका है दुनिया आज भारत के नीतियों और क्षमता के अनुसार चलने लगा है। कभी यही भारत था जो बजट बनाकर दुनिया से भीख मागते फिरता था और आज अपने संसाधनों के बूते आगे बढ़ रहा है और दुनिया के कई देशों को कर्ज और सहायता दे रहा है।

कभी अपना सोना गिरवी रखने वाला भारत आज दुनिया में सोने चांदी का बड़ा खरीददार है मेक इन इंडिया ने भारत की तस्वीर ही बदल दिया दुनिया की सारी कंपनिया आज भारत में बड़े बड़े निवेश कर रही है विकसित देशों के तरह आज भारत का रेल, सड़क और हवाई मार्ग बन रहे हैं।

## सभी वर्गों का बजट पेश किया गया : जिलाअध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

गया।लोकसभा चुनाव के पूर्व भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के द्वारा लोकसभा में 2024 का वित्त बजट पेश करते हुए प्रत्येक व्यक्तियों को ख्याल रखते हुए ये बजट लाया गया है भारत के प्रमुख समस्या जल जीवन, मनरेगा, आयुष्मान भारत के महिलाओं युवाओं एवं छात्रों का विशेष ध्यान रखा गया है भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विशेष रूप से बजट में प्रावधान किया गया है तीन नए रेल कॉरिडोर वंदे भारत जैसा रेल कोच 40000 बनाया जाएगा महिलाओं के लिए 3 करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएगी 2 करोड़ आवास बनाया जाएगा एवं1लाख करोड़ लोगों को मुफ्त में लोन दिया जाएगा यह बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी जी के द्वारा विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया था इस संकल्प के के तहत बजट लाया गया है जो भारत के लिए विकसित श्रेणी बनने वाला बजट है बजट पर खुशी का इजहार करने वालों में पूर्व सांसद हरि मांझी, रामजी मांझी, पूर्व अध्यक्ष धनराज शर्मा,क्षितिज मोहन सिंह, मुकेश शर्मा, संजू साव,मनीष मिश्रा, कुंदन शरण,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता योगेश कुमार,अजय कुमार ,डॉक्टर अनुज कुमार, डा मनिष पंकज मिश्रा, कौशल शर्मा,हरे राम सिंह, अनिल स्वामी,अनंत धीश अमन,गजेंद्र दास, प्रीति सिंह, करुणा कुमारी,सम्फुल देवी, जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव रंजन कुमार सिंह, पप्पू चंद्रवंशी, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, जिला मंत्री बिनोद सिंह,धर्मेद्र यादव,कमल सिन्हा,बंदना कुमारी, नीमा देवी, ललिता देवी, सुधांशु मिश्रा भुवन मोहिनी,प्रशांत कुमार,आकाश जयदेव गिरी,करुणा सिंह, राहुल रंजन यादव,दीपक पाण्डेय,रामप्रवेश सिंह,अशोक साहनी,राजीव कुमार सिन्हा,शंभू यादव,,गौतम कुशवाहा।

## कदाचारमुक्त पूर्ण तरीके से इंटर के परीक्षा पहले दिन हुआ सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी। इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर शेरघाटी में छः परीक्षा केंद्र पर दोनों पाली से 8233 परीक्षार्थियों शामिल हुए।उक्त परीक्षा दोनो पालियो में कदाचारमुक्त कराया गया। उक्त परीक्षा को लेकर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल भी तैनात गया है, अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि शेरघाटी में इंटरमीडिएट परीक्षा 1 फरवरी से शुरू हुई है। इसको लेकर शेरघाटी में छः परीक्षा केंद्र बनाये गए है। यह परीक्षा 1 फरवरी से 12 फरवरी तक चलेगी। उक्त परीक्षा को लेकर मनोरमा कन्या मध्य विद्यालय शेरघाटी में 441परीक्षाथी, भीएस राय महिला कॉलेज शेरघाटी में 2190 प्रोजेक्ट कन्या हाई स्कूल शेरघाटी में 1003 रंगलाल उच्च विद्यालय शेरघाटी में 1714 डीएवी पब्लिक स्कूल शेरघाटी मे 607 एवं एसएमजी कॉलेज शेरघाटी में 2178 कुल 8233 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी और परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक को छोड़कर कोई भी प्रति नियुक्त कर्मी और पदाधिकारी मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएंगे।

## पर्यावरण संरक्षण विषय पर विद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




गया।गांधी मैदान में चल रहे मगध महोत्सव पुस्तक मेला -सह- सांस्कृतिक उत्सव के छठे दिन मगध मेधा कंपटीशन के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण विषय पर विद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालय से आए हुए विद्यार्थियों ने अपने भाषण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी अभिव्यक्ति दी और महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में चित्रकला स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 2 बजे से हुआ है जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी कूची के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश और प्रदूषण की विभीषिका पर चित्रकार की।

भाषण के लिए निर्णायक मंडल में समरेश जी एवं श्रेया जी शामिल हुए वहीं चित्रकला में डॉ० निधि त्रिपाठी, आदि शामिल थे। आज मेला परिसर में विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं का समूह भी मेले में पुस्तकों के स्टॉल पर आए और मनचाही पुस्तक भी खरीदी। मेला क्षेत्र में राजकमल प्रकाशन, सस्ता साहित्य मंडल, राजपाल एंड संस, लक्ष्मी बुक, रोहित बुक, आदि के स्टॉल पर खासी भीड़ देखी गई है। पुस्तक मेला 6 फरवरी तक चलेगा जिसमें विभिन्न विद्यालय-महाविद्यालय के विद्यार्थी पुस्तकों पर मिल रही छूट का लाभ उठाएंगे और साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद भी लेंगे। आज का दिवस गुरु को समर्पित था जिसके गुरु की महिमा बब्बन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा आधारित युवाओं की टोली की परिचर्चा हुई जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के युवाओं ने अपने विचार रखें। विशेष कार्यक्रम के रूप में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें परिचर्चा का विषय था वर्तमान में मीडिया के प्रभाव एवं सोशल मीडिया के भ्रामक सूचनाओं का समाज पर प्रभाव है। इस परिचर्चा में संयोजन डॉ०निधि त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापक एवं डॉ० अमृतेंदु घोषाल, सहायक प्राध्यापक, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज ने किया गया है। परिचर्चा में विभिन्न प्रिंट मीडिया और ब्रॉडकास्ट मीडिया के सदस्यों ने भाग लेते हुए अपने विचार रखें। परिचर्चा का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि पाठक वर्ग को इस विषय पर गंभीर होना पड़ेगा कि वह किस माध्यम से सूचनाओं को प्राप्त कर रहे हैं और सत्यता के बिना उसका प्रसार कितना उचित है।

विशेष कार्यक्रमों के संध्याकालीन सत्र में दिवस आधारित कविता कोलाज की प्रस्तुति गया कॉलेज की छात्रा ट्विंकल रक्षिता द्वारा की गई जिसे दर्शकों का भावपूर्ण समर्थन भी मिला साथ ही किलकारी बल भवन किलकारी के बच्चों द्वारा दिवस विशेष गुरु को समर्पित विशेष कार्यक्रम के रूप में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की गई है।रात्रि सत्र में विभिन्न कला संस्थानों कलाकारों ने दिवस विशेष गुरु को समर्पित विशेष नृत्य और गीत संगीत प्रस्तुत दी और पूरा पंडाल श्री गुरुवे नमः के जयकारों से गूंज उठा है।

कंपटीशन में सत्यम, सन्नी, सुजल, दिव्या, रिचा, सौरभ, मंगलम, आदि ने आज के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाई वहीं मंच संचालन खुशी तिवारी ने किया और कार्यक्रम समायोजन राहुल कुमार कर रहे थे।

## धूमधाम से मनाया गया जीकेसी का वार्षिक वर्षगांठ

प्रात: किरण संवाददाता



गया। शहर के रामसागर रोड में स्थित बहुआर चौरा मोहल्ला में गुरुवार को ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष सह गया नगर निगम के वार्ड पार्षद संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जीकेसी के वार्षिक वर्षगांठ केक काट कर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बीते वर्ष गया जिले के सभी कायस्थ परिवार के साथ जीकेसी के साथ जुड़े थे। हमलोगों के जुड़ने के साथ ही बीते साल जीकेसी का वर्षगांठ मनाया था। इस बार ग्लोबल स्तर पर मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गया जिला के कायस्थ परिवार के साथ जीकेसी का वर्षगांठ केक काट कर धूमधाम से मनाया गया है। हम सभी जानते हैं कि आज कायस्थ समाज की राजनीतिक स्थिति इस समय नगण्य है। देश प्रदेश सभी जगह हमारे समाज की हालत बद से बदतर होती जा रही है। एक समय था जब हमारा कायस्थ समाज आधे विश्व पर राज करता था और ये राज काज बहुत समय तक रहा। मुगल शासन मे भी हम लोग अपने आप को स्थापित किए रहे उस समय भी हम लोगो का बहुत ही बड़ा सम्मान और राजनीतिक समावेश रहा और हमारा अस्तित्व बहुत ही दमदार था। अंग्रेज काल में भी हम लोग ऊचे पदों पर रहे हैं।लेकिन राजनीतिक आधार कम होने लगा। लेकिन जैसे ही हम लोगो ने नब्बे के दशक में प्रवेश किया वैसे ही हमारी प्रगति, हमारे संबंध, हमारी राजनीतिक जमीन आदि धीरे धीरे खत्म होने लगे। श्री सिन्हा ने कहा कि हम लोग सिमटने लगे और ये क्रम आज भी बदस्तूर जारी है। इसी दशक में कायस्थ समाज में बहुत सी संस्थाओ ने जन्म लिया। उन्होने अपने यहां पद और पदाधिकारी तो बनाए लेकिन कार्यकर्ता नहीं बनाए। इन संस्थाओ ने वायदो का पिटारा तो खोला लेकिन सब आधारहीन यह संस्थाएं राजनीतिक एवं सामाजिक विकास एवं आधार देने मे नाकामयाब रहे । आज हम अपना राजनीतिक आधार पूरी तरह से खो चुके हैं ।एक समय जो आखरी पंक्ति में खड़े हुए लोग थे । वो हमसे आगे खड़े हो गए हैं। आज हम लोगो की जरूरत है कि राजनीतिक रूप से आगे आए दमदार उपस्थित दर्ज कराए। राजनीति में स्थापित हो लेकिन ये तभी संभव है जब हम लोग आपस में चर्चा करे, एक स्वस्थ संवाद हो अपने विचार रखे जिससे लोगो के संबंध मधुर हो तथा प्रगाढ़ता आए। अगर आज हम लोग अपने हक और अधिकारों के लिए जागरूक नहीं हुए तो वो दिन दूर नहीं जब हमारा अस्तित्व नकार खाने की तूती बन जायेगा।

## केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य : पटवा

प्रात: किरण संवाददाता



गया। जिला अध्यक्ष व्यवसाय उद्योग प्रकोष्ठ प्रकाश राम पटवा ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर कहा कि यह बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। बजट में उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ाई गई है जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी।तीन नये रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरूआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लायेगी जिसके तहत किराये के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहनेवाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा।यह स्वागत योग्य कदम है।आगे पटवा ने कहा उद्योगों के विकास के लिये स्टार्टअप के टैक्स स्लैब में एक साल के लिए छूट बढ़ाई गई है।जिससे औद्योगिक क्षेत्र के विकास की गति बढ़ेगी साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा का बजट 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 86 हजार करोड़ रुपये किया गया है, यह स्वागत योग्य कदम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे।इसके पहले जदयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह ने अंतरिम बजट को मिलाजुला कर ठीक बताते हुए कहा, यह एक अंतरिम बजट है और यह पिछले पांच वर्षो में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए गए कार्यो को दशार्ता है। यह उनके लक्ष्यों के बारे में भी बात करता है कि आने वाले वर्ष में किस दिशा में काम होगा।यह बजट मिलाजुला कर ठीक है।

## देवी प्राण प्रतिष्ठा सह महाभंडारा का आयोजन

वंशी,अरवल। सोनभद्र बंशी सूर्यपुर प्रखंड क्षेत्र के माली पंचायत अंतर्गत मिल्की गांव में देवी प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन समारोह पूर्वक की गयी।अयोध्या से आए स्वामी दवेन्द्रा चार्य जी महाराज के सानिध्य में स्व.जीतन सिंह के खेत में बने देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोउचारन के साथ किया गया.प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी दवेन्द्रा चार्य जी महाराज ने प्रवचन के माध्यम से देवी का स्वरूपों पर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव विभोर कर दी। वही प्राण प्रतिष्ठा समापन समारोह में अवसर पर महाभण्डारा का आयोजन की गई।गुरुवार को गांव के गलियों में ढोल नगाड़ों के साथ विशाल समूह नगर भृमण किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम की उद्घाटन किया जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर शर्मा इस मौके पर मुखिया ललन कुमार सचिव संतोष कुमार अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार उपसचिव अवधेश कुमार कोषाध्यक्ष विजय प्रसाद उपकोषाध्यक्ष पप्पू पंडित सुरेंद्र पंडित पप्पू यादव जयराम पंडित सुदामा पंडित समेत अन्य गण्यमान्य लोग थे।

## बजट आम जन के हित में : कुमार गौरव

प्रात: किरण संवाददाता



गया ।युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। बजट में उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ने से युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नये रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरूआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से होगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आयेगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लायेगी, जिसके तहत किराये के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहनेवाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। जो स्वागत योग्य कदम है। उद्योगों के विकास के लिये स्टार्टअप के टैक्स स्लैब में एक साल के लिए छूट बढ़ाई गई है। जिससे औद्योगिक क्षेत्र के विकास की गति बढ़ेगी साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मनरेगा का बजट 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 86 हजार करोड़ रुपये किया गया है, यह स्वागत योग्य कदम है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दी जानेवाली राशि से किसानों को आर्थिक मदद मिली है।

## आईआईटी पटना ने अन्वेषा के 13वें संस्करण का विवरण पेश किया

प्रात: किरण संवाददाता



पटना।आईआईटी पटना ने गुरुवार को अन्वेषा के 13वें संस्करण का विवरण संवाददाता सम्मेलन में पेश किया। संवाददाताओं को आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टी.एन. सिंह, एडीन स्टूडेंट अफेयर्स डॉ. पी.के. तिवारी ने संबोधित किया। साथ ही पीआईसी कल्चरल डॉ. बच्चू अनिल कुमार, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी, श्री कृपा शंकर सिंह और अन्वेषा के समन्वयक अभिलाषा एवं यशवीर भी प्रेस मीट में उपस्थित थे। टीम अन्वेषा ने एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसमें अन्वेषा 2024 के बारे में सब कुछ बताया गया, जिससे आगामी सांस्कृतिक उत्सव की समझ में और वृद्धि हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में कृपा शंकर सिंह ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के प्रतिनिधियों का स्वागत किया और फिर ब्रीफिंग में निदेशक ने इस बात पर जोर दिया कि आईआईटी न केवल शिक्षा के लिए एक संस्थान है, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों और त्योहारों की मेजबानी करने में भी सक्षम है। उन्होंने इतने बड़े पैमाने पर उत्सव के आयोजन में समर्पित प्रयासों के लिए छात्र समुदाय की सराहना की। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों को जीवंत उत्सव से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया और उनसे आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययन करने के अवसर के लिए अकादमिक रूप से कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया।

इसके बाद अन्वेषा के समग्र उत्सव समन्वयक सुश्री अभिलाषा और यशवीर के साथ एक संक्षिप्त बातचीत हुई। उत्सव की तैयारियों के दौरान उनके अपार योगदान के लिए छात्र समन्वयक अंकुर, अनुदीप, दिव्यांशी, निकिता, देवेंद्र और शिवेंद्र को विशेष उल्लेख दिया गया। ह्लमिराज ऑफ एस्थीटह्व थीम के साथ 2 फरवरी से 4 फरवरी, 2024 तक निर्धारित, अन्वेशा को जाने-माने और असाधारण कलाकारों के कई शानदार प्रदर्शनों से सम्मानित किया जा रहा है, जो एक व्यापक सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करने का वादा करते हैं। पहले दिन, शुक्रवार( 2 फरवरी, 2024) को, महोत्सव उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा, जिसमें आनंद किशोर, 1996 बैच के आईएएस मुख्य अतिथि और पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। एक मनमोहक सांस्कृतिक रात्रि का आयोजन किया गया है, जिसमें स्पिक मैके द्वारा आयोजित नियाजी ब्रदर्स की ओर से मनमोहक कव्वाली और साथ ही में श्री तारापद राजक एवं टीम द्वारा पुरुलिया छाऊ प्रदर्शन होगा। दूसरे दिन, 3 फरवरी 2024 को एक ईडीएम नाइट के साथ वातावरण को विद्युतीकृत करने का वादा किया गया है, जो शुद्ध उत्सव की एक स्पंदित रात सुनिश्चित करता है। तीसरे दिन, 4 फरवरी, 2024 को ग्रैंड फिनाले, बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड नाइट का आयोजन होगा, जिसमें प्रतिष्ठित संगीतकार अमित त्रिवेदी अपनी आशाजनक आत्मा-सरगर्मी धुनों से एक अमिट छाप छोड़ेंगे।

## लोकसभा में वजट पेशी के बाद लोगों ने दी अपनी प्रतिक्रिया

प्रात: किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार ने कहा कि यह बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। बजट में उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के बीच सहूलियत होगी। तीन नये रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरूआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आयेगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लायेगी, जिसके तहत किराये के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहनेवाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है। वही आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को बल देने वाला यह 2024-25 का अंतरिम बजट देश में विकास की नई परिभाषा गढ़ेगा, यह पूर्ण विश्वास है। इस सर्वसमावेशक बजट के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हृदय से धन्यवाद। भाजपा के नवगछिया नगर अध्यक्ष कौशल जयसवाल ने कहा कि यह बजट दूरदर्शी और समावेशी बजट है। यह बजट भविष्य के लिए विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेगा। युवाओं महिलाओ, किसानो और गरीबों के उत्थान के लिए यह बजट है।


आवश्यकता

[illegible]

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय कृषि यंत्रीकरण मेला का हुआ समापन

भागलपुर। बिहार सरकार कृषि विभाग द्वारा विगत दिनों दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि यंत्रीकरण मेला का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलंकर किया गया था। वही इस कार्यक्रम के दूसरे दिन विधिवत रूप से समारोह का समापन्न किया गया। इस मेले में कृषि से संबंधित यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, साथ ही कृषक के बीच कृषि विभाग द्वारा यांत्रिक उपकरणों की बिक्री भी की गई। वहीं कार्यक्रम को लेकर कृषि विभाग के पदाधिकारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि इस यंत्रीकरण मेले में किसानों को कम से कम सब्सिडी पर यंत्रों को सरकार द्वारा रिफायत निर्धारित शुल्क दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसान सुगमता पूर्वक अपनी फसलों की बेहतर उपज खेती के साथ किसान अपने आय को बढ़ा सकेंगें। वहीं दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि यांत्रिक मेला में कृषि विभाग के दर्जनों पदाधिकारी व सैकड़ो किसान के अलावा अन्य मौजूद थे।

### तेज रफ्तार से जा रही कार नहर में पलटी

नाथनगर (भागलपुर)। इन दिनों जिले भर के ग्रामीण इलाकों में मवेशियों के चोरी होने की घटना लगातार सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के इलाके से एक और घटना सामने आई हैं जहां एक कार पर सवार बकरी चोर गिरोह ने ग्रामीणों की बकरी चोरी की घटना को अंजाम दे भागने की कोशिश में कार मधुसुदनपुर के कणझिया चौक के समीप सुखी नहर में अनियंत्रित होकर पलट गई, वही इस घटना में कार चालक समेत अन्य दो लोग कार पर सवार थे, लेकिन हादसे के बाद सभी मौके से फरार हो गए है। वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मधुसुदनपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को जप्त कर कानूनी प्रक्रिया के तहत घटना की जांच प्रताल में जुट गई है। वही घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों ने बताया कि कंझिया चौक के पास ब्लॉक रोड पर तेजी से एक कार जा रही थी, इसी बीच अचानक कार नहर में जा पलट गई थी। वही घटना की जानकारी मिलने पर आस पास के दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे, हालांकि किसी ने बकरी चोरी की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वही पुलिस टीम दुर्घटनाग्रस्त कार की जांच किये जाने के साथ ही कार से संबंधित मालिक का पता लगाने में जुट गई है।

### प्रमुख व उपप्रमुख की कुर्सी पुनः रही बरकरार: बीडियो

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों राजनीति के क्षेत्र में जहाँ एक दूसरे की कुर्सी हासिल करने की जद्दोजहद में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोपों का दौर लगातार जारी रहा है तो वही दूसरी तरफ जिला क्षेत्र इलाके में भी जिला व पंचायत स्तर पर भी आरोप प्रत्यारोपों के बीच एक दूसरे के बीच गुटबाजी का मामला चल रहा है। इसी कड़ी में बिहपुर प्रखंड प्रमुख रीमा देवी एवं उप प्रमुख मो. एनामुल की कुर्सी जाती हुई बच गई और अपने समर्थन में पुनः एकबार फिर अपनी कुर्सी बरकरार रखने में सफल रही हैं, दरअसल विगत दिनों अविश्वास मत में प्रखंड के एक भी पंचायत समिति सदस्य शामिल होने नहीं समय्यानुसार पहुँचे, जिसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों के साथ अपनी सत्ता बचावकर्मियों के साथ मिलकर फैसला अपने हक में कर लिया है। उल्लेखनीय है कि विगत 23 जनवरी को प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख के खिलाफ सात-सात पंचायत समिति सदस्यों ने संयुक्त रूप से अविश्वास प्रस्ताव का मामले को लेकर स्थानीय बीडीओ सत्यनारायण पंडित को आवेदन दिया गया था। जिसके बाद बीडीओ ने विगत 31 जनवरी को विश्वास मत साबित करने के लिए तिथि तय सीमा निर्धारित की थी, किन्तु निर्धारित तिथि समय्यानुसार प्रखंड मुख्यालय स्थित ट्रायसम भवन में पंसस के आने का बीडीओ इंतजार करते रह गए लेकिन एक भी पंसस प्रखंड मुख्यालय नहीं पहुँचे थे, जिसके कारण प्रमुख रीमा देवी एवं उप प्रमुख मो. एनामुल की कुर्सी के विरुद्ध लगे आरोप को दर किनार कर फैसला उनके पाले में चला गया और दोनों की कुर्सी जाते जाते बच गई है।

# बैठक का मुखिया संघ ने किया बहिष्कार, जमकर किया विरोध

- बैठक में पंचायत समिति सदस्यों ने राशन कार्ड बनाने के नाम पर वसुली का लगाया आरोप

प्रात: किरण संवाददाता



शाहकुंड (भागलपुर)। प्रखंड मुख्यालय स्थित शिल्पी भवन प्रांगण में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख अंजना देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई पंचायत मुखिया शामिल नहीं हुए तो वही दूसरी तरफ प्रखंड मुख्यालय में पहुंच मुखिया ने सामुहिक रूप से बैठक का बहिष्कार कर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध किया। इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो और उपाध्यक्ष व जिला सचिव उत्तम सिंह ने कहा कि बैठक में लिए निर्णय प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं होती है, सिर्फ कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। वही उनका कहना है कि जब तक डीडीसी या कोई वरिय पदाधिकारी बैठक में शामिल नहीं होंगे तब तक बैठक में मुखिया हिस्सा नहीं लेंगे, और आयोजित किसी भी बैठक में मुखिया संघ के कोई भी सदस्य भाग नही लेंगें। वही दूसरी तरफ मुखिया दल की अनुपस्थित में ही सदन की कार्रवाई पंचायत समिति सदस्य के साथ प्रारंभ की गई। वही बैठक में वासुदेवपुर के पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव ने राशन कार्ड बनाने के नाम पर एमओ द्वारा पैसे वसुली किये जाने के गंभीर आरोप लगाए है। आरोप का समर्थन पर अनुपस्थित एमओ नीलम कुमारी के खिलाफ प्रस्ताव लाने का निर्णय भी लिया गया है। इसी क्रम में कसवा खेरही के पंचायत समिति चंदा कुमारी और संजय मोदी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर बहाली, प्रमाण पत्र में वसूली, केंद्र पर पेयजल की समस्या, आदि से अवगत कराया गया है, वही सीडीपीओ कुमारी हेमा ने सभी समस्याओं के समाधान किये जाने का भरोसा दिलाया गया है। वही दूसरी तरफ शाहकुंड प्रखंड मुख्यालय के सीएससी में रोगी को कंबल उपलब्ध नहीं कराये जाने और मरीजों के बेडसीट नही बदलने का गंभीर आरोप सीएसपी के प्रभारी पर भी लगाया गया है। जिसके विरोध में प्रस्ताव लाया गया है। इसी क्रम में पंचायत समिति सदस्य ममता कुमारी ने शिक्षा में फजीर्वारा करने व घटिया एमडीएम व्यवस्था का भी मुद्दा उठाया है। वहीं क्षेत्र इलाके में जल-नल के व्यापक गड़बड़ी करने की जानकारी सदस्यों ने साझा की। वही संबंधित पदाधिकारी ने उक्त संबंधित योजनाओं को पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों को शोप दिए जाने की जानकारी दी। पैरडोमनियां माल पंचायत समिति ने एक जमीन का रसीद अंचल कार्यालय द्वारा दो व्यक्ति के नाम से निर्गत करने का भी गम्भीर आरोप लगाते हुए मुद्दा उठाया है। वही सीओ ने मामले को लेकर जांच किये जाने की बात कही है। वही बैठक के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव भारती, अंचलधिकारी निलेश कुमार चौरसिया, बीपीआरओ निलेश कुमार, बीसीओ किसलय कृष्णा, बीएओ राम यश मंडल, उप प्रमुख तरन्नुम अनवर, फरहत परवीन, चंदा कुमारी सहित अन्य सभी पंचायत समिति मौजूद थे।

### अंडा व फल भोजन में नही मिला तो छात्रों ने जमकर किया हंगामा

शाहकुंड (भागलपुर)। प्रखंड के मिडिल स्कूल गोरगामा में नामांकित छात्र छात्राओं को मध्यान भोजन में अंडा और फल नहीं मिलने पर विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध नाराज छात्र छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में जमकर हंगामा कर विद्यालय व्यवस्था को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान विद्यालय के नाराज छात्रों ने स्कूल प्रांगण में प्रदर्शन कर प्रधानाध्यापक के द्वारा अपनी ऊपरी बचत कमीशन कमाई के तहत सरकार द्वारा निर्धारित मध्यान भोजन मीनू सूची के तहत भोजन में अंडा व फल देने की मांग की है। वही मामले को लेकर विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी, ब्यूटी कुमारी, अंजू कुमारी, आशीष कुमार, पारस कुमार ने बताया कि आसपास के विद्यालय में नियमित रूप से भोजन में फल और अंडे दिए जा रहे हैं, लेकिन हमारे विद्यालय में उक्त सामान की व्यवस्था उपलब्ध नहीं करने और मध्यान भोजन में हम छात्रों को नही दिया जा रहा है, गौरतलब हो कि विभाग ने एमडीएम योजना के तहत क्षेत्र के सभी विद्यालय में विगत 27 जनवरी से 17 फरवरी तक अंडा फल देने का विशेष निर्देश जारी किया है। वहीं प्रधानाध्यापक अरविंद गुप्ता ने बताया कि छात्रों का आरोप गलत है, विभागीय निर्देश के आलोक में नियमित बच्चों को मीनू के अनुरूप ही भोजन व्यवस्था की जा गई है। अब सवाल यह है कि जब विद्यालय के सभी बच्चे विद्यालय व्यवस्था को लेकर इतना बड़ा गम्भीर आरोप क्यो लगाए हैं, इस मामले को लेकर जांच का विषय बन गया है।

# तीन दिवासीय शिल्प कला प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- प्रशिक्षण में बेहतर करने वाले छात्राओं को दृष्टि फाउंडेशन संस्थान करेगी पुरस्कृत

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के सुंदरवाती महिला महाविद्यालय प्रांगण में हस्तशिल्प सेवा केंद्र पटना व दृष्टि फाउंडेशन के द्वारा तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम 31 जनवरी से 2 फरवरी तक नियमित तौर पर चलेगी। वही कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार सिंह एवं कार्यक्रम पदाधिकारी यूनिट वन के डॉ. हिमांशु शेखर व कार्यक्रम पदाधिकारी यूनिट टू के डॉक्टर पृथा बासु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर महाविद्यालय के सैकड़ो छात्राएं इस प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने हेतू मौजूद रही थी। वही आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से हस्तकला के कई विशेषज्ञ अपनी कला की बारीकी से बताने के लिए महाविद्यालय पहुंचे हुए थे। इस प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम में मंजूषा पेंटिंग, टिकुली आर्ट, सिक्की आर्ट के अलावे कई तरह की कलाओं का प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। वही इस कार्यक्रम में बेहतर करने वाले छात्राओं को संस्थान द्वारा पुरस्कृत किये जाने की बात कही गई हैं।

# विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



जगदीशपुर (भागलपुर)। जगदीशपुर थाना प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना में पद स्थापित सैफ जवान बिरेंद्र कुमार सिंह के विभागीय सेवा कार्य अवधि समाप्ति को लेकर थाना में मौजूद उनके सहयोगियों व सकर्मियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर जगदीशपुर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सकर्मियों द्वारा सेवानिवृत्त सैफ जवान बीरेंद्र सिंह ने बिहार पुलिस विभाग में रहते हुए बहुत ही जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य पालन का निर्वाह करते हुए अपने मृदुल स्वभाव से लोगों के बीच अच्छी मिसाल पेश की है। इसके पूर्व करीब 18 वर्षों तक इन्होंने सैना में रहकर देश की सेवा में योगदान दे चुके हैं, तत्पश्चात 2010 से बिहार पुलिस में सैफ जवान के रूप में अपनी सेवा देते हुए 60 वर्ष की आयु में सेवा कार्य अवधि बखूबी निभाया है। इन्होंने अपने सेवा काल में बहुत ही बेहतर तरीके से कर्तव्य निर्वाह के साथ अपनी जिम्मेदारी का पालन किया है। इस मौके पर एसआई कृष्ण कुमार राय, शैलेंद्र कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, लक्ष्मण प्रसाद शाह, विकास कुमार, सुधीर प्रसाद सिंह, अजय कुमार, बम बम कुमार सहित थाना के सभी पुलिसकर्मी एवं सैफ जवान सहित एवं आपदा मित्र के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# चालक की लापरवाही से यात्रियों से भरी ऑटो गड्ढे में पलटी



- आधा दर्जन से अधिक यात्री हुए जख्मी व घायल

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इन दोनों सड़क हादसों का दौर लगातार जारी है। घने कोहरे के बीच वाहन दुर्घटना की चपेट में आने से कई लोगों की जान जा चुकी हैं तो वही कई लोगों का इलाज अन्य अस्पताल में चल रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर झंडापुर ओपी क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 31 मुख्य सड़क मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार से चल रही यात्रियों से भरी एक ऑटो रिक्शा (टेंपु) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलटने का मामला सामने आया है। वही घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय नवगछिया के मुख्य बाजार से ऑटो रिक्शा चालक करीब आधा दर्जन से अधिक यात्री को सवार कर नारायणपुर बिहपुर क्षेत्र के लिए निकली थी तभी ऑटो रिक्शा का अचानक संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे गड्ढे में पलटी खा गई। इस घटना में ऑटो रिक्शा पर सवार हुए लोग गम्भीर रूप से चोटिल होने के साथ जख्मी व घायल हो गए थे। वही इस घटना में तीन से चार यात्रियों को गम्भीर चोट आई है, जबकि इस घटना में अन्य सभी यात्रियों को आंशिक चोटें आई है। वही इस घटना में घायल हुए यात्री सोनी कुमारी 21 वर्ष पति प्रवेश कुमार वैसी नवगछिया, लुखो चौरसिया 55 वर्ष समेत एक अन्य व्यक्ति घायल हुए है। वही घटना के बाद दुर्घटनाग्रस्त ऑटो रिक्शा चालक मौके से फरार हो लिया है। वही दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने पर झंडापुर ओपी थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंच सभी घायल यात्रियों को बिहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में त्वरित इलाज के लिए भेज दिया है। जहां घायल सोनी कुमारी ने बताया कि यह दुर्घटना चालक के लापरवाही के कारण घटित हुई है। वह दूसरे वाहन से रेस लगाने की होड़ में चल रहा था, ऐसा लग रहा था कि वह नशे में ऑटो ड्राइव कर रहा था। वही ऑटो रिक्शा चालक को कई बार यात्री द्वारा तेज नहीं चलने को लेकर कहा गया, लेकिन चालक ने किसी की बात नहीं मानी और दुर्घटना का शिकार हो गया है।

# विदाई समारोह का हुआ भव्य आयोजन

- दफेदार के सेवानिवृति पर उनके सहयोगी कर्मियों ने दी भावभीनी विदाई

प्रात: किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थानाध्यक्ष राजेश रंजन के नेतृत्व में थाना के दफेदार डोमी मंडल को उनके विभागीय सेवा कार्य अवधि समाप्ति के साथ ही उनके सम्मान में एक कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ।इस दौरान थाना प्रांगण में दफेदार के सेवानिवृत्त होने पर उनके सहकर्मी व विभागीय सहयोगियों ने पुष्प गुच्छ,माला पहनाकर उन्होंने अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर इंस्पेक्टर राज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष राजेश रंजन, एसआई सुजीत कुमार एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा दफेदार के बेहतरीन सेवा कार्य योगदान को लेकर अंगवस्त एवं बुके भेंटकर सम्मानित करते हुए उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी गई। समारोह के वक्त दफेदार डोमी मंडल की आंखें नम होती दिखी, इस दौरान उन्होंने सभी साथियों से गले लगकर शुक्रिया अदा करते हुए अभिवादन किया। इस विदाई समारोह में उनका परिवार व रिश्तेदार सहित अन्य मौके पर उपस्थित थे। इस मौके पर सुजीत कुमार शर्मा, बिहपुर राम जानकी ठाकुरबाड़ी के महंत नवल किशोर दास, बिहपुर मध्य के मुखिया मनोज लाल, बिहपुर जमालपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बैजनाथ झा उर्फ बैजू राजा, बिहार प्रदेश कांग्रेस किसान मोर्चा के सह संयोजक सोनू ईश्वर, चौकीदार मो. सहमी, चंदन पासवान, मोती पासवान, राम, चंदन पासवान, मो. नौशाद, विश्वनाथ पासवान, सौरभ कुमार सहित अन्य कई सहयोगी कर्मी के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# समाजिक व राजनैतिक संगठन के लोगों ने किया धरना प्रदर्शन का आयोजन

- सुलतानगंज रेलवे स्टेशन परिसर में सरकार के विरुद्ध दिया धरना

प्रात: किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज रेलवे स्टेशन परिसर में अपनी चार सूत्री मांग को लेकर भागलपुर व सुलतानगंज के अधिवक्ता सह समाजसेवी राज कुमार के द्वारा सभी राजनैतिक संगठन एंव समाजसेवी द्वारा संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन प्रांगण में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इस दौरान अधिवक्ता राज कुमार, जदयू नेता सुधीर कुमार प्रोग्रामर, भाजपा नेता संजय चौधरी, जनसंसद के संरक्षक अजीत कुमार ने बताया कि आम जनता की अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, जो मुख्य मांग में सुलतानगंज रेलवे स्टेशन में सभी ट्रेन का ठहराव किया जाय, पैसेंजर ट्रेन में कोरोना काल में भाडा अधिक होने पर भाड़ पहले की तरह सुनिश्चित किया जाय, सीनीयर सीटीजन कि सुविधा पर ध्यान दे उनके लिए विशेष व्यवस्था की जाय व देवघर सुलतानगंज परियोजना के तहत कार्य किये जाने पर स्थानीय सुलतानगंज से देवघर जाने हेतु रेल यात्रियों को सुविधा मुहैया कराई जाय की मांगों को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया है। इस दौरान जदयू दल के नेता मुकेश कुशवाहा, वार्ड पार्षद विभूति यादव, विनोद रजक, समाजसेवी पंकज यादव, सिकन्दर कुमार, मनीष कुमार, सुनिल रामुका सहित अन्य समाजिक संगठन के कार्यकर्तागण के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# बजट में रेल कारखाना एवं अन्य विभागों की उपेक्षा से बौखलाए संघर्ष मोर्चा

प्रात: किरण ब्यूरो

मुंगेर। वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा 24 - 25 की अंतिम पूर्णकालिक बजट में जमालपुर रेल क्षेत्र की अपेक्षा के साथ ही एशिया प्रसिद्ध जमालपुर कारखाना, रेलवे विश्वविद्यालय, डीजल शेड के विकास के लिए सरकार द्वारा कोई घोषणा नहीं करने पर बौखलाई जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में स्थानीय जुबली वेल चौक पर प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का पुतला फूंका और केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की मौके पर मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि इस चुनावी बजट से हम लोगों को काफी उम्मीद थी की बजट में हमारे सपनों को पंख लगेगा लेकिन पिछले बजट की तुलना में इस बार रेलवे को 9 गुना ज्यादा बजट देने की घोषणा करने वाले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रेल मैं भी धनाढ्य लोगों की ही वकालत करते नजर आई जमालपुर कारखाना एवं यहां के अन्य विभागों के हिस्से बस झुनझुना आया , जिसका खामियाजा केंद्र सरकार को भुगतनी होगी। वहीं बसपा के जिला प्रभारी कृष्णानंद राऊत ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट महज चुनावी बजट है जिसमें पूंजीपतियों के हितों को ही ध्यान में रखा गया है, वंदे भारत चलाने की घोषणा इसका प्रमाण है, बाकी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अन्य सुविधा की बात दिवास्वप्न प्रतीत होता है। वही जाप के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट देश की जनता का बजट नहीं मोदी के सपनों का बजट है जिसमें एशिया प्रसिद्ध जमालपुर रेल कारखाने का अपेक्षा किया गया जनता आगामी चुनाव में इसका करारा जवाब देगी । इस मौके पर सपा नेता मिथिलेश यादव मो आजम डॉ सुधीर गुप्ता वार्ड आयुक्त रूपेश कुमार छोटू मीडिया प्रभारी कुमार प्रभाकर सचिव दिनेश साहू गौरव यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे

### शिक्षक कभी रिटायर नही होते, वे जीवनपर्यंत ज्ञान की गंगा बहाते है: शुभ्रांशु

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। विगत बुधवार को प्रखंड के खैरा गांव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत सहायक शिक्षिका को भावपूर्ण विदाई दी गई. राजकीय बुनियादी विद्यालय खैरा की सहायक शिक्षिका रंजू किरण भारती की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षक, ग्रामीण और समाजसेवियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी. विद्यालय के प्रधानाध्यापक शुभ्रांशु शेखर की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर प्रधानाध्यापक अमित मानकर और शुभ्रांशु शेखर ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नही होते वे जीवनपर्यंत ज्ञान की गंगा बहाते है. अपनी सेवानिवृति पर शिक्षिका रंजू किरण भारती ने कहा कि विद्यालय के प्रति उनका लगाव और शिक्षक, ग्रामीण और छात्र-छात्राओं का हमेशा स्नेह मिलता रहा जो जीवन भर जेहन में जिंदा रहेगी. इस मौके पर श्यामदेव प्रसाद सिंह, सहदेव सिंह, मनोज कुमार, बिजेश कुमार, शंकर कुमार, काजल पटेल, नीतू कुमारी, अमित कुमार, प्रभाकर सिंह आदि समेत ग्रामीण गन्यमाण मौजूद थे.

### इंटरमीडिएट परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई संपन्न

तारापुर। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट साइंस विषय की परीक्षा आज पहले दिन तारापुर के सभी तीन मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया । गौरतलब है कि इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र को लेकर तारापुर में तीन परीक्षा केंद्र क्रमशः आर एस कॉलेज, प्लस टू आदर्श उच्च विद्यालय एवं महावीर चौधरी प्लस टू उच्च विद्यालय शांति नगर तारापुर बनाया गया है । आज सुबह के 9:00 बजे से प्रथम पाली बायोलॉजी की परीक्षा देने को लेकर समय से भारी संख्या में छात्राओं का हुजुम देखते-देखते परीक्षा केंद्र के मुख्य गेटों पर कतार वध खड़ी हो गई ।

# नौवागढ़ी में बुधवार को अहले सुबह से ही वाहनों का लगा लंबा तांता

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर सदर। सदर मुंगेर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी बाजार से गुजरने वाली एनएच-80 सड़क पर वाहनों का लंबा-लंबा जाम कई-कई घंटों तक लगातार लग रहा है। बुधवार को भी अहले सुबह से ही सड़क पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। वाहनों के जाम लगने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। यहां तक कि, छोटी गाड़ियों के साथ-साथ दोपहिया वाहनों का चलना भी मुश्किल हो गया। वाहनों के जाम लगने से नौवागढ़ी बाजार में पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी हुई। वही नौवागढ़ी क्षेत्रवासी अरुण शर्मा, सर्वेश कुमार,मुकेश कुमार साह, नवल किशोर सिंह, द्वारा बताया गया कि रोड चौड़ीकरण के कारण रोड के बगल में खाने गए गड्ढे को लेकर गाड़ियों की आवागमन में परेशानी हो गई तथा सुबह से ही लंबी जाम लग गई है। छोटे से बड़े बहनों लंबी कतार लग गई है हवा गवन में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। आपकी मशक्कत के बाद लगभग चार घंटे के बाद जाम खाली हुआ तथा लोगों को आवाज गवन में सुविधा उत्पन्न हुई।

# पोषण ट्रैक्टर एवं वृद्धि निगरानी को लेकर सेविका को दिया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



सदर मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत,बाल विकास परियोजना कार्यालय मुंगेर ग्रामीण की सभी आंगनबाड़ी सेविका को पोषण ट्रैकर एवं वृद्धि निगरानी को लेकर सेविका को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वहीं इसकी जानकारी देते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुंगेर ग्रामीण प्रियदर्शनी ने बताई की विभागीय निदेर्शानुसार सभी आंगनबाड़ी सेविका को मोबाइल पर वृद्धि निगरानी एवं अन्य कार्य करने हेतु सही ढंग से काम करने हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित महिला पर्यवेक्षक का सोनी कुमारी,ज्योति सिंह, तथा प्रखंड समन्वयक सरिता कुमारी, जूही कुमारी के साथ सभी आंगनबाड़ी सेविका उपस्थिति रही।

# थाना अध्यक्ष को समारोह पूर्वक दी गई विदाई

प्रात: किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर 1 फरवरी )।बुधवार के देर शाम तारापुर थाना के प्रांगण में पिछले 3 सालों से कार्यरत निवर्तमान थाना अध्यक्ष राजेश कुमार रंजन का विदाई समारोह देर रात्रि तक पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया । गौरतलब है कि विदाई समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राकेश रंजन कुमार अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर थे । समारोह का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा किया गया । बता दें कि तारापुर थाना से लगभग आधा दर्जन दरोगा का तबादला लखीसराय जिले में हुआ है ।

इन सभी लोगों का कार्यकाल तारापुर में बेहद अच्छा रहने को लेकर जनप्रतिनिधियों अधिवक्ताओं पत्रकारों एवं आम नागरिकों के द्वारा समय-समय पर मिलते सहयोग को लेकर विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया था जहां उपस्थित हर लोगों ने तबादला हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों के प्रति अपना अपना बेहतर अनुभव को रखा। अनुमंडल पदाधिकारी श्रीरंजन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा का चुनाव काफी नजदीक है, और एक साथ सामूहिक रूप से अधिकतर लोगों का दूसरे जिले में ट्रांसफर हो जाने से प्रखंड एवं अनुमंडल प्रशासन को चुनाव कार्य को लेकर आने वाले नई पुलिस टीमों के साथ आपसी समन्वय बनाकर काम करना होगा । समारोह के मौके पर चंद्रर सिंह राकेश हरे कृष्णा वर्मा पूर्व जिला परिषद सदस्य मंटू यादव ने कहा की निवर्तमान थाना अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में कुल मिलाकर अपराध का ग्राफ जीरो प्रतिशत रहा है । समाज के अंतिम पंक्ति में बैठने वाले लोगों से लेकर हर वर्ग को पुलिस की आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन ने उन्हें पूरी तरह से सहयोग किया है , इससे इनकार नहीं किया जा सकता। अपने संबोधन के दौरान थाना अध्यक्ष श्रीरंजन ने बताया कि मैं तारापुर शहीद की धरती को नमन करता हूं ,कि मैं अपने जीवन में सबसे लंबे कार्यकाल थाना अध्यक्ष के रूप में तारापुर में ही बिताया।

शहीद स्मारक उद्घाटन कार्यक्रम जैसे मौके पर मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर तारापुर विधानसभा उपचुनाव को भी मैंने पुरी चाक चौबंद व्यवस्था के साथ काम किया जिसे मैं भूले नहीं भूला सकता हूं ।

### संतमत सत्संग महाधिवेशन को लेकर चला जनसंपर्क अभियान

मुंगेर। आगामी 24 25 एवं 26 फरवरी को अखिल भारतीय संतमत सत्संग का 112 वां महा अधिवेशन उत्तर प्रदेश के वृंदावन में आयोजित होगी। जबकि आगामी दो एवं तीन मार्च को मुंगेर जिला के रतनपुर में संतमत सत्संग का 49वीं जिला अधिवेशन होगा। जिसमें जमालपुर क्षेत्र से सैकड़ो सत्संगी भाग लेंगे। उक्त बातें अधिवेशन की सफलता को लेकर बुधवार को जमालपुर क्षेत्र में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के दौरान जिला प्रचार मंत्री राजन कुमार चौरसिया ने कहीं उन्होंने बताया कि बुधवार को जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नयागांव बड़ी आशिकपुर लक्ष्मणपुर सहित मुंगेर के कई क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त दोनों महान अधिवेशन एवं जिला अधिवेशन में कुप्पाघाट आश्रम भागलपुर से संतमत के वर्तमान आचार्य महर्षि हरिंद परमहंस जी महाराज के साथ-साथ संतमत के दर्जनों वरिष्ठ साधु संतों का प्रवचन होगा।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई विदाई

प्रात: किरण ब्यूरो




तारापुर (मुंगेर)। सेवा कार्य से अवकाश के उपरांत अनुमंडलीय अस्पताल में समारोह पूर्वक प्रभारी उपाधीक्षक प्रमोद कुमार सिंह सहित तीन स्वास्थ्य कर्मियों ललिता कुमारी, सावित्री देवी, सरस्वती कुमारी को भावपूर्ण विदाई दिया। उनके सेवा कार्य के दौरान किए गए कार्य व्यवहार , कर्त्तव्यनिष्ठा की भूरी भूरी प्रशंसा किया गया। भारत सरकार से डॉक्टर सिंह को स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरस्कृत किए जा चुके हैं, की जानकारी दिया। डॉ प्रमोद सिंह ने अपने सेवा कार्य काल में सहयोगियों के साथ को अविस्मरणीय बताया। उनको धन्यवाद दिया। धैर्य शांतचित होकर सेवा करने का टिप्स अपने कनीय सहयोगियों को दिया। लोगो की सेवा जब तक सांस रहेगा सेवा करते रहने का वायदा किया। किसी व्यवहार के कारण अगर किसी साथी को शिकायत है तो क्षमा मांगी। संबोधन में अन्य लोगो ने बताया की उनके लिए भावुक क्षण है। डॉ प्रमोद कुमार सिंह ने कभी किसी को नाराज नही किया। एक प्रशासक के रूप में कैसे कार्य करें की शिक्षा दिया है। सुलझे हुए इंसान बताया ।उनके साथ सेवा कार्य यादगार रहा है। पूर्व प्रभारी राजेश्वर भगत, डा दिवाकर सिंह, डॉ बिंदु कुमारी, डॉ ज्योति ,डॉ अनूप कुमार डॉ विनोद कुमार डॉ मनोज कुमार डॉ मुकेश कुमार डॉ रजनीश कुमार प्राचार्या नईमा खान आदि ने सेवानिवृत चिकित्सक , स्वास्थकर्मियों के साथ गुजारे पल को याद किया। एएनएम नर्सिंग की छात्राओं ने स्वागत गान किया। सबों को भागवत गीता, बुके, पुष्पमाला, शाल उपहार देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन अस्पताल डॉ मदन पाठक और अस्पताल प्रबंधक तौसीफ हसनैन ने किया।

# सरफराज खान के चयन पर बोले दीप दासगुप्ता- गुणवत्ता रनों का बढ़ना भी महत्वपूर्ण है



**नई दिल्ली।** पूर्व विकेटकीपर दीप दासगुप्ता ने इस बात पर अपनी राय रखी कि क्या सरफराज खान को पहले भारतीय टीम में चुना जाना चाहिए था। 26 वर्षीय सरफराज को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 2 फरवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में चुना गया। केएल राहुल के हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद सरफराज को पहली बार भारत में शामिल किया गया। उनके साथ रवींद्र जडेजा के दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद सौरभ कुमार को भी टेस्ट टीम में बुलाया गया था।

दासगुप्ता ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 2 मैचों की अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला में अपने खेल के शीर्ष पर रहने के लिए सरफराज की प्रशंसा की। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दूसरे मैच में युवा खिलाड़ी ने शानदार शतक बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। हालांकि दासगुप्ता ने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का चयन करते समय उन टीमों पर भी गौर करना चाहिए जिनके खिलाफ उन्होंने रन बनाए हैं।

दासगुप्ता ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, %उन्हें इसका श्रेय जाता है कि वह पिछले दो से तीन वर्षों से अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड ए के खिलाफ भी रन बनाए थे। वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन दो सवाल थे। सबसे बड़ा सवाल था कि किसकी जगह। हम बड़ी आसानी से कह देते हैं कि फलां खिलाड़ी होना चाहिए, लेकिन 11 ही खेल सकते हैं और टीम में 15 या 16 ही हो सकते हैं। दूसरी बात ये भी सवाल था और मैंने सुना है यह कुछ लोगों से पता चलता है कि बड़े मैचों में रन कहां होते हैं।%

उन्होंने कहा, %जब लोग प्रथम श्रेणी क्रिकेट के बारे में बात करते हैं, तो पूरे सम्मान के साथ आपके पास 37 टीमें हैं। आप कुछ बहुत ही औसत टीमों के खिलाफ भी खेल रहे हैं। मुझे ऐसा नहीं कहना चाहिए, यह कुछ टीमों के लिए अपमानजनक होगा, लेकिन गुणवत्ता रनों का बढ़ना भी महत्वपूर्ण है। मैं यह बात सरफराज के खिलाफ नहीं कह रहा हूं।% 45 प्रथम श्रेणी मैचों में सरफराज ने 69.85 की औसत और 70.48 की स्ट्राइक रेट से 3912 रन बनाए हैं जिसमें 14 शतक और 11 अर्द्धशतक शामिल हैं।

## वे इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजी को दबाव में डाल सकते हैं, चोपड़ा ने पाटीदार और सरफराज का समर्थन किया



**नई दिल्ली।** भारत 5 मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट में अपनी प्लेइंग इलेवन में जबरन बदलाव करने के लिए तैयार है। भारत को अपने दो मुख्य खिलाड़ियों केएल राहुल और रवींद्र जड़ेजा के चोटिल होने के कारण हार का सामना करना पड़ा है। दूसरे टेस्ट मैच में विराट कोहली की अनुपस्थिति के कारण, भारत को टीम के बल्लेबाजी क्रम को भरने के लिए कम से कम एक पदार्पण की उम्मीद होगी। सरफराज खान और रजत पाटीदार में से किसी एक के दूसरे टेस्ट मैच में खेलने की उम्मीद है। भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि रणजी ट्रॉफी सितारे भारत के बल्लेबाजों की तुलना में स्पिन को बेहतर ढंग से खेलने में सक्षम हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने हाल के वर्षों में घरेलू रेड-बॉल सर्किट में कड़ी मेहनत की है।

चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा, %रजत पाटीदार और सरफराज खान बहुत महत्व रखते हैं। वे स्पिन-अनुकूल पिचों पर अच्छा खेलते हैं और रणजी ट्रॉफी में बहुत सारे रन बनाए हैं। वे अंतरराष्ट्रीय सफेद गेंद क्रिकेट से नहीं आ रहे हैं, जो आपकी रक्षा को कमजोर करता है। मैं मैच के लिए तैयार हूं और यह भारत के लिए अच्छी खबर है। वे इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजी को दबाव में डाल सकते हैं।%

हैदराबाद में पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भारत को हार का सामना करना पड़ा जब पदार्पण कर रहे टॉम हार्टले ने 7 विकेट लिए। भारतीय टीम राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 231 रनों के लक्ष्य के 28 रन रहते सामने ढेर हो गई और उम्मीद है कि वह अपनी गलतियां नहीं दोहराएगी।

इंग्लैंड की टीम में भी बदलाव होंगे जैक लीच घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड की टीम में अनुभवी जेम्स एंडरसन हैं जो लीच के स्थान पर आ सकते हैं, या टीम अगर इसी तरह के संयोजन के साथ खेलना चाहती है तो शोएब बशीर को पदार्पण करा सकती है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मैच से पहले बात की और कहा कि टीम डॉ. वाई.एस.राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के विकेट का विश्लेषण करने के बाद फैसला करेगी। दूसरा टेस्ट 2 फरवरी, शुक्रवार से शुरू होगा।

## चोट के कारण मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे रोनाल्डो



**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को यहां मुकाबला होना है।

अल नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर स्किन कैंसर के कारण महिला प्रीमियर लीग से हुई बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल को गर्दन से स्किन कैंसर निकालने के लिए सर्जरी के बाद महिला प्रीमियर लीग 2024 से बाहर होना पड़ा है। चीटल ने पिछले दिसंबर में भारत के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने बुधवार को ये सर्जरी करवाई।

इस साल का डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से बेंगलुरु में शुरू हो रहा है और तेज गेंदबाज चीटल को पिछले साल दिसंबर में हुई नीलामी के दौरान गुजरात जायंट्स ने खरीदा था। 25 वर्षीय खिलाड़ी का 2021 में भी इसी तरह का इलाज हुआ था। तब उनके पैर में परेशानी हुई थी। वह न्यू साउथ वेल्स के लिए महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के बाकी मैचों से भी बाहर हो जाएंगी। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के एक बयान में कहा गया है, चीटल खिलाड़ियों के निर्धारित ऑफ-सीजन ब्रेक के बाद एनएसडब्ल्यू के साथ ट्रेनिंग में वापसी का लक्ष्य बना रही हैं।

## स्टोक्स ने रूट को 'गेंदबाज' बनाने का वादा निभाया

**विशाखापत्तनम।** बेन स्टोक्स ने जो रूट की गेंदबाजी निखारने का वादा किया था और इंग्लैंड के कप्तान को इस बात से खुशी है कि वह अपने इस 'मिशन% में सफल रहे जो इस शीर्ष बल्लेबाज के पहले टेस्ट की जीत में पांच विकेट झटकने से साफ झलकता है। इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ



बल्लेबाज रूट भारत के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट की पहली पारी में उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी रहे जिन्होंने मैच में पांच विकेट हासिल किए। रूट ने पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में केएल राहुल का अहम विकेट अपने नाम किया जिससे इंग्लैंड ने वापसी करते हुए शानदार जीत हासिल की। रूट ने अच्छी गति से गेंद टर्न कराई और उनकी स्ट्रेट गेंद से भी भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी हुई।

दूसरे टेस्ट में जैक लीच नहीं खेल रहे हैं तो रूट के स्पिन विभाग में और अधिक जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद है। उन्होंने श्रृंखला के शुरूआती मैच में कुल 48 ओवर डाले थे। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'मैंने हमेशा जो से कहा कि बतौर कप्तान उन्होंने कम गेंदबाजी की और मैं उन्हें कहता कि मैं उन्हें एक गेंदबाजी बनाऊंगा और मैंने ऐसा कर भी दिया।% उन्होंने कहा, 'ऐसे खिलाड़ी का होना जो सिर्फ गेंद ही नहीं फेंकता बल्कि खेल की रफ्तार भी बढ़ा दे। वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी भी करे और उन्होंने जितने रन बनाए हैं, उसे देखते हुए वह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं।%

स्टोक्स ने कहा, 'जो की गेंदबाजी का यहां फायदा मिलना निश्चित रूप से बहुत बड़ी चीज है।% इंग्लैंड ने मार्क वुड की जगह जेम्स एंडरसन को जबकि चोटिल लीच के स्थान पर 'अनकैप्ड% शोएब बशीर को शामिल किया है। बशीर वीजा मुद्दों के कारण देर से भारत पहुंचे जिससे वह पहले मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। एंडरसन की वापसी इंग्लैंड के लिए ऐसा ही काम करेगी जो जसप्रीत बुमराह भारत के लिए पुरानी गेंद से करते हैं और वो है 'रिवर्स स्विंग%। स्टोक्स ने कहा कि एंडरसन जब नहीं खेल रहा होता तब भी वह टीम के लिए योगदान करता है जैसा हैदराबाद में हुआ था। स्टोक्स ने कहा, 'जिम्मी का अनुभव लाना शानदार है और उनका भारत में रिकॉर्ड भी अच्छा है। जिम्मी 'द स्विंग किंग% शानदार गेंदबाज है।

## इंग्लैंड पर पलटवार को तैयार भारतीय टीम, संभावित प्लेइंग 11



**विशाखापत्तनम।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट में पलटवार करने को तैयार है। भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के स्पिनरों से निपटने के लिए तैयारी कर ली है और इसको लेकर बीते दिनों में भारतीय बल्लेबाजों को परंपरागत शॉट्स के साथ स्वीप शॉट और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने का जमकर अभ्यास किया।

मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है और अब रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल के भी बाहर हो जाने से उनकी बल्लेबाजी लाइनअप में एक बड़ा अंतर आ गया है। हालाँकि, इससे रजत पाटीदार, सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर को यहां अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की चोटों से जुझ रहे भारतीय टीम को एक उदाहरण पेश करना होगा।

खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल पर भी दबाव है। दोनों बल्लेबाजों को धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा करना होगा। रोहित को अपनी पारी को मैच जिताने वाली पारी में तब्दील कर करना होगा। रोहित शर्मा चार हजार टेस्ट रन पूरे करने से 200 रन दूर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी स्टाइल में ऐतिहासिक मुकाम हासिल करेंगे।

दूसरे टेस्ट के लिए भारत की पूरी टीम के पास कुल मिलाकर 10,702 टेस्ट रन हैं, जबकि अकेले जो रूट के नाम 11,447 टेस्ट रन हैं। इसलिए उम्मीद है कि सभी आलोचकों की इस भारतीय बल्लेबाजी इकाई पर नजर रहेंगी। भारत ने पहले भी विशाखापत्तनम में दो टेस्ट खेले हैं और वहां उसका रिकॉर्ड शानदार रहा है, लेकिन पहला टेस्ट जीतकर इंग्लैंड की उत्साही टीम भारत के घरेलू प्रभुत्व को खत्म करने का प्रयास करेगी। भारतीय प्रशंसकों को उम्मीद है कि भारतीय टीम फिर से अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराते हुए और सीरीज में बराबरी करेगी।

### संभावित प्लेइंग 11

भारत - रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार, के एस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रित बुमरा और मोहम्मद सिराज

इंग्लैंड - जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, शोएब बशीर, मार्क वुड और जेम्स एंडरसन

## टेस्ट टीम में जगह मिलना सबसे सुखद क्षण, ENG के खिलाफ दूसरे मैच से पूर्व बोले रजत पाटीदार

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारत के बल्लेबाज रजत पाटीदार ने कहा कि पहला टेस्ट कॉल-अप प्राप्त करना उनके जीवन का सबसे खुशी का क्षण है और सीनियर बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली से सीख रहा हूं। पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ रहा भारत शुक्रवार को विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड से भिड़ेगा। केएल राहुल और रवींद्र जडेजा चोटों के कारण बाहर हैं और विराट निजी कारणों से पहले दो टेस्ट नहीं खेल रहे हैं, ऐसे में पाटीदार भारत के लिए अपना टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं।

बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में पाटीदार ने कहा, %जब भी कोई खिलाड़ी घायल हो जाता है, तो उसके लिए यह मुश्किल हो जाता है। मैंने खुद से कहा कि मैं अपना रिकवरी समय नहीं बदल सकता, खुद को वर्तमान में रखा और इसे स्वीकार किया। चोट से वापसी करते हुए अपना पहला टेस्ट कॉल-अप पाना मेरे लिए सबसे खुशी का पल है क्योंकि भारत के लिए टेस्ट खेलना मेरा सपना था। भारत ए के लिए खेलते समय मुझे कॉल आया था।%



पाटीदार ने कहा कि वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ अच्छी तरह से संवाद कर रहे हैं और नेट्स में कप्तान रोहित के साथ बल्लेबाजी पर भी चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा, %मेरी बल्लेबाजी शैली आक्रामक है और मैं अपने घरेलू क्रिकेट के दिनों से इसी तरह खेलता आया हूं। यह मेरी आदत है, यह अच्छी तैयारी के बारे में है। प्रतिद्वंद्वी कैसे गेंदबाजी करते हैं, उनके गेंदबाज, फील्ड प्लेसमेंट और रोहित जैसे खिलाड़ी कैसे इसका सामना करते हैं, मैं इसे खेल में जोड़ने की कोशिश करता हूं। यही मेरा एकमात्र ध्यान है।%

पाटीदार ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें विराट को बल्लेबाजी करते हुए देखना पसंद है खासकर उनके फुटवर्क और बॉडी मूवमेंट को। 35 वर्षीय सुपरस्टार बल्लेबाज पाटीदार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में टीम के साथी भी हैं। पाटीदार ने कहा, %मैं हमेशा नेट्स के पीछे से विराट भाई की बल्लेबाजी को देखता हूं - खासकर बल्लेबाजी के दौरान उनके फुटवर्क और बॉडी मूवमेंट को - मुझे उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखने में बहुत मजा आता है। मैं इसे अपने खेल में जोड़ने की कोशिश करता हूं।% अपनी सारी भावनाओं को एक शब्द में व्यक्त करते हुए पाटीदार ने कहा कि वह भारत के लिए टेस्ट खेलने के लिए ÷उत्साहित÷ हैं। पाटीदार ने पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए एक वनडे मैच खेला था, जहां उन्होंने 16 गेंदों में 22 रन बनाए थे और अपने स्ट्रोकप्ले से प्रभावित किया था।

## इंग्लैंड को लगा झटका, अनुभवी खिलाड़ी दूसरे टेस्ट से बाहर



**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है क्योंकि अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच चोट के कारण भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। इंग्लैंड उम्मीद कर रहा था कि वह ठीक हो जाएंगे और शुक्रवार को विशाखापत्तनम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे, लेकिन कप्तान बेन स्टोक्स ने खुलासा किया कि 32 वर्षीय खिलाड़ी को दूसरे मैच के लिए बाहर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आईसीसी के हवाले से स्टोक्स ने लीच के बारे में कहा, %वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। दुर्भाग्य से, उसने जो प्रहार किया उसके कारण उसके पैर में हेमेटोमा हो गया। यह हमारे लिए बड़ी दुख की बात है, जैक के लिए बड़ी दुख की बात है, जाहिर तौर पर लंबे समय तक अपनी पीठ के बल खेल से बाहर रहने के बाद।% स्टोक्स ने आगे कहा, %यह कुछ ऐसा है जिसका हम हर दिन आकलन कर रहे हैं। मेडिकल टीम ने इसे संभाल लिया है, और उम्मीद है, यह कुछ ऐसा नहीं है जो बहुत गंभीर हो और उसे श्रृंखला में लंबे समय तक बाहर रखे।

## इंग्लैंड से निपटने के लिए बनाई नई योजना, केएस भरत ने दूसरे टेस्ट को लेकर बताया प्लान

**विशाखापत्तनम।** विकेटकीपर केएस भरत ने गुरुवार को कहा कि चोटों से प्रभावित भारतीय खेमे में कोई हड़बड़ाहट नहीं है और घरेलू टीम ने यहां दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के आक्रामक रवैये से निपटने के लिए नई योजना बनाई है जिसमें जरूरत पड़ने पर स्वीप शॉट लगाना भी शामिल है। भरत अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलेंगे। उन्होंने कहा कि टीम ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में रही अपनी खामियों पर काम किया है जिसमें इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए 28 रन से जीत दर्ज की थी।

ओली पोप की अगुआई में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेलकर भारतीय स्पिनरों का आराम से सामना किया। शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले टेस्ट में उनके इसी जज्बे से खेलना जारी रखने की उम्मीद है। भरत ने कहा, 'वे काफी अच्छा खेले। श्रेय उनको दिया जाना चाहिए। ओली पोप ने वास्तव में काफी अच्छे शॉट खेले।%

भारतीय टीम अपने स्टार आल राउंडर रविंद्र जडेजा और शीर्ष बल्लेबाज केएल राहुल के बगैर खेलेगी जो चोटिल हो गए हैं। भरत ने कहा, 'हमारी टीम बैठकों में हमने उन चीजों के बारे में बात की जिन्हें हम बेहतर तरीके से कर सकते थे और हां, हमारी निश्चित रूप से



कुछ योजनायें हैं। हम निश्चित रूप से देख रहे हैं कि उन्होंने पहले मैच में कैसा खेल दिखाया, कुछ रिवर्स शॉट खेले। इस पर हमने निश्चित रूप से काम किया है।%

भारतीय बल्लेबाज ज्यादा स्वीप शॉट्स नहीं खेलते हैं लेकिन दूसरे टेस्ट से पहले दो ट्रेनिंग सत्र में इन शॉट का अभ्यास करते हुए दिखायी दिये। क्या इसका मतलब है कि घरेलू टीम ज्यादा 'स्क्वायर ऑफ द विकेट% खेलेगी? उन्होंने कहा, 'भारत में हम इस तरह के ट्रैक पर काफी क्रिकेट खेले हैं। ऐसा नहीं है कि हम स्वीप, रिवर्स स्वीप या पेडल शॉट खेलना नहीं जानते, लेकिन टीम की हालात को देखते हुए उस विशेष दिन हम बल्लेबाज फैसला करते हैं।%

भरत ने कहा, 'हमारे लिए बहुत स्पष्ट है कि स्वतंत्रता से खेलें। हमने पहले मैच से पहले भी रिवर्स स्वीप शॉट का अभ्यास किया था। लेकिन क्रीज पर खेलते हुए यह बल्लेबाजी की व्यक्तिगत योजना होती है।% हैदराबाद में दूसरी पारी में इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन फिर टॉम हार्टले की खूबसूरत गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने कहा, 'अगर टीम एक निश्चित तरीक से खेलने की मांग करती है तो हमें ऐसा ही करना होता है।%

## संक्षिप्त समाचार

### सुब्रमण्यम स्वामी श्रृंगार गौरी मुकदमे में बनना चाहते हैं पक्षकार

**वाराणसी, एजेंसी।** वरिष्ठ राजनेता और वकील सुब्रमण्यम स्वामी ने पांच महिला वादियों द्वारा दायर श्रृंगार गौरी मुकदमे में पक्षकार बनने के लिए जिला अदालत का दरवाजा खटखटाया है। स्वामी के कानूनी सहयोगी और वकील वैदुष्य पार्थ ने कहा,हमने लंबित मुकदमों की प्रमाणित प्रति के लिए आवेदन किया है। मैं गुरुवार को डॉ. स्वामी की ओर से उन्हें प्राप्त करूंगा और उसके बाद हम पक्ष रखेंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति में, स्वामी ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर की बाहरी दीवार पर मां श्रृंगार गौरी और अन्य देवताओं की पूजा करने के लिए राहत की मांग करते हुए वाराणसी जिला अदालत के समक्ष मुकदमों का एक समूह पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा,वाराणसी जिला अदालत में मुकदमे के नतीजे का सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित मेरे मामले पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए, मैंने इस मुकदमे में पक्षकार बनने का फैसला किया है। उन्होंने कहा,काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार वहीं होना चाहिए जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद है। मेरे पास काशी विश्वनाथ (और मथुरा में कृष्ण मंदिर) के लिए अपवाद बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक याचिका लंबित है, जैसा कि राम जन्मभूमि मामले में था।

### एमबीए के छात्र ने खुदकुशी करने का बनाया वीडियो, प्रेमिका पर लगाया आरोप

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित छावनी थाना अंतर्गत कैम्प 1 आजाद मोहल्ले में रहने वाले युवक ने खुदकुशी कर ली है। युवक एमबीए का छात्र था, और उसने सुसाइड करने से पहले एक वीडियो बनाया था जिसके बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कथित प्रेमिका समेत 3 लोग को पर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें 2 युवती और एक युवक है।
यह पूरा मामला भिलाई के कैम्प 1 आजाद मोहल्ला का बताया जा रहा है यहां गौरव रॉय जिसकी उम्र 22 वर्ष थी उसने एक वीडियो बनाया। जिसमें उसने अपनी कथित प्रेमिका हुमा नाज, उसकी बहन फिजा नाज और उसकी बहन का दोस्त मजहर अंसारी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही गौरव ने वीडियो बनाते हुए अपनी कथित प्रेमिका से संबंध होने की बात करते हुए कहा कि उसकी प्रेमिका उसे रेप केस में फंसाना चाहती है। युवक ने कहा कि उसकी बार-बार की धमकियों से परेशान होकर वह खुदकुशी कर रहा है। बतादें कि जब युवक ने वीडियो बना लिया और उसे वायरल कर युवक ने गाड़ी के शोरूम के पीछे रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या कर ली है। वही वीडियो के सामने आने के बाद इसे अधार मानते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे मामले को लेकर छावनी सीएसपी आशीष बंछोर ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ खुदकुशी करने के मजबूर करने का आरोप लगा है। जिन्हें पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### हिमाचल में लोकसभा चुनाव से पहले 19 आईएएस अधिकारियों का तबादला

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने 19 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। आठ जिलों के डीसी भी बदल दिए गए हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह तबादले किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से बुधवार देर शाम इस संबंध में आदेश जारी हुए हैं। हमीरपुर के डीसी हेमराज बैरबा को कांगड़ा का डीसी बनाया गया है। इसी तरह चंबा के डीसी अपूर्व देबगन अब मंडी के डीसी होंगे। किन्नौर के डीसी तोरूल एस रवीश को कुल्लू का डीसी तैनात किया गया है। परिवहन के निदेशक अनुपम कश्यप शिमला के डीसी बनाए गए हैं। आईटी के निदेशक मुकेश रिपसवाल चंबा के नए डीसी होंगे। निदेशक कार्मिक व वित्त अमित कुमार शमा को किन्नौर का डीसी बनाया गया है। विशेष सचिव वित्त अमरजीत सिंह को हमीरपुर का डीसी बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के प्रबंध निदेशक जतिन लाल को ऊना का डीसी तैनात किया गया है।

# हिजाब पहना तो स्कूल में नो एंट्री : शिक्षामंत्री दिलावर

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में हिजाब विवाद बढ़ता जा रहा है। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हिजाब पहनने पर स्कूल में प्रवेश नहीं मिलेगा। शिक्षामंत्री ने कहा- ज्ञानवापी तो झांकी है। मथुरा-काशी बाकी है। अकबर महान नहीं, बलात्कारी था। अकबर ने मीना बाजार में मां और बहनों को उठाने का काम किया। वह महान कैसे हो सकता है। शिक्षामंत्री ने कहा कि जानबूझकर अगली पीढ़ी को गलत दिशा देने की कोशिश की जा रही है। मैं सिलेबस को चेंज करने का पक्षधर नहीं, लेकिन महापुरुषों को नीचा दिखाने की कोशिश करने वाले अंशों को जरूर हटाया जाएगा। मदन दिलावर ने कहा कि देश की जनता लगातार बात करती आई है कि ये (अयोध्या) तो पहली झांकी है, मथुरा-काशी बाकी है। जब तक श्री कृष्ण भगवान के जन्म स्थल पर उनका भव्य मंदिर नहीं बन जाता, तब तक वो एक समय ही भोजन करेंगे और माला नहीं पहनेंगे।

मदन दिलावर ने कहा कि वो किसी भी तरह के सिलेबस को चेंज करने के पक्ष में नहीं है, लेकिन जानबूझकर अगली पीढ़ी को गलत दिशा देने की कोशिश की जा रही है। पूर्वजों के बारे में भ्रामक जानकारियां दी जा रही है। महापुरुषों को नीचा दिखाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे अंशों को सिलेबस से हटाया जाएगा। अकबर महान है तो वो क्यों महान है ? वो तो मीना बाजार लगाकर मां-बहनों को उठा ले जाता था, उनके साथ अनैतिक हरकते करता था। वो महान कैसे हो सकता है ? महाराणा प्रताप तो हमेशा देश और मेवाड़ के लिए लड़े हैं, तो उनसे लड़ने वाला देश का हितकारी कैसे हो सकता है ? उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले सुना था कुछ पुस्तकों में पढ़ाया जा रहा था कि चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह आतंकवादी हैं। अगर हमारे देशभक्त क्रांतिकारियों को आतंकवादी पढ़ाएंगे तो बच्चों के मन पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? उनकी दिशा क्या हो जाएगी ? वीर सावरकर तो देशभक्त है ही नहीं, ये कैसे मान लेंगे ? ऐसे अंश होंगे तो उनकी समीक्षा कर रहे हैं, कोशिश करेंगे की उन अंशों को हटाया जाए। स्कूलों के होनहार छात्रों को साइकिल, लैपटॉप, टैबलेट देने की योजना पर उन्होंने कहा कि साइकिल देने की प्रक्रिया जारी है। बाकी लैपटॉप- टैबलेट के विषय में मुख्यमंत्री से बात करेंगे, उसके बाद ही फैसला लिया जाएगा। जहां तक साइकिलों के रंग को कांग्रेस शासन काल में भगवा से काला करने का सवाल है तो ये सारी कांग्रेस ही काली है।इसलिए वो काला-काला करेगी ही, लेकिन अभी पूरा देश राममय हो रहा है। सभी महापुरुषों के पास जितने भी झंडे थे, सब भगवा ही थे। उगते सूर्य से लेकर, प्रवलित अग्नि तक सबका रंग भगवा ही है। जब सारी सृष्टि ही भगवा से जगमगाती है तो दूसरी और चीज भगवमयी क्यों ना हो. साइकिल भी भगवा हो जाएगी, तो क्या दिक्कत है। स्कूलों में हिजाब को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने कोई नया आदेश जारी नहीं किया।पहले से आदेश है कि विद्यालयों में विद्यार्थियों को अपनी ड्रेस (पोशाक, गणवेश) पहन कर जाना चाहिए।यही आग्रह है कि विद्यालय में विद्यार्थियों को अपनी गणवेश में ही आना चाहिए। ये आदेश पहले से दिए हुए है। इसमें उनका कोई नया आदेश नहीं है। ये कांग्रेस के राज में भी था और बीजेपी के राज में भी है। पहले भी था और अभी भी है। मदन दिलावर ने कहा कि पॉलिसी बनाने में टाइम लगता है, इतना जल्दी पॉलिसी बनाना संभव नहीं है, लेकिन कोशिश करेंगे की आगामी समय में पॉलिसी तैयार कर मंत्रिमंडल में जाए और मंत्रिमंडल इस पर जो भी फैसला ले, वैसा काम किया जाए।



## मुन्ना भाई की खैर नहीं, पेपर लीक के खिलाफ कानून की तैयारी; 1 करोड़ लगेगा जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
परीक्षाओं में धांधली रोकने और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। खबर है कि सोमवार को संसद में इससे जुड़ा विधेयक भी पेश हो सकता है। खास बात है कि बजट सत्र के शुरुआत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी अभिभाषण में पेपर लीक के खिलाफ कानून का जिक्र किया था। खबर है कि इसमें 10 साल की जेल और एक करोड़ रुपये जुर्माने जैसे कड़े प्रावधान शामिल हैं।

सरकारी नौकरियों और केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाओं में गलत संसाधनों के इस्तेमाल के खिलाफ नए विधेयक की तैयारी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रस्तावित कानून का मकसद माफिया समेत ऐसे संस्थानों और लोगों पर नकेल कसना है, जो पेपर लीक, किसी और से परीक्षा दिलाने, कंप्यूटर हैकिंग में शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, तय अभ्यर्थी के स्थान पर किसी और को परीक्षा दिलाने, पेपर सॉल्व कराने, केंद्र के अलावा कहीं और परीक्षा आयोजित करने या परीक्षा से जुड़ी धोखेबाजी की जानकारी नहीं देने वालों को 3 से 5 सालों की सजा हो सकती है। साथ ही 10 लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

कहा जा रहा है कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा करा रहा सर्विस प्रोवाइडर अगर गलत कामों में शामिल पकड़ा जाता है, तो 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लग सकता है। साथ ही उसपर 4 सालों के लिए परीक्षा आयोजित कराने पर भी रोक लग सकती है। ऐसी कंपनी का अगर शीर्ष प्रबंधन भी इस तरह के कामों में लिप्त पाया जाता है, तो 3 से 10 सालों की जेल और 1 करोड़ रुपये जुर्माना लगाया जा सकता है। पीटीआई भाषा के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) विधेयक, 2024 सोमवार को संसद में पेश किया जा सकता है, लेकिन अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल में इस विधेयक को मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित विधेयक में विद्यार्थियों को निशाना नहीं बनाया जाएगा, बल्कि इसमें संगठित अपराध, माफिया और साठगांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। विधेयक में एक उच्च-स्तरीय तकनीकी समिति का भी प्रस्ताव है, जो कम्प्यूटर के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें करेगी। यह एक केंद्रीय कानून होगा और इसके दायरे में संयुक्त प्रवेश परीक्षाएं और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाएं भी आएंगी। इससे पहले, बजट सत्र की शुरुआत पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। उ



## कमाई कम और भारत जोड़ो यात्रा पर ही खर्च हुआ कांग्रेस का 30 पर्सेंट बजट, फंडिंग में बड़ी गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सितम्बर 2022 से जनवरी 2023 के बीच कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किलोमीटर की राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर कांग्रेस ने कुल 71.8 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जो उसके सालाना खर्च का 15.3 फीसदी है। यह रकम 2022-23 के दौरान पार्टी के प्रशासनिक और सामान्य खर्चे का कुल 30 फीसदी से ज्यादा है। चुनाव आयोग के पास दाखिल पार्टी की नवीनतम वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। टीओआई के एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में कांग्रेस की कुल आमदनी वित्त वर्ष 2021-22 में 541 करोड़ रुपये से गिरकर 452 करोड़ रुपये पर पहुंच गई जबकि इसी अवधि में इसका खर्च 400 करोड़ रुपये से बढ़कर 467 करोड़ रुपये हो गया। चुनाव आयोग द्वारा बुधवार को सार्वजनिक की गई पार्टी की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 2021-22 में चुनावी बांड के माध्यम से कांग्रेस की कुल प्राप्तियां 236 करोड़ रुपये थी, जो 2022-23 में घटकर 171 करोड़ रुपये रह गई हैं। यह इसके कुल दान का 63फीसदी और इसकी कुल आय का मात्र 38त्न है।

अब तक, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए छह राष्ट्रीय दलों में से पांच - आप, बसपा, सीपीएम, नेशनल पीपुल्स पार्टी और कांग्रेस की ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग ने सार्वजनिक की हैं। बीजेपी की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है।

71.8 करोड़ रुपये और चुनावों पर 192.5 करोड़ रुपये खर्च किए। पिछले वित्त वर्ष में चुनावों पर खर्च 279.5 करोड़ रुपये था। पार्टी के प्रशासनिक और सामान्य खर्चों में 2021-22 की तुलना में 161त्न की बढ़ोतरी देखी गई। इस साल पार्टी की तरफ से यात्रा के रूप में एक नई पहल और चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों पर खर्च में तेज वृद्धि देखी गई है।

## कांग्रेस ने मुंबई की 3 सीटों पर ठोका दावा

**मुंबई, एजेंसी।**
इंडिया गठबंधन के लिए सीट शेयरिंग बड़ी चुनौती बनती जा रही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने एक भी सीट देने से इनकार कर दिया है। वहीं, पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी अकेले लड़ने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र में भी बंटवारे की राह आसान नहीं दिख रही है। कांग्रेस ने मुंबई की कुल छह सीटों में से तीन पर दावा ठोक दिया है। इसके कारण महा विकास अघाड़ी में शामिल एनसीपी और शिवसेना (उद्धव) के बीच आम सहमति नहीं बन पा रही है।

उद्धव ठाकरे की शिवसेना कांग्रेस के दावे को सिरे से खारिज कर दिया और केवल एक सीट देने के लिए तैयार है। आपको बता दें कि हाल ही में कांग्रेस के दिग्गज नेता मिलिंद देवड़ा ने इसी मुद्दे पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।



हालांकि, कांग्रेस के एक शीर्ष नेता का कहना है कि 38 सीटों पर सहमति बन गई है। उन्हें इस बात की उम्मीद है कि 2 फरवरी को एमवीए की अगली बैठक में शेष सीटों पर अधिकांश विवादों का समाधान हो जाएगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर कोई फैसला नहीं होता है तो एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, यूबीटी सेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और एआईसीसी पर्यवेक्षक रमेश चेन्निथला सीट बंटवारे को लेकर विवाद सुलझाएंगे। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछली एमवीए बैठक के दौरान, कांग्रेस नेताओं ने मुंबई की तीन सीटों (उत्तर-मध्य, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-मध्य ) पर दावा किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से पूनम महाजन ने उत्तर-मध्य से, शिवसेना के उम्मीदवार गजाजन कीर्तिकर ने उत्तर-पश्चिम से और शिवसेना के ही राहुल शेवाले ने दक्षिण-मध्य सीट से जीत हासिल की थी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना इन सीटों को अपना गढ़ मानती है। उसने कांग्रेस को सिर्फ मुंबई उत्तर सीट की पेशकश की है।

## पाकिस्तान में आम चुनाव से ठीक पहले जनता पर गिरा महंगाई बम, पेट्रोल के दाम में फिर लगी आग

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले कार्यवाहक सरकार ने एक बार फिर जनता पर मंहगाई बम फोड़ दिया है। सरकार ने बुधवार को अगले पखवाड़े के लिए पेट्रोल की कीमत में13.55 प्रति लीटर पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) की बढ़ोतरी की है। वित्त विभाग की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल की नई कीमत अब 259.34 पीकेआर की पिछली कीमत से 272.89 प्रति लीटर पीकेआर है। हाई-स्पीड डीजल की कीमत 2.75 पीकेआर बढ़ाकर 278.96 प्रति लीटर पीकेआर कर दी है। अधिसूचना में लाइट-डीजल तेल और केरोसिन तेल की कीमतों में किसी बदलाव का जिक्र नहीं किया गया है।

पेट्रोल की कीमत में बढ़ोतरी पहले की अपेक्षा से अधिक है। उच्च अंतर्राष्ट्रीय कीमतों और आयात प्रीमियम के कारण अगले पखवाड़े में पेट्रोल और एचएसडी की कीमतें 5-9 पीकेआर प्रति लीटर तक बढ़ने का अनुमान लगाया गया था, जिससे मामूली विनिमय दर लाभ का प्रभाव समाप्त हो गया। डॉन न्यूज ने जानकार सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि पिछले एक पखवाड़े में अंतरराष्ट्रीय बाजार में दोनों प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में बढ़त के बावजूद पाकिस्तान स्टेट ऑयल को भी अधिक आयात प्रीमियम का भुगतान करना पड़ा है।



परिणामस्वरूप, अंतिम विनिमय दर गणना के आधार पर, एचएसडी की कीमत पीकेआर 4-6 प्रति लीटर और पेट्रोल की कीमत पीकेआर 6.5 से 9 प्रति लीटर तक बढ़ने की उम्मीद थी। हालांकि, केरोसीन और एलडीओ की कीमतें अपरिवर्तित रहने की उम्मीद थी। अधिकारियों ने कहा था कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमत 3 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक घटकर 83 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से 86.5 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है,।

## मुआवजे को लेकर सवालों को टाल गए जुकरबर्ग, मांगी माफी, सीनेट में सोशल मीडिया कंपनियों को सांसदों ने घेरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में सोशल मीडिया मंचों के प्रमुखों की कैपिटल हिल में हो रही सुनवाई के दौरान मेटा के मुखिया मार्क जुकरबर्ग से सीनेटर जोश हॉले ने पूछा, क्या वे दिवंगत बच्चों के माता-पिता को मुआवजा देंगे? जुकरबर्ग परेशान नजर आए। फिर सवाल को टालते हुए बोले, मेरा काम अच्छे टूल बनाना है। तभी एक मां ने अपने दिवंगत बच्चे की तस्वीर उठाकर सबका ध्यान खींचा और जुकरबर्ग से पूछा कि क्या उन्होंने इन माता-पिता से माफी मांगी? क्या अब मांगेंगे? जुकरबर्ग खड़े हुए और माता-पिता से माफी मांगी। दिवंगत बच्चों के अभिभावकों ने नाराजगी जताई। वहीं, अमेरिका के कम्युनिकेशन डीसेंसी एक्ट की धारा 230 को खत्म करने की मांग ग्राहम सहित कई सांसदों ने की। यह धारा सोशल मीडिया पर तीसरे पक्ष की सामग्री के लिए कंपनी के मालिकों को जिम्मेदार नहीं मानती। सीनेटर माइक ली ने जुकरबर्ग से पूछा, उनके मंच से यौन सामग्री कैसे फैलती है? जुकरबर्ग ने कहा, हम अनुमति नहीं देते। ली ने फिर सवाल किया, तो रोक के बाद भी इसे कैसे फैला रहे हैं? सीनेटर रिचर्ड ने मेटा के वैश्विक मामलात निदेशक निक क्लेग के ई-मेल दिखाए। क्लेग ने बताया मेटा उस वक्त एक तिमाही में 9,200 करोड़ डॉलर कमा रही थी, लेकिन सुरक्षा पर पांच करोड़ डॉलर भी नहीं खर्च सकी। डिस्कॉर्ड के सीईओ जेसन सिट्रन ने कहा, उन्होंने वीडियो गेम खेलने वालों को आपस में जोड़ने और दोस्ती बढ़ाने के लिए मंच बनाया था। अपने मंच पर एन्क्रिप्शन का विरोध करते हुए उन्होंने कहा, इससे बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए कदम विफल हो जाएंगे। स्नैप के सीईओ इवान स्पीगल ने कहा, वह बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री सर्च करने का विकल्प खत्म करेंगे। उन्होंने बताया, 2023 में कंपनी ने बच्चों के शोषण की 6.90 लाख शिकायतें कीं, एक हजार आरोपी गिरफ्तार हुए। टिकटॉक सीईओ शो जी च्यू ने 2024 में 200 करोड़ डॉलर निवेश कर प्लेटफॉर्म को सुरक्षित बनाने का दावा किया। एक्स सीईओ लिंडा यक्कारिनो ने कहा कि उनका प्लेटफॉर्म बच्चों या किशोरों के लिए नहीं है। बताया, नीतियों का उल्लंघन करने वाले 1.24 करोड़ अकाउंट पिछले साल डिलीट किए गए।



## चीनी हैकर्स के निशाने पर अमेरिका का बुनियादी ढांचा, एफबीआई डायरेक्टर ने जताई चिंता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** चीनी हैकर्स अमेरिकी मूलभूत सुविधाओं को निशाना बना रहे हैं। इसमें जलशोधन संयंत्र, बिजली ग्रिड, परिवहन सेवा सहित देश के अन्य महत्वपूर्ण मूलभूत सुविधा प्रदान करने वाले क्षेत्र शामिल हैं। एफबीआइ के डायरेक्टर क्रिस रे इसे लेकर सांसदों को जानकारी देंगे।



चीन पर हाउस सेलेक्ट कमेटी के समक्ष तैयार की गई टिप्पणियों की एक प्रति के अनुसार साइबर खतरे पर सार्वजनिक रूप से बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है। चीन के हैकर्स अमेरिकी बुनियादी ढांचे पर तबाही मचाने और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की तैयारी में हैं।

यह फैसला चीन को करना है कि हमला का समय कब होगा। ये टिप्पणियां माइक्रोसाफ्ट सहित अन्य साइबर सुरक्षा फर्मों के आकलन के अनुरूप हैं, जिन्होंने मई में कहा था कि राज्य समर्थित चीनी हैकर अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को लक्षित कर रहे हैं और भविष्य के संकटों के दौरान अमेरिका और एशिया के बीच महत्वपूर्ण संचार के संभावित व्यवधान के लिए तकनीकी आधार तैयार कर सकते हैं।

**चीनी सरकार ने समिति की आलोचना की:** रे ने कहा कि हर दिन वे सक्रिय रूप से हमारी आर्थिक सुरक्षा पर हमला कर रहे हैं। वे हमारे नवाचार और हमारे व्यक्तिगत और कार्पोरेट डेटा की चोरी में संलग्न हैं। विस्कान्सिन के रिपब्लिकन प्रतिनिधि माइक गैलाघेर की अध्यक्षता में समिति की स्थापना पिछले साल चीन का मुकाबला करने के लिए की गई थी। चीनी सरकार ने समिति की आलोचना करते हुए मांग की है कि इसके सदस्य अपने वैचारिक पूर्वाग्रह की मानसिकता को त्यागें।

### सेना की मददगार चीनी कंपनियों को पेंटागन ने लगाई फटकार

रायटर के अनुसार अमेरिका ने चीन की करीब एक दर्जन कंपनियों पर अपने देश की सेना पीएमए की गलत तरीके से मदद करने का आरोप लगाते हुए फटकार लगाई है। इस सिलसिले में पेंटागन ने संदेह के घेरे में आई कुछ कंपनियों की सूची तैयार की है। सूची में जोड़े गए नामों में मेमोरी चिप निर्माता वाईएमटीसी, आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस कंपनी मेगवी, लिडार निर्माता हेसाई टेक्नोलॉजी और टेक कंपनी नेटपोसा शामिल हैं। इस कवायद को विश्व की दो महाशक्तियों के बीच तनाव को और बढ़ाने वाला माना जा रहा है।

## अमेरिका ने इराक के आतंकी गिरोह इस्लामिक रेजिस्टेंस को ठहराया जिम्मेदार, जवाबी हमले की तैयारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** जॉर्डन में ड्रोन हमले को लेकर अमेरिका के व्हाइट हाउस से आधिकारिक बयान सामने आया है, जिसमें इराक के एक आतंकी समूह इस्लामिक रेजिस्टेंस को इसका जिम्मेदार ठहराया गया है। बताया जा रहा है कि यह उग्रवादियों का एक ऐसा समूह है जिसने तीन अमेरिकी सेवा सदस्यों की जान ले ली थी।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, हमारा मानना है कि जॉर्डन में हमले की योजना, संसाधन और सुविधा इराक में इस्लामिक रेजिस्टेंस नामक एक समूह द्वारा बनाई गई थी, जिसमें कताइब हिजबुल्लाह सहित कई समूह शामिल हैं। किर्बी ने कहा कि कताइब हिजबुल्लाह पूरी तरह से दोषी नहीं है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकी समूह अमेरिकी ठिकानों पर पिछले हमलों की जिम्मेदारी साझा करता है। बता दें कि हमास द्वारा इस्राइल पर 7 अक्तूबर के हमले के बाद से हुए कई हमलों में से जॉर्डन में अमेरिकी सेना पर ड्रोन हमला एक महत्वपूर्ण घटना थी। उन्होंने आगे बताया कि यह पहली बार है जब हमले के बाद मध्य पूर्व में सीधी गोलीबारी में अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है। हमले में गंवाई इन सदस्यों ने जान इस हमले में दिवंगत हुए सेवा सदस्यों की पहचान कैरोलटन, जॉर्जिया के 46 वर्षीय सार्जेंट विलियम रिवर के रूप में की गई। इसके अलावा जान गंवाने वालों में वेक्रॉस, जॉर्जिया के 24 वर्षीय सार्जेंट कैनेडी सैंडर्स और सवाना, जॉर्जिया की 23 वर्षीय सार्जेंट ब्रियोना मोफेट शामिल थे। आर्मी रिजर्व के अनुसार, सैंडर्स और मोफेट को मरणोपरांत विशेषज्ञ के पद से सार्जेंट के पद पर पदोन्नत किया गया था। राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्यक्तिगत रूप से तीन सेवा सदस्यों के परिवारों से बात की और शुक्रवार को डोवर वायु सेना बेस में उनके सम्मानजनक स्थानांतरण में शामिल होंगे। तीन मौतों के अलावा, 40 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनमें से तीन व्यक्तियों को आगे के इलाज के लिए जर्मनी के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जबकि एक की हालत स्थिर और एक की गंभीर बनी हुई है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129